माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

अयोध्या
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 180, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 16

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 2

एक नजर

ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2

नई दिल्ली। ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं।

पिल्ले को ऊंचाई से फेंका, मामला दर्ज

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

- अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव
- प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व
- औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन

अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

'फर्जी' वेब सिरीज देखकर छाप डाले 4 लाख के नकली नोट

हैदराबाद। हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने और उन्हें चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए गए हैं।

- हैदराबाद पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

पुलिस इंस्पेक्टर अंजनेयुलु के मुताबिक मुख्य अभियुक्त वनम लक्ष्मीनारायण ने नकली नोट छापने के लिए एक स्क्रीन प्रिंटर, ग्रीन फॉइल पेपर, जेके एक्सेल बॉन्ड पेपर, कटर और एक लेमिनेशन मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने वेब सिरीज ''फर्जी'' से प्रेरित होकर नकली नोट छापे और उन्हें बाजार में चलाने का काम किया।

मुख्य अभियुक्त के कथित दोस्त एरुकला प्रणय कुमार को फल-सब्जी बाजार में 20 हजार के नकली नोट चलाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के पास से 500 रुपये के 810 नकली नोट जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने प्रिंटर, स्कैनर और अन्य चीजें भी जब्त की हैं।

भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी
- मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट

अमृत विचार : यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।

एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

विदेश मंत्रालय भी जांच में शामिल

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से प्रदेश के कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। वहीं अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आसपास के जनपदों के तापमान में भी एक से दो डिग्री का बदलाव देखने को मिला है।

- कई दिनों से खिली धूप हुई नदारद, आलोवृष्टि की चेतावनी

पश्चिमी जिलों में वज्रपात के आसार

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आगे भी बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई हैं कि बारिश के साथ कहीं-कहीं सतही हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा शाहजहांपुर

गिरते तापमान के बीच प्रदेश का सबसे ठंडा शहर शाहजहांपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कानपुर ग्रामीण का न्यूनतम श्रेणी में अधिकतम तापमान 14 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

बरेली में छाया रहेगा कोहरा : मौसम वैज्ञानिक के अनुसार सोमवार को बरेली, पीलीभीत जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी।

उत्तराखंड में यूसीसी का ड्राफ्ट कैबिनेट से मंजूर

ब्यूरो, देहरादून

- विधानसभा के आज से शुरू हो रहे सत्र में रखा जाएगा मसौदा

अमृत विचार : प्रदेश कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर मसौदे को रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर मंजूरी दे दी, साथ ही विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड या समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है। आसान भाषा में कहा जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए कानून एक समान होगा। यह संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है।

वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। केंद्रीय बजट पर कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है।

आतिशी को दिया नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

- गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम

अमृत विचार : कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है। इस अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हैं।

- 10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा पशुपालन विभाग से भरण-पोषण का बजट
- कहीं उधार लेकर तो कहीं निजी संसाधनों से भर रहे गोवंश का पेट

> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> - **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

कई जिलों ने वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव भी नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम
- 22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

अमृत विचार : राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

इस्लामाबाद, एजेंसी

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।

अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी। थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। बताते हैं कि ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। परिषद के 15 में से करीब 12 सदस्यों ने कहा था कि उनकी नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे।

समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की जरूरत है।

सुबह के सत्र में जेम्स एंडरसन ने दो विकेट चटकाकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में हल्की सी बाहर की ओर जाती गेंद पर रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। उन्होंने अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट को कैच कराया। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिल और अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए और लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।

बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का रूट बो एंडरसन	17	27	3/0
रोहित शर्मा बो एंडरसन	13	21	3/0
शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर	104	147	11/2
श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले	29	52	2/0
रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान	9	19	1/0
अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले	45	84	6/0
कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान	6	28	1/0
रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान	29	61	2/1
कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले	0	5	0/0
जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले	0	26	0/0
मुकेश कुमार नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 03, **कुल :** 78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन :** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी :** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली नाबाद	29	50	3/1
बेन डकेट का भरत बो अश्विन	28	27	6/0
रेहान अहमद नाबाद	9	8	2/0

अतिरिक्त : 1, **कुल :** 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन :** 1-50, **गेंदबाजी :** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

खेल डायरी

पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

सोलापुर (महाराष्ट्र)। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा। शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।

माली को 2-1 से हराकर आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में

बोआके (आइवरी कोस्ट)। ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गए गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई। साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा। डियाकिट ने इसके बाद मैच के 122वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच के अंत में डियाकिट और माली के हमारी तराओरे को लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर किया गया।

ईरान एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

अल रेयान (कतर)। अलीरेजा जहानबख्श के अंतिम मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत ईरान ने शनिवार को जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। ईरान ने 2004 के बाद से सिर्फ दूसरी बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। ईरान सेमीफाइनल में टूर्नामेंट के मेजबान कतर से भिड़ेगा, जिसने उज्बेकिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज की। जहानबख्श ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर ईरान की जीत सुनिश्चित की। ईरान की नजरें 1976 के बाद अपना पहला और कुल चौथा एशियाई कप खिताब जीतने पर टिकी हैं। जापान को पहले हाफ में हिदेमासा मोरिता ने बढ़त दिलाई थी लेकिन मोहम्मद मोहेबी ने 55वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरी तरफ कतर और उज्बेकिस्तान के खिलाफ मुकाबला काफी करीबी रही। गत चैंपियन कतर को 27वें मिनट में हसन अल हेदोस ने बढ़त दिलाई। ओदिलजोल हामरोबेकोव ने 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान को बराबरी दिला दी। पेनल्टी शूट आउट में दोनों गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पेड्रो मिगुएल ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर कतर की जीत सुनिश्चित की।

पैरा निशानेबाजी विश्व कप का आयोजन खतरे में

खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी

मंत्रालय का कहना है कि समिति के चुनाव में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था। कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि मंत्रालय को सूचित किया गया है कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन पहली बार भारत को आवंटित पैरा विश्व कप के कारण चुनाव स्थगित करने पड़े। पैरा विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। टूर्नामेंट का आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा कर देगा। कहा कि हम सरकार से कोई पैसा नहीं लेते हैं लेकिन सबसे बड़ी बाधा प्रायोजक हैं, उनमें से कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं, जो अब शायद भुगतान जारी न करें।

मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

अहमदाबाद, एजेंसी

403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, मुलानी ने झटके 5 विकेट

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

बॉलीवुड हलचल

लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं



फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़



बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी

सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

एक नजर

आयुष्मान भव मेले में हुआ 22 मरीजों का परीक्षण

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : सीएचसी बीकापुर में रविवार को साप्ताहिक आयुष्मान भव मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने किया। सर्दी, जुकाम, बुखार, शरीर दर्द आंख की बीमारी से संबंधित 22 मरीजो ने उपचार कराया। डॉ. अनुराग गुप्ता, डॉ. प्रतीक्षा वर्मा, डॉ. शादाब, डॉ. गौरव शुक्ला फार्मासिस्ट गिरधारी लाल, एएनएम नीलम, जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल रहे।

छेड़छाड़ और धमकी मामले में केस दर्ज

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली रुदौली के एक गांव में विवाहिता ने घर में घुस कर छेड़छाड़ करने वाले युवक और उसके परिजनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर कहा है कि एक फरवरी की शाम गांव के मोनू उर्फ मंजीत घर में घुस आए और छेड़छाड़ की। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर मोनू, मां मीना, बेटी कोमल विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

आज से शुरू हो जाएगा मंदिर निर्माण के दूसरे चरण का काम

निर्माण कार्यों के दौरान जारी रहेगा रामलला का दर्शन-पूजन ▶ निर्माण समिति के अंतिम दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने दी जानकारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा महोसत्व सम्पन्न होने के बाद राम मंदिर के रुके हुए निर्माण कार्यों की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। दूसरे फेज में राम मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल का कार्य होगा। परकोटे का भी निर्माण हो रहा है। निर्माण कार्य के दौरान रामलला का दर्शन-पूजन श्रद्धालु बिना बाधा के कर सकेंगे। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण कार्यों और जन्मभूमि परिसर को विकसित किए जाने की योजना पर मंथन हुआ है।

उन्होंने बताया कि सोमवार से जन्मभूमि परिसर में दूसरे फेज के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके अलावा परिसर में 70 एकड़ में निर्मित होने वाले यज्ञशाला या ऑडिटोरियम का उपयोग श्रद्धालु कर सकेंगे, इस पर भी गहनता से मंथन किया गया है। बताया कि जन्मभूमि परिसर से जुड़े स्थल पर एक ऑडिटोरियम तैयार करने की योजना है। ऑडिटोरियम में किसी कार्यक्रम के दौरान एक साथ पांच सौ लोग उपस्थित रह सकें। जल्द ही इसका विस्तृत विवरण सामने आ जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में 14 लॉकर काउंटर चल रहे हैं। एक लाकर काउंटर पर 360 लोगों के समान जमा हो रहा है। जल्द ही 12 नए काउंटर खोले जाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उसी स्थान पर एक हजार लोगों के विश्राम करने की व्यवस्था भी बनाई गई है। जहां बैठने के लिए फर्नीचर भी लगाया जा चुका है। आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं के चरण पादुकाओं को भी रखने के लिए अलग से व्यवस्था उपलब्ध होगी। यह सभी सुविधाएं अगले 3 माह में मिलने लगेंगी।

प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु उठा रहे चिकिसीय सुविधाओं का लाभ

राम जन्मभूमि परिसर में योग्य चिकित्सकों के निगरानी में अस्पताल का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु सहित परिसर में कार्य करने वाले वर्कर इसका लाभ उठा रहे हैं। डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में 10 बेड, दो आईसीयू बेड और दो एंबुलेंस भी उपलब्ध है। अस्पताल में ट्रस्ट ने सेवानिवृत्ति चिकित्सकों को रखा है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी सुविधा प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में कुल 15 चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है।

प्रतिदिन श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जा रहा अलग-अलग प्रसाद

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद वितरित किए जा रहे हैं। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भक्तों के भाव के अनुरूप ट्रस्ट प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। राम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त को प्रसाद चढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रतिदिन प्रत्येक श्रद्धालु को अलग-अलग प्रसाद के रूप में लड्डू, बूंदी, इलायची दाना उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आगे भी इसी तरह से प्रसाद लोगों को मिलता रहेगा।

23 जनवरी से अब तक आया 11 करोड़ रुपये का दान

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों के दान की प्रक्रिया भी बढ़ती जा रही है। ट्रस्ट के मुताबिक 23 जनवरी से तीन जनवरी तक रामलला को 11 करोड़ रुपए दान प्राप्त हुए हैं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु नगद, चेक और यूपीआई के माध्यम से दान कर रहे हैं। इसके अलावा विदेशों से भी दान प्राप्त हो रहे हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में होंगे पांच द्वार

राम मंदिर परिसर में पांच द्वार बनाए जाने की योजना श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयार की जा रही है। आर्किटेक्ट के द्वारा इन द्वारों को बनाए जाने के लिए स्थान का चिनांकन कर उनके मॉडल और नक्शे को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए यूपी आरएनएन को जिम्मेदारी दी गई है।

अगले एक वर्ष में दिव्य स्वरूप में दिखेगा रामकथा संग्रहालय

उत्तर प्रदेश के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया है। अब इस संग्रहालय में आने वाले पर्यटकों श्रद्धालुओं के लिए तमाम व्यवस्थाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की तैयारी को लेकर नृपेंद्र मिश्र निर्माण इकाइयों के साथ योजना तैयार कर रहे हैं। अगले एक वर्ष में राम कथा संग्रहालय श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तुत किया जा सके। इस पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

राग महोसत्व : मैहर बैंड ने प्रस्तुत किये राम भजन

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आयोजित राग महोत्सव के तहत रविवार को सतना मध्य प्रदेश के प्रख्यात मैहर बैंड ने श्रीराम भजन के साथ शास्त्रीय वाद्यवृंद के सुमधुर वादन प्रस्तुत कर श्री रामलला के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

सिद्धी विनायक के ट्रस्टी ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : मुंबई के सिद्धी विनायक मंदिर के ट्रस्टी राजाराम देशमुख रविवार को फ्लाइट से अयोध्या पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत हुआ। वह वहां से सीधे हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद महाराष्ट्र के रामभक्तों में खुशी की लहर है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को 11 फ्लाइट आई और गई।

25 एमएम हुई बरसात, 15 तक रहेगी सुबह और शाम की ठंड

09 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

▸▸ आज भी हल्की बारिश की संभावना फसलों के लिए साबित होगी संजीवनी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में रविवार को दिन भर रिमझिम बरसात होती रही। बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ठंड बढ़ने के कारण लोग घरों में दुबके रहे। कुछ निकले भी तो अलाव के पास खड़े नजर आए। छुट्टी का दिन होने के बावजूद में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो फसलों के लिए बारिश का पानी संजीवनी साबित होगा। सोमवार को भी हल्के बादल छाए रहने व कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना है। 15 फरवरी तक सुबह-शाम की ठंड रहेगी। उसके बाद तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।

सुबह से ही बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू हो गया था। दस बजे के बाद एक दम से रिमझिम बरसात शुरू हो गई, जो शाम तक जारी रही। कुमारगंज और बीकापुर में सबसे कम बारिश हुई। चार बजे के बाद सूर्य देव ने बादलों की ओट से थोड़ी देर तक निहारा, लेकिन राहत न दे सके। बारिश के कारण गलियों में जलभराव हो गया। निर्माण कार्य स्थल कीचड़ से लथपथ दिखे। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्विवद्यालय के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि शाम तक 25 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। सोमवार को दोपहर बाद से मौसम खुल जाएगा। पछुवा हवाएं लगातार चलेंगी। इस सीजन में बारिश के साथ ओले भी गिरते हैं। अगर ओले गिरे तो फसलों को बड़ा नुकसान होगा।

बारिश के बीच रामलला के दर्शन को जाते श्रद्धालु।

बारिश के बीच हनुमानगढ़ी पर एक किमी लंबी लाइन

सुबह से शाम तक बारिश होने के बावजूद भक्तों का हौसला नहीं डिगा। हनुमानगढ़ी पर बारिश में भी श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। लगभग एक किमी लंबी लाइन में लगकर बजरंगबली का दर्शन किया। यही स्थिति जन्मभूमि पथ पर भी देखने को मिली।

गेहूं के लिए फायदेमंद, सरसों-आलू के लिए नुकसान

सरसों के फूलों को बारिश से नुकसान पहुंच सकता है।

पूराबाजार/रुदौली। बेमौसम हुई बरसात से आलू व सरसों की फसलों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मोहतशिमपुर के किसान अशोक पटेल, विजय, सराय चैमल के किसान चंद्रपाल, शोभाराम, अंजना के किसान सोनू, सदानंद, सुरेश बताते हैं कि आलू लगभग तैयार हो गई है। बरसात के नुकसान होगा। सरसों के फूलों पर भी प्रभाव पड़ेगा। रुदौली के काशीपुर के शिव नारायण लोधी ने बताया कि गेहूं, दलहनी, तिलहन की फसल को नुकसान नहीं होगा। गेहूं की सिंचाई अब नहीं करेगे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर युवक की मौत

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पासिनपुरवा के निकट शनिवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक टिकैतनगर के सराय बरई का रहने वाला युवक सबरजीत पुत्र राम संजीवन शनिवार रात शुजागंज से लौट कर घर जा रहा था। भेलसर टिकैननगर मार्ग पर पासिनपुरवा के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे रुदौली सीएचसी से लखनऊ रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा।

निकाह न हुआ तो वायरल की युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : दहेज की मांग को लेकर शादी से इंकार करने वाले युवक ने युवती का निकाह दूसरे युवक से होते ही उसकी आपत्ति जनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। युवती के पति ने पटरंगा थाने में आरोपी युवक, मां और भाई पर केस दर्ज कराया है। पीड़ित पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के निकाह की बात पहले मो. अनस आयाज निवासी मिया का पुरवा मजरे पुरेशाहलाल थाना पटरंगा से चल रही थी। फोटो का आदान-प्रदान हुआ था। अनस आयाज के घर वालों के दहेज मांगने पर निकाह नहीं हुआ। निकाह तय होने के बाद से निकाह तोड़ने का दबाव अनस बनाने लगा। निकाह के बाद से उसकी पत्नी की तस्वीरों से छेड़छाड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया है। अनस, मां, भाई और परिवार के सदस्य जानने वालों, रिश्तेदारों से जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

12 को बहनों की शादी, भाई दर्शन को उड़ीसा से पैदल पहुंचा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: रामलला के दर्शन के श्रद्धालुओं की आस्था का क्या कहना। कोई साइकिल से चला रहा है तो कोई पैदल ही हजार किलोमीटर की दूरी नाप दे रहा है। उड़ीसा से भी एक युवक एक हजार किलोमीटर की यात्रा करके अयोध्या पहुंचा है। अंगुर जिले के रहने वाले शुभम साहू बेहद सर्द मौसम में 4 जनवरी को रामलला के दर्शन के लिए घर से नंगे पांव निकल पड़े। रास्ते में कई जगह उनका स्वागत किया। करीब 33 दिन में उन्होंने यह यात्रा पूरी की।

शुभम शाहू

उन्होंने बताया कि आठ महीने पहले उड़ीसा के शुभम साहू ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर पैदल चलकर अयोध्या आने का संकल्प लिया था। शुभम का कहना है कि वह अपने पिता के इकलौते पुत्र हैं। उनकी दो सगी बहनें हैं और दोनों की शादी 12 फरवरी को होनी है, लेकिन वह घर न जाकर अयोध्या के बाद सीता जी की जन्मस्थली जनकपुर जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने रामलला का दर्शन किया तो यात्रा की सारी थकान दूर हो गई। अयोध्या के इस आनंद को अपने भीतर आत्मसात करने के लिए वे दो दिन अयोध्या में ही रुके हैं।

अयोध्या में कमरा बुकिंग के नाम पर हरियाणा के श्रद्धालु से ठगी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : ऑनलाइन ठगों ने हरियाणा प्रान्त निवासी एक श्रद्धालु को ठग लिया। पीड़ित ने जनपद के साइबर सेल से संपर्क करने के बाद टोल फ्री नंबर पर शिकायत की है और अपने प्रदेश के गुरुग्राम में शिकायत दर्ज कराई है। हरियाणा के यमुनानगर निवासी भारत भूषण का कहना है कि उन्होंने राम जन्म भूमि दर्शन पूजन की योजना बनाई थी। जिसके लिए ऑनलाइन जस्ट डायल वेबसाइट के माध्यम से जानकी महल धर्मशाला में दो मार्च से पांच मार्च के बीच तीन रात्रि के लिए एक कमरा बुक किया। उनको 750 रुपए की दर से कुल 2250 रुपए और 20 रुपए ट्रांजैक्शन चार्ज का भुगतान करना था, अवशेष रकम बाद में जमा करने का वास्ता देकर 2000 रुपए गूगल पे के माध्यम से ट्रस्ट के नंबर पर भुगतान कर दिया। इसके बाद उसी नंबर से फोन आया और खुद को रिसेप्शन मैनेजर पंकज शर्मा बताने वाले शख्स ने कहा कि भुगतान की गई रकम के साथ ट्रांजैक्शन चार्ज का भुगतान नहीं हुआ है। इसलिए मशीन इसे स्वीकार नहीं कर रही ट्रांजैक्शन चार्ज के के साथ रकम का भुगतान कर दीजिए भुगतान की गई रकम 2000 रुपए आपको वापस कर दी जाएगी। उन्होंने वार्ता के तहत 2250 रुपए का भुगतान कर दिया और फिर पहले भुगतान की गई रकम 2000 रुपए वापस करने को कहा तो कथित रिसेप्शन मैनेजर ने अपना मोबाईल स्विच आफ कर लिया।

सार-संक्षेप

स्काउट भवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित शिक्षक को सम्मानित करते पदाधिकारी।

राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक का सम्मान

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राज्य शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए चयनित वरिष्ठ शिक्षक डॉ रमाशंकर पांडेय को माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को सम्मानित किया गया। रविवार स्काउट भवन पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष राम अनुज तिवारी और संचालन जिला मंत्री आलोक ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी, आलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष अनूप पांडेय, रजत चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। सम्मानित शिक्षक डॉ रमाशंकर पांडेय ने कहा यह पुरस्कार मुझे जीवन भर प्रेरणा देता रहेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि अमेठी जनपद से पहली बार किसी शिक्षक को राज्य पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

प्रधान संघ अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : अमानीगंज प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार पांडेय ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगाया है। खंडासा थाना क्षेत्र के भवन नगर ग्राम प्रधान पवन कुमार पांडेय ने आरोप लगाया है कि वह अपने चचेरे भाई अजय पांडेय के साथ गदुरही बाजार से वापस लौट रहे थे। उनके घर से 50 मीटर दूर पहले ही घात लगा कर बैठे कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में प्रधान सहित उनके चचेरे भाई घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष से भी दो लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

विधायक ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के जरुरतमंदों को कंबल वितरित करते विधायक।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने नगर पालिका परिषद के पांच वार्डों के निराश्रित को एक हजार कंबल वितरित किया। कहा निराश्रितों व जरूरतमंदों के लिए संचालित सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिला रहा है। पालिकाध्यक्ष जब्बार अली ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में दो- दो सौ कंबल का वितरण जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी, अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, सभासद महेश कश्यप, रामराज लोधी, गुफरान अहमद, शचींद्र शास्त्री, राजकिशोर सिंह, दुर्गेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

रुदौली ब्लॉक क्षेत्र में आयाजित हुआ जन संसद

अयोध्या। अमृत विचार : कांग्रेस पार्टी के जन संवाद अभियान के राहत रविवार को रुदौली ब्लॉक में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला सचिव तारिक रुदौलवी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी अमरीश पांडे, युवा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पीसीसी सदस्य संजय तिवारी व इरफान खान, ब्लाक अध्यक्ष तेजबली पांडे, नोमान शेख, फैजाज शेख, अफ्फान शेख, इसराइल शेख, वसीम, रामू राजपूत, उबैद शेख, फराज खान, अलाउद्दीन, हन्नान मन्नान, साजन द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र में रविवार को एक विवाहिता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसके देवर ने उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी बाजार निवासी विवाहिता 45 वर्षीय उमा देवी पत्नी सत्यनाम को 12:55 बजे गंभीर हाल में उसका देवर प्रवेश कुमार लेकर आया था। उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। विवाहिता को भर्ती कर अग्रिम विधि कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया गया है।

चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकंलदर पुलिस ने रविवार शाम कुरावां गांव के पास से एक युवक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी व माल बरामदगी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के पलिया शाहबादी गांव निवासी नितिन कुमार यादव की तहरीर पर अंशु सिंह उर्फ बलराम सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

कार्यक्रम रामोत्सव के तहत संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित हुआ कवि सम्मेलन, कवियों ने अपने पाठ से की श्रीराम की आराधना

काव्यपाठ से हुई स्तुति, राम ने खोया बहुत श्रीराम बनने के लिए

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामोत्सव के तहत आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में संस्कृति विभाग की ओर से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रीराम सांस्कृतिक संकुल मंच अयोध्या धाम में आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर के कवियों ने अपने-अपने काव्यपाठ के माध्यम से प्रभु राम की आराधना की और पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया।

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे प्रसिद्ध कवि चिराग जैन ने काव्यपाठ करते हुए सुनाया कि त्याग दी हर कामना निष्काम बनने के लिए, तीन पहरों तक तपा दिन शाम बनने के लिए। घर नगर परिवार ममता प्रेम अपनापन दुलार, राम ने खोया बहुत श्रीराम बनने के लिए। इस पर श्रोताओं ने जमकर उत्साहवर्धन किया। वहीं हास्य कवि शंभू शिखर ने जो लोग राम जी का हैं विरोध कर रहे, बतला के खीर उनको तुम पेट्रोल पिला दो और श्री राम से बड़ा कोई भी मंत्र नहीं है... सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। निकुंज शर्मा ने अपने काव्यपाठ में हे महासागर सुनो कर जोड़ तुमसे, मैं सिया का राम रस्ता मांगता हूं... प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, आनंद सावरण, भजन गायक ओमप्रकाश, आशुतोष द्विवेदी, अभय निर्भीक, रामायण धर द्विवेदी आदि मौजूद रहे। प्रारंभिक संचालन सदक-ए-हुसैन ने किया।

दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन की शुरुआत करते अतिथि।

इन्होंने भी किया काव्यपाठ

कार्यक्रम में डॉ. सुशांत शर्मा ने राम कितना रुचिर है चरित आपका, ज्यों गगन पर उषा की सुघर कल्पना..., राजस्थान के सुनील व्यास ने दुनिया झूम रही है पीकर राम नाम रस प्याली... कवियत्री मनीषा शुक्ला ने शायद मूरत से आ जाएं मानवता में प्राण, तुम्हारे आने से भगवान...पढ़कर सबको भावुक कर दिया। वहीं मथुरा की पूनम वर्मा ने हमारी भावनाओं के सुखद परिणाम आए हैं कि सदियों बाद अपने राम अपने घर में आए हैं... कवयित्री सरिता शर्मा ने धर्म का अर्थ धाम से पूछो, प्रेम का अर्थ श्याम से पूछो, कितने मीठे हैं बेर शबरी के, पूछना है तो राम से पूछो...। अध्यक्षता कर रहे ओज कवि विनीत चौहान ने सुनाया कि अनिरुद्ध होना ही पड़ा दशरथी वरदान को, अवरूद्ध होना ही पड़ा फिर दोबारा राम को, वनवास न जाना पड़े इसलिए हमको लखन- सा क्रुद्ध होना ही पड़ा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

अयोध्या, अमृत विचार: सड़क हादसे में कैंट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। कैंट थाना क्षेत्र के संभागीय परिवहन कार्यालय के निकट स्थित सीता कुंज कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय सूरत श्रीवास्तव पुत्र स्व. राजेश कुमार श्रीवास्तव किसी काम से कुमारगंज थाना क्षेत्र गया हुआ था। जहां वह सड़क हादसे का शिकार हो गया और हेड इंजरी के चलते उसकी पहले सीएचसी खांडसा में भर्ती कराया गया तथा फिर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो भेजवाया गया है।

सार-संक्षेप

धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के काजी सराय स्थित मुमताज जूनियर हाईस्कूल में रविवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शोएब ने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे फतेहपुर जनपद के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद अहमद सहित कई अधिकरियों ने यहां शिक्षा ग्रहण की है। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रामखेलावन ने शिरकत किया। कार्यक्रम में वकार अहमद, प्रधानाध्यापक रामजनम मिश्रा, अवध राम, अनंतराम सहित कई मौजूद रहे।

ब्राह्मणों को संस्कारवान बनाने का अभियान 15 मार्च तक

अयोध्या। अमृत विचार : अखिल भारतीय चाणक्य परिषद व श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट द्वारा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आगामी एक अप्रैल को सूर्यकुंड दर्शन नगर में मनाने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पं. कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में नंदीग्राम भरत कुंड स्थित भारत मिलाप मंदिर में संपन्न बैठक में लिया गया। बैठक में परिषद को सशक्त बनाने के लिए व्यापक सदस्य अभियान आगामी 15 मार्च तक चलाने के साथ-साथ ब्राह्मणों के संस्कारवान बनाने और उनके उत्थान पर विशेष बल देते हुए विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

चुनाव के पूर्व कांग्रेस तैयार करेगी कार्यकर्ताओं की फौज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा महासमर 2024 को लेकर कांग्रेस न केवल कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करेगी बल्कि इनको प्रशिक्षित भी करेगी। पार्टी ने अभियान शुरू कर दिया है। रविवार को महानगर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संगठित और प्रशिक्षित करने के लिए कौशलपुरी कॉलोनी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से हम पार्टी की रीति और नीति को समाज के निचले तबके तक पहुंचा सकते हैं। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता गरीबी व असमानता को दूर करने और धार्मिक सद्भाव की बहाली के लिए लड़ेंगे। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, सुरेंद्र सिंह सैनिक, डॉ. कमलेश सिंह यादव, कर्मराज यादव, महिला महानगर अध्यक्ष मालती यादव, प्रेम कुमार पांडेय, जनार्दन मिश्रा, अजीत वर्मा यूनिक, अरुण साहू, डॉ. महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

वेबसाइट बंद, जिले की 835 पंचायतों में मनरेगा ठप

02 लाख 92 हजार मनरेगा मजदूर

25000 करते हैं प्रतिदिन मजदूरी

संकट एक फरवरी से बंद है मनरेगा की वेबसाइट मजदूरी से लेकर वर्क फीडिंग तक रुकी | नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम भी बाधित नहीं लग रही है मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : तीन दिनों से जिले में बंद पड़ी मनरेगा की वेबसाइट के चलते सभी 835 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के सभी काम पूरी तरह से ठप हो गए हैं। नई वित्तीय स्वीकृति से लेकर मजदूरों की हाजिरी समेत सभी कार्यों पर पाला पड़ गया है। इसे लेकर पंचायतों में काम करा रहे प्रधानों और सचिवों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है।

एक फरवरी से बंद वेबसाइट के चलते मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्य और नवीन फीडिंग पूरी तरीके से बाधित है। मनरेगा वेबसाइट काम न करने से सभी कार्य लटक गए हैं। मनरेगा कार्य करने वाले कर्मचारी तो पहुंचते हैं लेकिन वेबसाइट ठप होने की वजह से कोई काम नहीं हो पा रहा है। इससे वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में काम की रफ्तार धीमी हो गई है। नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम से लगने वाली ऑनलाइन हाजिरी खुल ही नहीं रही है। न ही मस्टर रोल दिखाई पड़ रहे हैं। अपडेट के बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा है। नई आईडी का पड़ना, मजदूरी डिमांड और वर्क फीडिंग का कार्य भी बंद हो गया है। नई वित्तीय स्वीकृति भी नहीं मिल पा रही है जबकि फरवरी और मार्च में तमाम ऐसे महत्वपूर्ण कार्य हैं जो मनरेगा योजना के तहत होने हैं।

पूराबाजार की 54 और सोहावल 56 पंचायतों में विकास कार्य ठप

सोहावल के तहसीनपुर में काम जारी मजदूरी अटकी। अमृत विचार

पूराबाजार / सोहावल। अयोध्या कार्यालय अमृत विचार : पूरा बाजार ब्लाक में साइट बंद होने से वित्तीय संकट के साथ मनरेगा मजदूरों की संख्या और कार्य प्रभावित हो गया है। ब्लाक लॉक के 54 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत होने वाले विकास कार्य ठप हो गए हैं। रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़, नरायनपुर के रोजगार सेवक लोकेश पांडेय, अलावलपुर के रोजगार सेवक शिवपूजन ने बताया एक फरवरी से नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सिस्टम लागू होने के बाद से ही मजदूरों की हाजिरी नहीं लग पा रही है। जिसके चलते काम बंद हो गया है। वहीं की 56 ग्राम पंचायतों वाले सोहावल विकास खंड में करीब एक चौथाई से ज्यादा पंचायतों में मनरेगा के तहत ग्राम प्रधानों ने कार्य कराना शुरू कर रखा है। एडीओ पंचायत राजीव कुमार ने बताया सूचनाएं कई पंचायतों से आई है। कहा कि समाधान हमारे हाथ में नही है।

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की 60 में से 53 पंचायतें प्रभावित

हैरिंग्टनगंज में खड़ंजा का काम अधूरा पड़ा।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के एपीओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि वर्तमान में ब्लॉक के 60 ग्राम पंचायतों में से 53 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य संचालित था। लेकिन एक फरवरी से मनरेगा साइट बंद है। जिसकी वजह से सारा कार्य ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा मजदूरों की हाजिरी नहीं लग पा रही है और न ही वेबसाइट पर मस्टररोल इत्यादि की ही फीडिंग हो पा रही है। उन्होंने बताया कि सभी को मनरेगा साइट चलने का इंतजार है। गड़बड़ी को लेकर जिला मुख्यालय को सूचित किया गया है।

रुदौली की 67 में से 89 काम जारी, हाजिरी पड़ी ठप

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : विकास खंड रुदौली में 89 ग्राम पंचायत में से 67 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य चल रहा है। अमृत सरोवर, मार्ग पटाई, इंटरलॉकिंग मार्ग, नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। ग्रामीण रोजगार के इस महत्वपूर्ण कार्य में ऑनलाइन मनरेगा मजदूरों की हाजिरी बीते दो दिन से नहीं लग पा रही। खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता ने बताया कि विकास खंड के ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य ठप हो गए है।

> वेबसाइट बंद है लेकिन सोमवार तक संचालित हो जाएगी। कार्य नहीं प्रभावित हैं फीडिंग वगैरह नहीं हो पा रही है। यह तकनीकी दिक्कत है। – **सरिता सिंह, डीसी मनरेगा**

अयोध्या कैंट स्टेशन पर एक साथ ठहर सकेंगे 300 यात्री

- यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बनाया गया रैन बसेरा
- दो दर्जन से अधिक शौचालय, ट्रेनों की जानकारी भी हो सकेगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देश के कोने-कोने से भक्त रामनगी पहुंच रहे हैं। रेल मार्ग से ही सबसे अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के बाद अब अयोध्या कैंट स्टेशन पर भी यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। स्टेशन के पास सामने एक बड़ा रैन बसेरा बनाया गया है, जिसमें 300 से भी अधिक यात्री एक साथ ठहर सकेंगे।

दो माह से बन रहा रैन बसेरा अब तैयार हो चुका है। बचे-कुचे काम भी एक दो दिन में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। राउंड टीन शेड के नीचे रेड कारपेट बिछाई गई है। इसके अलावा फाइवर की कुर्सियां भी लगाई जाएंगी। ट्रेनों की सूचना लगातार मिलती रहे। इसके लिए साउंड रैन बसेरे तक लगाए गए हैं। रोशन के लिए हाईलोजन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से नाइट विजन सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा जवानों को भी तैनात किया जाएगा। पेयजल की व्यवस्था के साथ ही दर्जनों शौचालय भी बनाए गए हैं। आपातकालीन नंबरों का बोर्ड भी लगाया गया है। परिसर की दीवरों पर विभिन्न राज्यों की सभ्यताओं के चित्र भी उकेरे गए हैं। सीएमआई अजय बहादुर सिंह ने बताया कि आस्था स्पशेल ट्रेनें सोमवार से अयोध्या कैंट आना शुरू होंगी। इसे देखते हुए सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।

गंगा सतलज व दून एक्सप्रेस रही लेट

अयोध्या। मौसम के कारण दो ट्रेनें रविवार को भी लेट रहीं। 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस व 13309 दून एक्सप्रेस सवा घंटे की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचीं। इसके अलावा वंदे भारत, कैफियर, सरयू यमुना समेत अन्य ट्रेनें समय पर रहीं।

अयोध्या कैंट स्टेशन के पास बने रैन बसेरे में बिछी रेड कारपेट।

हवन पूजन के साथ भाजपा का केंद्रीय कार्यालय शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा महासमर 2024 को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा ने रविवार को सिविल लाइन पार्टी कार्यालय में लोक सभा चुनाव के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया है। उद्घाटन लोक सभा चुनाव संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-पूजन के साथ किया गया।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने जनवरी माह में चुनाव के केंद्रीय कार्यालय को खोलने का निर्देश दिया था। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आदि को लेकर आज केंद्रीय कार्यालय की शुरूआत वैदिक विधि विधान से हुई है। उन्होंने कहा कि सूर्य वंश की राजधानी सोलर सिटी में बदल रही है। 165 एकड़ में 40 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट बन कर तैयार है। अयोध्या का विकास केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. बीबी मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह का माहौल है। लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा कि कार्यकर्ता विभिन्न अभियानों के तहत घर-घर सम्पर्क कर लाभार्थियों से लगातार सम्पर्क कर रहे है। इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गुप्ता, राघवेन्द्र पाण्डेय, परमानंद मिश्रा, मुन्ना सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, राकेश मणि त्रिपाठी, अनूप सिंह, दिवाकर सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हवन-पूजन के साथ लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन।

तैयारी

कृषि विवि की याचिका निरस्त, 62 वर्ष होगी वैज्ञानिकों की सेवानिवृत्ति आयु

- सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों को जल्द मिलेगी तैनाती, कृषि विवि प्रशासन को झटका

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों को भी अब 62 साल की आयु पूरी होने पर ही सेवानिवृत्त किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों की ओर से अदालत में इसकी पैरवी भी गई है।

कृषि वैज्ञानिक मिथिलेश पांडेय के अनुसार इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाली भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालयों की विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। उनके मुताबिक 14 जून 2022 को आदेश जारी कर कृषि विज्ञान केंद्र नार्प एक्रिप में तैनात कृषि वैज्ञानिकों को शिक्षक मानने से मना कर दिया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों को 60 साल पर सेवानिवृत्ति करना शुरू कर दिया। 23 नवंबर 2022 को हाईकोर्ट की ओर से अंतरिम आदेश दिया गया लेकिन इसे नहीं माना गया। इसके बाद 17 मई 2023 को भी डबल बेंच का निर्णय कृषि वैज्ञानिकों के पक्ष में आने के बाद भी ज्वाइन नहीं कराया गया। अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और सभी को खारिज कर दिया है।

ठेला संचालक की पिटाई और चाकू से किया हमला

अयोध्या कार्यालय। नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित नाका बाईपास पर अंडे का ठेला लगाने वाले एक युवक की पिटाई की गई और उसे चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया गया। पीड़ित के भाई ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट थाना क्षेत्र के रायपुर कोर्ट सराय निवासी योगेश कुमार पुत्र राम मुहूर्त का कहना है कि उनका भाई अवधेश कुमार बाइपास पर गोमती हॉस्पिटल के निकट अंडे का ठेला लगाता है। शाम को पैसे के लेनदेन की विवाद में दो लोगों ने उसको मारा पीटा और चाकू से वार कर घायल कर दिया। नगर कोतवाली पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात की जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक

- परिवहन मंत्री ने कहा-विधान सभा स्तर पर संचालित हो चुनावी गतिविधियां

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर लोक सभा कोर टीम की बैठक आयोजित हुई है। अध्यक्षता कर रहे लोकसभा संचालन प्रमुख परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालय खोला जाय और वहां से चुनावी गतिविधियां संचालित हों। अभियानों के तहत कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करें और जन संवाद व संपर्क के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। सभी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा केन्द्र सरकार के दो कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा है। अयोध्या की पौराणिकता को सहेजते हुए यहां के अलौकिक विकास के सभी साक्षी है। हमको जन-जन से सतत संपर्क और संवाद बनाये रखना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा विधानसभा स्तर पर कोर कमेटी की बैठक होगी। अयोध्या विधानसभा कोर कमेटी की बैठक 10 फरवरी को 2 बजे व बीकापुर कोर कमेटी की बैठक 11 बजे पार्टी कार्यालय सहादतगंज में की जाएगी, जिसमें चुनाव की रणनीति तय होगी। बैठक में लोक सभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बीबीमणि त्रिपाठी, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

गड्ढों में बदल गया 22 गांवों को जोड़ने वाला मार्ग

परेशानी : आठ किलोमीटर की बदहाल सड़क पर संकट बना है चलना

भेलसर, अयोध्या

अमृत विचार : रुदौली विधानसभा में आठ गांवों को जोड़ने वाला रुदौली - अमानीगंज मार्ग गड्ढों में गडमड हो गया है। आठ किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर चलना लोगों के लिए दुष्कर हो गया है। सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान के दावों को आईना दिखाते इस मार्ग पर कई स्कूल और बाजार पड़ते हैं। इसके बावजूद भी अभी तक किसी ने मरम्मत की सुधि नहीं ली है।

प्रदेश सरकार की गड्ढा मुक्त सड़कों का हाल जानना हो तो रुदौली अमानीगंज मार्ग पर एक बार यात्रा कर ली। सड़क की जर्जर हालत सारी पोल खोल कर रख देगी। रुदौली - अमानीगंज रोड के लगभग 22 गांवों की मुख्य बाजार रुदौली है। मार्ग की हालत से रुदौली के व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। इसी मार्ग पर कई इंटर कॉलेज एवं विद्यालय भी हैं। छात्रों को प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा है। सड़क की जर्जर हालत से हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनाए रहती है। जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त है एवं गड्ढे बन गये हैं। क्षेत्र के रहने वाले सभी लोगों को आने जाने के लिए इधर से ही जाना पड़ता है।

खस्ताहाल हुआ रुदौली - अमानीगंज का आठ किमी लंबा मार्ग।

आठ किमी की दूरी एक घंटे में होती है तय

रुदौली से अमानीगंज की दूरी लगभग आठ किलोमीटर है। मार्ग की हालत ऐसी है कि लोग अमानीगंज से रूदौली की दूरी लगभग एक घंटे में तय करते हैं। इस मार्ग से मिर्जापुर, पर्सौली, ऐहर, ललुवापुर आदि गांवों के हजारों लोग को तहसील, ब्लॉक, कोतवाली और अस्पताल आना पड़ता है। सड़क पर गड्ढे होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। थोड़ी सी बरसात होने पर सड़क पर पानी भर जाता है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो जाते है। क्षेत्रवासी आस लगाए बैठे है कि कब इस सड़क पर मरम्मत का काम शुरू हो।

> सड़क की स्थिति को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। लोगों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को लिखा जा रहा है। – **अंशिका दीक्षित एसडीएम, रुदौली**

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,

अल्पकालीन ई –निविदा सूचना

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग–अलग भागों में निविदायें ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender .up.nic.in पर दिनांक 17.02.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी। जो दिनॉक 19.02. 2024 को 12.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई–निविदा पोर्टल पर आन–लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई–मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No- 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे–इन–स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई–टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन–लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र आफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मो के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है:–

1. **ई–निविदा संख्या 186 एच (एफ) (कार्य) / 2023–24–** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला–प्रथम, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1180.00 जी0एस0टी0 सहित तथा धरोहर राशि रू0 3000.00 'राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें' ,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या। संख्या: 1157 एच (एफ) / टी–15 दिनांक: 03–02–2024 । राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाये बल्ब की जगह एलईडी लगाये ।

नंद बाबा दुग्ध मिशन मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना लागू, नंदबाबा दुग्ध मिशन के तहत मिलेगा पुरस्कार

देसी गाय पालने पर पुरस्कृत होंगे पशुपालक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जनपद में देसी गाय पालने वाले पशुपालकों के दिन जल्द बहुरेंगे। देसी गाय से अधिक दूध उत्पादन होने पर पशुपालकों को इनाम मिलेगा। साहीवाल, गीर, थारपाकर, हरियाणा व गंगातीरी गाय पालने वालों को पुरस्कार मिलेगा। गाय से आठ से 12 लीटर दूध उत्पादन करने पर 10 हजार व 12 लीटर से अधिक दूध उत्पादन करने पर पशुपालकों को 15 हजार रुपये मिलेंगे।

योजना के तहत एक पशुपालक अधिकतम दो पशुओं पर पुरस्कार ले सकता है। इसके लिए जनपद में पशुपालकों का आवेदन शुरू हो गया है। जिले में कुल चार लाख 41 हजार 479 गाय हैं। गाय पालने वालों के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन की शुरुआत की गई है। जिसके अंतर्गत देसी गायों में नस्ल सुधार व दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना से जनपद के पशुपालक लाभान्वित होंगे। इस योजना में एक गाय पर एक ही बार पुरस्कार लिया जा सकता है। गाय को बच्चा पैदा होने के 45 दिन के अंदर पशुपालक आवेदन कर सकता है। पशुपालक अपने नजदीकी पशु अस्पताल में आवेदन करेंगे। नियम के अनुसार इसके बाद डॉक्टरों की टीम जांच करेगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुरस्कार के लिए नाम जिला मुख्यालय व शासन को भेजा जाएगा। इसके लिए पशुपालक का आधारकार्ड, गाय के साथ पशुपालक की रंगीन फोटो, गाय के बीमा का विवरण, शपथ पत्र आदि देना होगा।

प्रतीकात्मक फोटो।

- 12 लीटर दुग्ध उत्पादन पर 10 और बढ़ा तो 15 हजार का मिलेगा पुरस्कार

किस गाय के दूध पर कितना मिलेगा पुरस्कार

साहीवाल, गिर व थारपाकर गाय के आठ से 10 लीटर दूध देने पर 10 हजार रुपये व 12 लीटर से अधिक दूध देने पर 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इसके साथ ही हरियाण गाय के सात से 10 लीटर दूध देने पर 10 हजार रुपये व 10 लीटर से अधिक दूध देने पर 15 हजार रुपये मिलेंगे। गंगातीरी गांव के सात से आठ लीटर दूध देने पर 10 हजार रुपये व आठ लीटर से अधिक दूध देने पर 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

> पशुपालकों की आय वृद्धि के लिए योजना लागू की गई है। सभी पशु चिकित्सा अधिकारी नोडल के रूप में काम करेंगे। नियम पूरे होने व जांच के बाद ही पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। – **जगदीश सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी**

कर्मियों ने मंत्री को बताया-खटारा हो चुकी हैं बसें

अयोध्या, अमृत विचार : लोक सभा चुनाव की केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने जनपद पहुंचे प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शनिवार की रात अचानक सर्किट हाउस के सामने स्थित अयोध्या डिपो पहुंच गये। हालांकि उन्हें मौके पर कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। मौके पर मौजूद परिवहन निगम के कर्मियों ने मंत्री को अपनी पीड़ा बताई। बताया कि निगम के बेड़े की बसें खस्ता हाल हो चुकी हैं जिसके चलते इनके संचालन में खासी दिक्कत आ रही है। हम लोगों पर यात्रियों को सकुशल उनके गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है लेकिन जर्जर बसों के चलते लोड फैक्टर पूरा नहीं हो पा रहा। मांग रखी कि अयोध्या डिपो से जर्जर बसों को हटा कर नई बसें दी जाय, जिससे बेहतर संचालन के साथ निगम को अच्छा लाभ प्राप्त हो सके। परिवहन मंत्री ने समस्याओं को दर्ज करवाने के साथ शीघ्र ही नई बसों का बेड़ा उपलब्ध कराने और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। पांच छह मिनट के निरीक्षण में मंत्री ने एआरएम के विषय में पूछा तो वह रूट पर चेकिंग ड्यूटी पर गए मिले। परिवहन मंत्री के निरीक्षण की सूचना पर क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन भाग का डिपो पहुंचे लेकिन तब तक परिवहन मंत्री निकल चुके थे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि परिवहन मंत्री डिपो का जायजा लेने आए थे। उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा है तथा कर्मियों से बात की है। अभी मुख्यालय से कोई आदेश निर्देश नहीं मिला है।

मिला आश्वाशन

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
आप सभी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

गठबंधन धर्म नहीं निभाते हैं अखिलेश : राजभर

ओमप्रकाश राजभर बोले- 12 फरवरी के बाद जब भी अंबेडकरनगर में आऊंगा तो मंत्री बनकर ही आऊंगा

लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत, यह भी कहा कि अपने सिंबल पर ही लड़ेंगे चुनाव

अमृत विचार, अंबेडकरनगर

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के नेता ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर अखिलेश यादव को घेरा है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंबेडकरनगर दौरे पर राजभर बोले कि अखिलेश व पीडीए एकता में कोई दम नहीं है, इसलिए वे एनडीए के साथ हैं। राजभर ने दावा किया कि पीडीए में पिछला बचा ही नहीं है, क्योंकि ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल उसमें हैं ही नहीं। मुसलमान समझ रहा है कि उसका समाजवादी पार्टी में शोषण हो रहा है। भाजपा के साथ गठबंधन पर बोले कि इस गठबंधन में सीटों का कोई झगड़ा नहीं है। रविवार को जनपद पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने **अमृत विचार के ब्यूरोचीफ हरिओम चतुर्वेदी व संवाददाता दुष्यंत कुमार** से खास बातचीत की। पेश हैं बातचीत के कुछ अंश...।

बातचीत

- **प्रश्न** : आपकी पार्टी भाजपा गठबंधन में कितनी सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।
- **उत्तर** : गठबंधन में सीटों का कोई झगड़ा नहीं है। हमने तीन सीटों की मांग की है, जो भी सीटें मिलेगी, उस पर अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे।
- **प्रश्न** : सपा ने सबसे पहले लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है और पीडीए का नारा भी दिया। इस पर क्या कहेंगे।
- **उत्तर** : अखिलेश यादव ने हमें धोखा दिया है। वह गठबंधन धर्म नहीं निभाते हैं। हम उनके साथ थे, इसीलिए वह 111 सीट जीत गए, लेकिन अबकी बार लोकसभा चुनाव में हालत बुरी रहेगी।
- प्रश्न : फार्मासिस्ट की वैकेंसी में 1002 पदों के सापेक्ष ओबीसी के लिए 126 पद दिया गया है, जबकि नियमानुसार 27 प्रतिशत होना चाहिए।

- **उत्तर** : इसके संबंध में हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात किया था। आश्वासन मिला है कि 27 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, इसके बाद ही भर्ती प्रक्रिया बहाल होगी। हम किसी को भी हकमारी नहीं करने देंगे।
- **प्रश्न** : यूपी सरकार में कब तक मंत्री बन जाएंगे।
- **उत्तर** : अभी 12 फरवरी तक सदन चल रहा है इसके बाद जब भी जिले में आऊंगा मंत्री बनकर ही आऊंगा।
- **प्रश्न** : उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों में एनडीए गठबंधन कितनी सीटों पर जीत दर्ज करेगा।
- **उत्तर** : बीजेपी निषाद पार्टी और अपना दल और सुभासपा गठबंधन उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।
- **प्रश्न** : आप कहते हैं कि दारू के बदले वोट खरीदा जाता है।
- **उत्तर** : बिल्कुल, वोट की ताकत ना होती तो नेता पब्लिक के बीच में दारू नहीं बांटते और वोट की ताकत के ही चलते जनता के दर पर हाजिरी लगाते हैं।
- प्रश्न : अंबेडकरनगर जनपद में आने का उद्देश्य क्या है।
- **उत्तर** : ओबीसी समाज के पिछड़े तबके के लोगों को हक दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। जिनको जागरूक करने के लिए जनपद में आया हूं।

121वीं जयंती पर याद किए गए जयराम

जयंती समारोह को संबोधित करते अंजनी कुमार वर्मा। फोटो : अमृत विचार

आलापुर, अंबेडकरनगर अमृत विचार : देश की आजादी के लिए संघर्ष करने के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के लिए जीवनपर्यंत प्रयासरत रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्वांचल के गांधी कहे जाने वाले स्व. जयराम वर्मा। उक्त बातें जयराम जनता जूनियर हाईस्कूल रामनगर के प्रांगण में रविवार को आयोजित 121वीं जयंती समारोह में स्व. जयराम वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि जय बजरंग समूह के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि गांधीवादी सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए जयराम वर्मा ने पूर्वांचल में स्वतंत्रता की क्रांति की जो अलख जगाई तो उनकी छवि पूर्वांचल के गांधी रूप में पहचान बना गई जो आज भी कायम है। अध्यक्षता कर रहे उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि जयराम वर्मा ने आजादी के बाद राजनीति के जरिए समाज सेवा का जो व्रत लिया, उसे पूरा करने के लिए वह जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश यादव व व्यापार मंडल रामनगर अध्यक्ष माया अग्रहरि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार व इसके लिए विद्यालयों की स्थापना के लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे।

महत्वपूर्ण दायित्व वाला कार्यकर्ता ही है पन्ना प्रमुख

भाजपा के जिला संगठन की बैठक में प्रदेश महामंत्री धर्मपाल ने दिए कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : भाजपा के जिला संगठन की बैठक मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की उपस्थिति और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के संचालन में हंसवर मंडल के चक काटोखर ग्राम में भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल का भाजपा जिलाध्यक्ष ने श्रीराम मंदिर की सुंदर आकृति भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया।

बारिश के बीच शुरू हुई शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री धर्म पाल ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से एक-एक सांगठनिक बिंदु पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनश्चित है। जिसे भाजपा अपने मजबूत बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत और भाजपा सरकार के प्रति जनमानस के अपार समर्थन से जीतेगी। भाजपा की छह राष्ट्रीय कार्यक्रम को करने वाला बूथ मजबूत बूथ की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम, पन्ना प्रमुख की व्यवस्थित संरचना वाला बूथ मजबूत माना जाता है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के 1 करोड़ 22 लाख लाभार्थियों से संपर्क का अभियान पूरा किया जाना है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल का स्वागत करते जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

चुनावी समर को जीतने में हमारा महत्वपूर्ण दायित्व वाला कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख ही है। बैठक का संचालन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने एक-एक मंडल की पन्ना प्रमुख तक की संगाठनिक विषयों पर वृत्त लिया। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना, नमो ऐप डाउन लोड करवाए जाने, मतदाता सूची का पन्ना प्रमुख तक वितरण, श्रीराम मंदिर दर्शन, दीवाल लेखन, अनुसूचित बस्ती संपर्क, शक्ति वंदन अभियान आदि विषयों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि देव तुल्य कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी और स्वाभिमान हैं। जिनके बल पर ही भाजपा सभी अभियान और कार्यक्रमों में अव्वल आती है। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने बैठक के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ एक होटल में वरिष्ठ चिकित्सकों और संभ्रांत व्यवसाईयों के साथ चाय पर चर्चा भी की। जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि बैठक में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, अवधेश द्विवेदी, लोक सभा विस्तारक राकेश गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, भारती सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम आदि मौजूद रहे।

पिकअप की टक्कर से वृद्धा की मौत

मालीपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : थाना अंतर्गत मालीपुर चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार सुबह एक पिकअप ने 60 वर्षीय महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। महिला करीब 10 वर्ष पूर्व किसी ट्रेन से मालीपुर रेलवे स्टेशन पर उतर गई थी जो अपना नाम-पता भी नहीं बता पा रही थी। काफी दिन तक वह बाजार निवासी सागर शुक्ला के घर अखिलेश सदन में रही थी। यहां के लोग उसे टुनटुन के नाम से पुकारते थे। वह रविवार सुबह 5 बजे चौराहे पर चाय लेने गई थी। वहां से वापस आते समय पेट्रोल पंप के सामने एक पिकअप ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम अरमान अब्बास से बदलकर अरसलान अब्बास रख लिया है। अब इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। अरसलान अब्बास पुत्र साबिर अब्बास। **प्रार्थिनी– कनीज फातिमा पत्नी साबिर अब्बास, निवासी– जलालपुर, अम्बेडकरनगर**

(बंधेल होलसेलर)
मन्हार ज्वैलर्स
शेखर रस्तोगी
हमारे यहाँ चूड़ी, चेन, कड़े एवं सभी प्रकार की फैन्सी ज्वैलरी, 10, 15, 20 टंच में मिलती है व आर्डर देने पर तैयार की जाती है।
गोटा-चाँदी 250/- रूपये प्रति 10 ग्राम
गोटा, चाँदी में पायल-बिछुआ व फैन्सी ज्वैलरी भी मिलती है।
गुलाटी रेस्टोरेन्ट के बराबर आलमगिरीगंज, पटी गली, बरेली
मो. 6395451703, 7895556116

315 वाहनों की चेकिंग कर 15 का किया चालान

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में शान्ति और कानून व्यवस्था को देखते हुए समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पडने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई।

किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाडियों तथा काली फिल्म वाली गाडियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। कार्रवाई करते हुए 315 वाहनों को चेक कर 15 वाहनों का चालान किया गया।

पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक भवानी प्रसाद मिश्रा ने आर्म्स एक्ट में वारंटी अभियुक्त दीपचन्द्र पुत्र राधेश्याम निवासी बगांलपुर थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार किया है। वहीं उप निरीक्षक चांद सिंह ने अभियुक्त लाडल उर्फ मो. समी पुत्र नजरे निवासी मंसूरगंज थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार किया है। इन पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

जलालपुर, अंबेडकरनगर अमृत विचार: पीड़ित ने गांव के ही एक व्यक्ति पर घर में घुसकर हाथ में करंट लगा कर जान से मारने का प्रयास किया। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के ताहापुर गांव का है।

गांव निवासी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे गांव का ही कृष्ण कुमार विश्वकर्मा घर के पीछे से घुस गया और जान से मारने की नीयत से घर में लगे बोर्ड से बिजली का तार लगाकर उसके हाथ में लगा दिया। जब करंट लगा तो वह जग गया जिसके बाद आरोपी ने उसका गला दबाया। सूचना पर 112 नंबर पीआरवी पहुंची। पुलिस जब आरोपी के घर गई तो परिजनों ने बताया कि वह नहीं है। पीआरवी ने दोनों पक्षों को मालीपुर थाने बुलाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए विपक्षी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है

बदला मौसम | सड़कों और बाजारों से पसरा रहा सन्नाटा, तापमान में दर्ज की गई गिरावट

रिमझिम बारिश से ठंड बढ़ी, किसान चिंतित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : रविवार सुबह से ही मौसम में हुए बदलाव और दोपहर बाद हुई हल्की बारिश से ठंड ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। वहीं, किसानों को भी फसल को लेकर चिंता सताने लगी है। हल्की बारिश से एक बार फिर से तापमान में गिरावट दर्ज किया गया है। तापमान में गिरावट के साथ ठंड भी बढ़ गई है। हल्की बारिश के चलते बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

रविवार सुबह से ही बदली छाई रही और दोपहर बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। बीते तीन दिनों से हो रही तेज धूप से जहां ठंड गायब हो गई थी, वहीं किसानों के खेतों की नमी समाप्त हो गई थी। किसान गेंहू की फसल की सिंचाई जुट गए थे लेकिन बारिश की हल्की फुहारों ने फसलों को मानो संजीवनी दे दी है। किसान मोहित पांडेय ने बताया कि हल्की बारिश से गेहूं की फसल को संजीवनी मिली है। उन्होंने कहा कि अगर बारिश तेज होती तो मटर, सरसों और आलू की फसल पर उसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता। किसान अब हल्की बारिश के कारण सिंचाई के खर्चे से बच जाएंगे। बारिश से बाजारों और सडक़ों पर सन्नाटा पसरा रहा। किसान रंजीत ने बताया कि अगर तेज बारिश और ओलावृष्टि होती तो फसलों के नष्ट होने की संभावना है। लेकिन हल्की बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी से कम नहीं है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों तक बूंदाबांदी व बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

दोपहर बाद होती रिमझिम बारिश। अमृत विचार

सता रहा ओलावृष्टि-बारिश का डर

अचानक मौसम का मिजाज बदलने से जहां ठंडक की रफ्तार बढ़ गई है। वहीं किसानों में मौसम को देखते हुए निराशा व्याप्त है। लगभग माह भर कोहरा पडऩे के बाद जहां बीते तीन दिनों से मौसम में बदलाव हुआ था। जिसे किसान देखकर खुश हो गए थे, लेकिन सोमवार सुबह से मौसम में अचानक आए बदलाव से किसान परेशान हैं। किसानो को डर सता रहा है कि बरसात होने से तैयार हो रही सरसों की फसल कहीं बर्बाद ना हो जाए। जिसकी चिंता किसानों के चेहरे पर देखने को मिल रही है। इसके अलावा अधिक बरसात होने से आलू की फसलों पर भी असर पडऩे का अंदेशा किसानों को सता रहा है। मौसम के बिगड़े मिजाज को देखते हुए किसान झिनकू राम ने बताया कि सरसों की फसलो में फल लग गया है, अगर बरसात हुई तो यह फसल गिरकर बर्बाद हो जाएगी। इतना ही नहीं कोहरे के चलते आलू की फसलों पर काफी असर पड़ा है। जिसके चलते इस वर्ष आलू की फसल बर्बाद हो गई है। वहीं किसान अवधेश तिवारी ने बताया कि अचानक मौसम बदलने से ठंड भी बढ़ गई है। अगर मौसम विभाग के अनुसार बरसात व ओला वृष्टि होती है तो सबसे ज्यादा असर सरसों की फसलों पर पड़ेगा। किसान रवि पांडे ने बताया कि एक महीने तक कोहरा पडऩे से जहां आलू की फसल चौपट हो गई है। वहीं बरसात होने से सरसों की फसल भी चौपट हो जाएगी।

झिनकू राम।

अवधेश तिवारी।

रवि तिवारी।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

एक नजर

रास्ते में रोककर युवक को जमकर पीटा, दी तहरीर

धानेपुर : ग्राम राजापुर के मजरा पूरे अकराम रहने वाले अरबाज खान ने तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार को दोपहर में वह कस्बा बाबागंज में सामान खरीदने के लिए गया था। तभी चिड़ियापुर मोड बाबागंज के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज देते हुए हुए लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। हल्ला गुहार होने पर बहुत से लोग आ गए, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक अमर सिंह ने कहा कि रोहित यादव व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा, दी तहरीर

धानेपुर : ग्राम रुद्रगढ़नौसी के रहने वाले आफताब आलम ने तहरीर देकर कहा है कि वह जमीन बैनामा करने के नाम कराने गोंडा गया था। वापस आते समय गांव के रहने वाले दो व दो अज्ञात लोग पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज देने लगे विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई कर दी व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि इजहार अहमद, अनवार अहमद व दो अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

धानेपुर : ग्राम रेतवागाड़ा के मजरा चिड़ियापुर डिहवा के रहने वाले दिलीप यादव ने तहरीर देकर कहा है कि वह बाबागंज बाजार से अपने घर वापस जा रहा था तभी बाबागंज बस स्टॉप के पास चार लोगों ने उसको रोक लिया और उसकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी। आरोपियों ने धारदार हथियार से भी वार किया, जिससे उसे काफी चोटें आई है। प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर शहबाज, अरबाज, अरशद व अहसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिगड़ा मौसम का मिजाज, बारिश से बढ़ी ठंड, घरों में दुबके लोग

रविवार को दिन भर रुक-रुक कर होती रही बरसात, बारिश को लेकर अलर्ट, ओला गिरने की संभावना, नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन

खेत में लगी सरसों की फसल। अमृत विचार

वाहन पर यूरिया लादकर ले जाते किसान। अमृत विचार

शहर में हो रही बारिश का नजारा। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: तीन दिन तक गुनगुनी धूप के बाद रविवार को मौसम का मिजाज अचानक फिर से बिगड़ गया। रविवार को दिन भर रुक रुक कर बारिश होती रही और आसमान में बादल छाए रहे। बदली और बारिश के चलते पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इस बारिश से ठंड एक बार फिर से बढ़ गयी है। छुट्टी का दिन और मौसम की खराबी से लोगों ने बाहर निकलने से परहेज किया तथा अपने घरों में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के हिमालय से टकराने के कारण बनी है। अनुमान है कि अगले दो दिनों तक यही स्थिति रहेगी। आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बरसात भी होती रहेगी। हालांकि 6 फरवरी से मौसम साफ हो जायेगा।

जनवरी महीने की कड़ाके की ठंड के बाद फरवरी के पहले तीन दिन गुनगुनी धूम खिली थी। इससे ठंड से बेहाल लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन रविवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया। रविवार की सुबह से ही बरसात शुरू हो गयी जो दिन भर रुक रुक कर होती रही। इस बारिश के चलते समाप्ति की ओर बढ़ चली ठंड एक बार फिर से वापस आ गयी। आसमान में छाए बादलों के कारण दिन भर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए। हालांकि इस बारिश ने एक बार फिर से ठंड बढ़ा दी है। बरसात और ठंड के कारण रविवार को लोग घरों में ही रहे। छुट्टी का दिन होने के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी कम रही। मौसम विशेषज्ञों की माने तो पश्चिमी विक्षोभ के हिमालय से टकराव के कारण मौसम में यह स्थिति बनी है। इस कारण पांच फरवरी तक मौसम इसी तरह रहेगा। हालांकि बारिश की गतिविधियां लंबे समय तक नहीं रहेगी। पांच फरवरी से बारिश की तीव्रता काफी कम हो जाएगी और छह फरवरी तक शुष्क मौसम वापस आ जाएगा।

गेहूं, गन्ना, मटर और आलू की फसल को मिली संजीवनी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मौसम के अनुमान को लेकर विख्यात रहे महाकवि घाघ ने कहा है कि "बरसै पानी आधे पूसा, आधा गेहूं आधा भूसा"। पूस महीने की समाप्ति पर हुई इस बरसात से खेतों में लगी फसलों को संजीवनी मिल गयी है। इससे गन्ना, गेंहू व सरसो की फसल को फायदा पहुंचा है। यह हल्की बारिश मटर,चना व सब्जी की अन्य फसलों के लिए काफी मुफीद है। किसान गेंहू के फसल की सिंचाईं की तैयारी ही कर रहे थे, लेकिन बरसात ने उनका हजारों रुपये का डीजल बचा लिया है। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने इस बारिश को फसलों के लिए काफी मुफीद बताया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दियों की फसलों को इस समय सिंचाई की आवश्यकता है। बारिश से फसलों को बहुत ज़रूरी नमी मिलेगी। फसल में वृद्धि होगी और कृषि संभावनाओं में सुधार होगा।

विष्णु प्रताप, किसान। अमृत विचार

बबलू, किसान। अमृत विचार

संतोष शुक्ला, किसान। अमृत विचार

जनवरी महीने में बारिश न होने से किसानों की चिंता बढ़ रही थी। किसान गेहूं, चना, मटर, मसूर व अन्य दलहनी फसलों के लिए सिंचाई की आवश्यकता महसूस कर रहे थे। बारिश न होने से फसलों की बढ़वार पर ब्रेक लग गया था। कोहरे और पाले से दलहनी-तिलहनी फसलों के साथ आलू में झुलसा रोग की संभावना बढ़ गई थी।

दो दिन पहले दिन में हल्की बूंदाबांदी से किसानों को बारिश की उम्मीद बढ़ी जरूर थी, लेकिन बारिश न होने से निराशा ही हाथ लगी थी। रविवार रात में मौसम ने करवट ली और सुबह से बारिश शुरू हो गयी। दिन भर रुक रुक कर बारिश होती रही। पूस में न सही लेकिन महीने की समाप्ति पर हुई बारिश से किसानों की अच्छी फसल उत्पादन की उम्मीदों को पंख लगे हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय की बारिश के बाद का मौसम फसलों के लिए काफी अनुकूल है।

बढ़वार अच्छी होने से बेहतर उत्पादन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। वहीं किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए अमृत के समान है। मनकापुर क्षेत्र के किसान बबलू का कहना है कि इस बारिश से फसलों को फायदा हुआ है। उन्होंने गेंहू की फसल में यूरिया की बुवाई कराई थी, जिसमें पानी देना था। बरसात होने से अब सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी।

किसान संतोष शुक्ला ने कहा कि वह गन्ना व गेहूं के साथ केले की खेती भी करते हैं। इस बारिश से सभी फसलों को लाभ मिला है। अब अगर इससे ज़्यादा बरसात होती है तो सरसो व कुछ अन्य फसलों को नुकसान हो सकता है। किसान विष्नु प्रताप इस हल्की बरसात को किसानों के लिए वरदान से कम नहीं मानते। उनका कहना है इस बरसात का सभी फसलों को फायदा होगा।

यूरिया की बढ़ेगी डिमांड: इस बारिश के बाद गेहूं में यूरिया खाद की बोआई जोर पकड़ेगी। इससे यूरिया की डिमांड बढ़ेगी। रविवार को बरसात के बीच ही किसान खाद की दुकानों पर पहुंचे और जरूरी मात्रा में खाद खरीदी।

सभी पोलिंग बूथ पर मौजूद रहें आवश्यक सुविधाएं : डीएम

गूगल मीट पर जिलाधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने सभी एआरओ व नोडल अधिकारियों की गूगल मीट से बैठक ली।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने निर्वाचन व्यवस्थाओं से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को समयानुसार पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी को जो दायित्व सौंपे गये हैं वह उसका पूरी ईमानदारी से पालन करे। बैठक में उन्होंने स्वीप को लेकर डीआईओएस को निर्देश दिए की जिन नवयुवकों का वोट अभी तक नहीं बना है उनका शत प्रतिशत वोट बनवाया जाए उन्हें ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से वोट बनवाया जाए। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि सभी मतदान केदों पर सभी आवश्यक जरूरी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध हो। वहां पर पीने का पानी, वॉशरूम, छाया, बिजली आदि की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑनलाइन मीटिंग के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

क्षेत्र का संपूर्ण विकास प्राथमिकता

1.20 करोड़ की दो सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

धानेपुर, गोंडा: मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों का शिलान्यास किया। इन दोनों सड़कों को निर्माण पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। सड़क या शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पृथ्वीपालगंज ग्रन्ट के मजरे सालिकरामडीह तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं थी। इसी तरह सोमरही गांव के मजरे तिवारीपुरवा में भी पक्की सड़क का अभाव था। स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक ने इन सड़कों को निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किया था। स्वीकृति मिलने पर रविवार को इन दोनों सड़कों का शिलान्यास किया गया। मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने पृथ्वीपालगंज ग्रन्ट की मुख्य सड़क से सालिकरामडीह तक तथा ग्राम पंचायत सोमरही मे मुख्य सड़क से तिवारीपुरवा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध कराने को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। दीनदयाल योजना के अन्तर्गत बनने वाली इन सड़कों के निर्माण एक करोड़ 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

विधायक ने कहा कि सड़क को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण किए जाने का निर्देश दिया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, पूर्व जिलामंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा, महामंत्री रमेश सिंह, विनीत मिश्रा, विनोद कुमार जायसवाल, पप्पू जायसवाल, दीपनारायण तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, बृजलाल राजभर, रानू सिंह, शिवबालक यादव, गुरुदास शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बालिका वर्ग कबड्डी टीम का चयन ट्रायल आज

गोंडा कार्यालय : 47वीं जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी टीम का चयन ट्रायल सोमवार को 10 बजे से राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह के प्रांगण में आयोजित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड लेकर ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि 9 से 11 फरवरी तक गाजीपुर में 47वीं जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी की प्रदेशीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सोमवार को खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। जिनका वजन 65 किलो से अधिक न हो व जिनकी आयु 11 फरवरी 2024 को 20 वर्ष या इससे कम हो वही खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

गोंडा लोकसभा के कोऑर्डिनेटर बने अखिलेश

गोंडा कार्यालय : लोक सभा गोंडा का कोऑर्डिनेटर का दायित्व चौधरी अखिलेश सिंह को सौंपा गया है। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा तथा जिला कांग्रेस प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने संयुक्त रूप देते हुए कहा कि इससे लोकसभा प्रत्याशी के चयन में तेजी आएगी। कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता बृजेन्द्र सिंह सेवादल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ल, सलीम कुरेशी, जीतेश शर्मा सहित अन्य कॉंग्रेस नेताओं ने बधाई दी है।

दो जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

गोंडा कार्यालय : रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेश पर परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया ।दो जोड़ो को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी किया। परिवार परामर्श केन्द्र पर गंगाधर शुक्ल, राजमंगल मौर्य, शशि कुमार भारती, संतोष ओझा, शाहिना बानो आदि मौजूद रहीं।

एनसीसी ए प्रमाण पत्र के लिए कराई परीक्षा

परीक्षा देते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

उमरी बेगमगंज, गोंडा : स्थानीय सुभाष इंटर कॉलेज में एनसीसी ए प्रमाण पत्र की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। रविवार को एनसीसी ए प्रमाण पत्र की परीक्षा सुबह 10 बजे सुभाष इंटर कॉलेज में शुरू हुई, जिसमें महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर व रामलाल इंटर कॉलेज चौहानपुरवा कटरा के कुल 152 कैडेटों ने प्रतिभाग किया। यह परीक्षा ऑनलाइन वीडियोग्राफी में संपन्न कराई गई। इस दौरान बोर्ड मेंबर सीओ रनयुद्ध सिंह, कर्नल रणबोध सिंह, सूबेदार मेजर नीरज कुमार, सीएम सुशील सिंह, हवलदार महेंद्र व जूमराज टीम में शामिल रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य सहदेव सिंह, केयरटेकर सत्यवीर सिंह, शिव बहादुर सिंह, अनिल कुमार सिंह आदि रहे।

चोरी गई पानी की मोटर के साथ आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार, गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान चोरी व नकबजनी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के क्रम में रविवार को एक चोरी का पानी मोटर के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंडाही गांव के मजरे गड़रियन पुरवा निवासी निवासी विश्वनाथ पाल ने शनिवार को पानी मोटर चोरी का केस दर्ज कराया था। उसी क्रम में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व कांस्टेबल पंकज सिंह ने रविवार को अफरोज उर्फ ननके निवासी रंकी पुरवा गंडाही को चोरी की पानी मोटर के साथ गिरफ्तार कर कर लिया।

सती के वरण और विक्षोभ की कथा सुन भावुक हुए श्रोता

खरगूपुर, गोंडा : श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा कला में आयोजित श्री शिव महापुराण कथाअमृत के तृतीय दिवस की कथा में कथाव्यास पूर्व भाजपा सांसद वशिष्ठ पीठाधीश्वर श्री अवधधाम डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि शिव भगवान ने सती से विवाह के समय यह शर्त रखी थी कि अगर तुमने मेरे ऊपर अविश्वास किया और मेरी बात नहीं मानी तो मैं आपका परित्याग कर दूंगा और जब भगवान श्री रामचन्द्र जंगल में भगवती सीता की खोज में घूम रहे थे तो सती ने भगवान शंकर पर अविश्वास करके उनकी परीक्षा लेने के लिए भगवती सीता का रूप धारण कर लिया। मौसम के बदले मिजाज के बीच भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयोजक पीठाधीश्वर संत राघवेश दास वेदांती, संतोष घनश्याम शुक्ला अवनीश शुक्ला कालीचरण मिश्रा, अलख राम वर्मा, रामसनेही गुप्ता, मोहनलाल पाल बृजलाल, सूर्यलाल बालक राम लोकेश तिवारी सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

पांच बीघा खेत न मिलने पर महिला को मारा-पीटा

खरगूपुर, गोंडा: दहेज मे पांच बीघा खेत की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को कमरे में बंद कर बुरी तरह से पिटाई की गई। पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सिसई माफी मंगल नगर का है। थाना क्षेत्र के ही परसा फरेंदा शुक्ल निवासी रमेश कुमार ने अपनी बेटी रिंका देवी की शादी सिसई माफी मंगल नगर निवासी रक्षा राम के बेटे मनोज कुमार के साथ करीब ढाई साल पहले की थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज के रूप में ससुराल पक्ष द्वारा पांच बीघा खेत की मांग की जाने लगी। उक्त मांग की पूर्ति न होने पर विवाहि ता का उत्पीड़न किया जाने लगा तथा शुक्रवार को ससुराल में उसे कमरे में बंद कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया गया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी लड़की को ससुराल में नशीला टैबलेट खिलाकर सुला दिया जाता था जिसका उल्लेख उन्होंने दर्ज कराए गए मुकदमे में किया है। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के पिता रमेश कुमार की तहरीर पर पति मनोज सास बेटा देवी ननद गुड़िया तथा श्याम बिहारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

नकदी समेत लाखों के मोबाइल पार

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचार: धानेपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। वह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इन चोरों के आगे पस्त नजर आ रही है। धानेपुर कस्बे के इंदिरा नगर तिराहे पर सराफा और मोबाइल शॉप में हुई चोरी के तीन बाद शनिवार की रात चोरों ने बाबागंज कस्बे में धावा बोला। चोर एक मोबाइल शॉप की दीवार में सेंध लगाकर दुकान के भीतर घुस गए और दुकान में रखी पांच हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के मोबाइल सेट उठा ले गए। जाते जाते चोर सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क भी लेते गए। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

दुकान के बाहर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

धानेपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के मजरा पश्चिम पुरवा के रहने वाला यशपाल मौर्य बाबागंज बाजार में किराये के मकान में मोबाइल शॉप की दुकान कर रहा है। यशपाल के मुताबिक वह प्रतिदिन शाम को दुकान बंद कर अपने गांव चला जाता है। शनिवार को भी वह दुकान का शटर बंद कर उसमें ताला लगाकर गया था। रात में अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगा दिया और उसी के रास्ते दुकान के भीतर घुस गए। चोरों ने पूरे इत्मीनान से दुकान को खंगाला और दुकान में रखी 5 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के मोबाइल सेट उठा ले गए। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दीवाल कटी देख उसके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सेंट कटने की सूचना पर सैकड़ों व्यापारी दुकान के पास जमा हो गए। यशपाल ने बताया कि सैमसंग गैलेक्सी कि 6 पीस मोबाइल सेट, स्मार्ट कंपनी का 10 पीस, हॉट कंपनी का तीन पीस ,पाक कंपनी का एक पीस, स्पार्क कंपनी का दो पीस व आईटेल कंपनी का एक पीस मोबाइल सेट चोरी हुआ है। इसके अतिरिक्त चेर 5 हजार रुपये नकद व सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क भी निकाल ले गए हैं।

परेशानी गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना लगती है वाहनों की लंबी कतार, लाखों वाहनों का रहता है दबाव

सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से जूझते हैं आने-जाने वाले लोग

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रेलवे प्रशासन एक लाख से अधिक यातायात घनत्व वाले रेलवे क्रासिंगों पर ओवरब्रिज का निर्माण कराता है लेकिन गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर सुभागपुर रेलवे क्रासिंग पर पांच लाख से अधिक यातायात घनत्व है। प्रतिदिन लाखों वाहनों का आवागमन होता है। गोंडा स्टेशन व सुभागपुर स्टेशन के मध्य इस क्रासिंग पर होम सिग्नल भी है। इस पर प्रतिदिन कई दर्जन यात्री व माल ट्रेनें गुजरती हैं। सुभागपुर में माल गोदाम होने की वजह से यह क्रासिंग देर-देर तक बंद रहता है। यही कारण है कि यह क्रासिंग एक-एक घंटे तक बंद रहती है। इसकी वजह से दोनों तरफ हजारों वाहनों का जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज बनवाने की मांग की है।

सुभागपुर रेलवे क्रासिंग बंद होने से लगा जाम। अमृत विचार

सबसे अधिक मुसीबत का सामना एंबुलेंस में बैठे गंभीर मरीजों को होती है, इसके साथ-साथ जब विद्यालयों में छुट्टी होती है तो बच्चे भी फंस जाते हैं। इस क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग पहले भी हो चुकी है, लेकिन शासन प्रशासन ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। जाम में फंसने के कारण लोग आक्रोशित होते हैं और जनप्रतिनिधियों को भी कोसते हैं। जयनगरा के रहने वाले राजा तिवारी बताते हैं कि रेलवे क्रॉसिंग अक्सर बंद रहती है। वाहनों का काफिला जाम के रूप में लगा रहता है। आने जाने वालों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिस तरीके से गोंडा बलरामपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन होता है उसके लिए ओवर ब्रिज बनवाना अति आवश्यक है। क्रॉसिंग के समीप दुकान करने वाले चंदन बताते हैं कि कभी-कभी तो रेलवे क्रॉसिंग काफी देर तक बंद रहती है। एम्बुलेंस भी फंस जाती है जिससे बीमार तो परेशान होता ही है उसके साथ तीमारदार भी परेशान होते हैं। सरकार को जाम की समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। इंदिरापुर के नासिर बताते हैं कि कई रेलगाड़ी इस रेल प्रखंड से होकर बलरामपुर गोरखपुर तक जाती हैं। अधिक गाड़ियों का संचालन इस रूट से होता है। जिससे हर एक घंटे के बाद गेट बंद होता है। इसके अलावा माल गोदाम भी है मालगाड़ी आती है तब भी जाम लग जाता है। शासन को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। राहुल दुबे का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग के समीप माल गोदाम है। रेलवे स्टेशन है। भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है ऐसे में बार-बार रेलवे क्रॉसिंग का गेट बंद होने से काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। क्रॉसिंग के दोनों तरफ लंबी-लंबी वाहनों की लाइन लग जाती हैं। जिससे काफी दिक्कत होती है। कई बार जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कभी-कभी तो जाम के चलते दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। जाम को छुड़वाने के लिए कभी कभी पुलिस को भी आना पड़ता है। गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित किस रेलवे क्रॉसिंग पर रोज जाम लगता है जिससे लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है । प्रतिदिन बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती से सैकड़ों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना ने घायल मैजिक ड्राइवर की इलाज के दौरान गई जान

नवाबगंज, गोंडा : दुर्घटना में घायल मैजिक वाहन चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चालक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतापगढ़ जिले के थाना अंतू के संग्रामपुर किला गांव निवासी महिला अर्चना सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति हरिश्चंद्र सिंह (34) डाला मैजिक के ड्राइवर थे। बीते 28 जनवरी को वह लखनऊ से सामन लाद कर बलरामपुर जा रहे थे। लोलपुर फोर-लेन ओवरब्रिज के नीचे सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मैजिक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। उधर, इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गुणवत्ता विहीन बाउंड्री वॉल निर्माण की शिकायत

करनैलगंज, गोंडा : तहसील क्षेत्र के विकासखंड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा में स्थित कम्पोजिट विद्यालय की बाउंड्रीवाल के निर्माण में मानक की अनदेखी कर गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर गाँव के ही उमाशंकर यादव ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए जाँच की मांग है। शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत से निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बाउंड्रीवाल निर्माण में पीली ईंट व मानक विहीन मसाले का प्रयोग कर आनन-फानन में दीवार का प्लास्टर भी कर दिया गया है।

अज्ञात कारणों से अधेड़ की गई जान

उमरी बेगमगंज, गोंडा : शनिवार देर रात बेलई पूरे अमदही निवासी भोला सिंह (42) पुत्र मिट्ठू सिंह की अज्ञात कारणों से हुई दुर्घटना में अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण मौत हो गई। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि भोला सिंह धनईगंज बंधे के चौराहे से वापस अपने घर आ रहे थे कि चौराहे पर किसी अज्ञात कारणों से हुई दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना किस वजह से हुई यह अभी पता नहीं चल पा रहा है। कुछ लोग किसी वाहन की चपेट में आ जाने के बात बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग सड़क किनारे रखे ईटों से टकराने की भी संभावना व्यक्त कर रहे हैं। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि मृतक का पीएम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के पश्चात विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

मुगल मानसिकता का जीवंत उदाहरण हैं ओवैसी:डॉ. दिनेश शर्मा

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद ने एआईएमआईएम प्रमुख पर किया पलटवार

गोंडा कार्यालय

- ओवैसी ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के फैसले पर बोला था हमला

अमृत विचार: देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के फैसले की आलोचना करने वाले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने जोरदार पलटवार किया है। पूर्व डिप्टी सीएम ने असदुद्दीन ओवैसी को मुगल मानसिकता का जीवंत उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी की जुबान पर रह रहकर पाकिस्तानी भूत सवार हो जाता है। आडवाणी का त्याग और बलिदान ओवैसी को नहीं पता है।

आपको बता दें कि आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के फैसले की आलोचना करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से कहा था कि लालकृष्ण आडवाणी के लिए भारत रत्न उचित है। हिंसा में जान गंवाने वाले भारतीयों की कब्रें सीढ़ियों के अलावा और कुछ नहीं हैं। इस बयान के बाद पूर्व डिप्टी सीएम का बयान आया है।

डॉ. दिनेश शर्मा रविवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से देवीपाटन मंडल क्लस्टर योजना अंतर्गत आयोजित बैठक में शामिल होने गोंडा पहुंचे थे। बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि आडवाणी ने इस देश को एक करने के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर किया है। अपने जीवन चरित्र के कारण आडवाणी लोगों के लिए रोल मॉडल हैं। ओवैसी अगर आडवाणी के बारे में कुछ कहते हैं तो वह आसमान में थूकने जैसा है। वह उन्हीं के ऊपर पड़ेगा।

जो मंदिर जाने से रोकते थे,वह हनुमान चालीसा पढ़ रहे, यही अच्छे दिन: डॉ. शर्मा ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि मोदी फोबिया कांग्रेस के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। जो लोगों को राम मंदिर जाने से रोकते थे, मस्जिदों में चादर चढाते थे, रोजा इफ्तार करते थे, मंदिर की जगह अस्पताल बनाने की वकालत करते थे, आज वह तिलक लगा रहे हैं और हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं। यही अच्छे दिन हैं। अखिलेश यादव के ईवीएम हटाओ के बयान की आलोचना करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि कि वह जीत जाएं तो ईवीएम ठीक है, हार जाए तो ईवीएम खराब है। कर्नाटक, हिमाचल, पश्चिम बंगाल जीत गए तो ईवीएम ठीक थी। उत्तर प्रदेश में हार जाएं तो ईवीएम खराब है। दरअसल इन लोगों की मानसिकता खराब है।

ज्ञानवापी मामले में कोर्ट के आदेश का पालन करा रही सरकार: ज्ञानवापी फैसले पर पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि 1993 से पहले वहां हिंदू समुदाय के लोग पूजा पाठ करते रहे हैं। 1993 में सपा सरकार बनने पर पूजा पाठ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस फैसले के खिलाफ लोग न्यायालय गए। लंबी प्रक्रिया चली।

अब कोर्ट ने पहले की प्रक्रिया को बहाल कर दिया। न पहले बीजेपी थी न अब बीजेपी है। पहले सपा ने बंद कराया अब कोर्ट ने आदेश कर दिया। कोर्ट के आदेश का पालन कराया जा रहा है। यह देश न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर चलता है। किसी के कहने पर नहीं। जो लोग फैसले के खिलाफ बोल रहे हैं वह कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं।

सुनवाई न होने पर अनशन की चेतावनी

इटियाथोक, गोंडा: इटियाथोक रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ठहराव की मांग जोर पकड़ती जा रही है। कई संगठनों ने मांग पत्र सौंपा लेकिन अभी तक मांग पत्रों पर कोई विचार नहीं हुआ है। इससे आहत होकर पूर्व प्रधान इटियाथोक दिनेश कुमार शुक्ला एक बार पुनः मंडल रेलवे प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ से अपील की है कि 10 दिवस के अंदर यदि इंटरसिटी ठहराव इटियाथोक - बाबागंज मार्ग पर अंडरपास की मांग पूरी नहीं की जाती है तो वे अपने साथियों के साथ इटियाथोक रेलवे स्टेशन परिसर में 16 फरवरी दिन में 11:00 बजे से क्रमिक अनशन करेंगे।

मोदी की सरकार ने किया मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण:डॉ. शर्मा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने रविवार को जिले में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायीं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि विकास योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। अपने पूरे कार्यकाल में सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काफी जोर दिया है। साथ ही पिछले एक दशक के कार्यकाल में निरंतर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि देश के विकास के केंद्र बिंदु पर बना रहे।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता हमेशा मोदी सरकार के सुशासन मॉडल का एक प्रमुख पहलू रही है। यह सरकार न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप और अधिकतम शासन के मार्ग पर कार्य करती है। सुशासन का यह मॉडल मूल रूप से हर चीज के केंद्र में आम नागरिक को रखता है। इस मॉडल के आधार पर करदाता अब फेसलेस मूल्यांकन की सेवा का आनंद ले रहा है।

प्रेसवार्ता करते पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा। अमृत विचार

राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा रविवार को गोंडा दौरे पर थे। पूर्व डिप्टी सीएम ने देवीपाटन मंडल क्लस्टर योजना अंतर्गत गोंडा, बलरामपुर, बहराइच एवं श्रावस्ती जनपदों से आए लोकसभा विस्तारकों एवं विधानसभा विस्तारकों के साथ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बैठक की और युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सभी अभियानों की समीक्षा की।

डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्यों के विकास के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों को लागू करने का आग्रह करके लगातार संघवाद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी समाज के सभी वर्गों को राष्ट्र की सफलता की कहानी में योगदान देना होगा।

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट की तारीफ करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि यह अंतरिम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। साथ ही अगले 23 वर्षों के लिए दिशा निर्धारित करता है जब भारत स्वतंत्रता की एक शताब्दी मनाएगा। उन्होंने कहा कि भारत को 2014 से पहले की नाजुक अर्थव्यवस्था से आर्थिक प्रबंधन में विश्व नेता बनने के मोदी सरकार के प्रयासों को रेखांकित करने के लिए एवं साथ ही साथ कुप्रबंधन के पिछले दौर से सबक लेने के लिए संसद के समक्ष एक श्वेत पत्र रखा जायेगा। यह सरकार के मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण का ही परिणाम है कि आज देश में हवाई अड्डे की संख्या बढ़कर 149 पहुंच गई है।

इस बैठक में जिलाध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू, पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, अकबाल बहादुर तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर रंजन शर्मा, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, जसवंत लाल सोनकर, उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्रा, संदीप पांडे, जिला मंत्री विनय शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा संयोजक नंदकिशोर नंदू, केके श्रीवास्तव, राजा बाबू गुप्ता, श्रीकांत पांडेय, नीरज मौर्य, सभी अभियान के संयोजक एवं सहसंयोजक सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रंजिश को लेकर दबंगों ने महिला की जमकर की पिटाई

नवाबगंज, गोडा : पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने महिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के रामचंदरपुर गांव निवासी श्रीराम वर्मा ने थाने पर दी गई में बताया कि शनिवार की सुबह करीब दस बजे गांव के कर्ता राम वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, वजीरगंज के बालाराई नगवा गांव निवासी विजय वर्मा तथा थाना क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी पारस वर्मा उसके दरवाजे पर आए और पुरानी रंजिश को लेकर मेरी पत्नी लीलावती को गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे,शोर सुनकर बचाने के लिए दौड़ी उनकी पुत्री रोशनी तथा मानसी को भी लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे सभी लोगों को काफी चोटें आईं। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

करनैलगंज में पूर्व उपमुख्यमंत्री का किया गया जोरदार स्वागत

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: रविवार को करनैलगंज पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा का कैसरगंज लोकसभा चुनाव कार्यालय पर भाजपाइयों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बारिश के बावजूद भी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया उसके बाद पूर्व डिप्टी सीएम का काफिला गोंडा की ओर रवाना हुआ।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह, अवधेश गोस्वामी, भूपेंद्र सिंह सलूजा, मनोहर सिंह छाबड़ा, श्याम किशोर मिश्र, संतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

बिना दहेज विवाह कर पूर्व सैनिक ने कायम की मिसाल

दहेज की पेशकश ठुकराई, अक्षत लेकर पूरी की तिलक की रस्म

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: वर्तमान समय में समाज जिन कुरीतियां को लेकर सबसे अधिक परेशान है, उसमें दहेज प्रथा सबसे बड़ी कुरीति के रूप में सामने आ रही है।

दहेज को लेकर आए दिन विवाहिताओं को प्रताड़ित किए जाने की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे समय में शहर के गल्ला मंडी के निकट इमिलिया गुरुदयाल मोहल्ले के निवासी सत्य प्रकाश दुबे ने मिसाल कायम की है। 10 वर्ष पहले थल सेना की नौकरी से सेवानिवृत हुए दुबे के एक पुत्र व एक पुत्री है।

पुत्री की शादी पूर्व में ही हो चुकी है, जबकि पुत्र अभय दुबे श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं। सत्य प्रकाश दुबे से जब बहू पक्ष के रिश्तेदारों ने दहेज की पेशकश की तो उन्होंने साफ मना कर दिया। यहां तक की उन्होंने दहेज में पांच फल व पांच मुट्ठी अक्षत के अतिरिक्त 1 रुपये की नगदी लेने से इनकार कर दिया। दुबे ने अपने पक्ष के लोगों के पांव छुवाई की रस्म को भी मना कर दिया। परसपुर विकासखंड के बलमत्थर निवासी सत्य प्रकाश मिश्रा अपनी पुत्री प्रियांशु का विवाह उपरोक्त दुबे परिवार में अभय दुबे के साथ कर रहे हैं।

सोमवार को इस रिश्ते के तहत तिलक समारोह बहराइच रोड स्थित श्री हरि मैरिज लॉन में संपन्न हुआ। बिना दहेज के हो रहे इस विवाह को लेकर दोनों पक्षों के नाथ रिश्तेदारों में भी काफी चर्चा रही। लोग इसके लिए सत्य प्रकाश दुबे की सराहना कर रहे हैं।

दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी, दी तहरीर

मनकापुर, गोंडा: दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चुरा कर चलता बने। बाइक मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकादमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम लमती उकरहवा निवासी गुलाब चंद ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि उसकी टेंट की दुकान के सामने काले रंग की स्पेलेण्डर बाइक बीते शनिवार शाम को 7 बजे खड़ी की थी। सुबह बाहर निकल कर देखा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने वाहन स्वामी के तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बाइक ले उड़े चोर, केस दर्ज: धानेपुर: ग्राम रेतवागाड़ा के मजरा सकटुकपुरवा के रहने वाले रामराज राजभर ने तहरीर देकर कहा है कि गत 29 जनवरी को अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी मोटरसाइकिल का पता नहीं चल सका। प्रभारी अमर सिंह निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात मोटरसाइकिल चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

निशान शोभायात्रा के दौरान फूलों और पानी की हुई बारिश

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर के 20वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रविवार को निशान शोभायात्रा निकाली गई। पहली यात्रा श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से डीजे बैण्ड के साथ भजनों की धुन पर नगर में निकली जो रानी बाजार, अग्रसेन चौराहा साहबगंज नूरामल मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंची और दूसरी यात्रा चौक बाजार पीपल चौराहे से निकली जो महिला अस्पताल, गुरु नानक चौक होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंच कर दोनों निशानयात्रा श्रीश्याम मंदिर पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित किया और आशीर्वाद लिया। निशानयात्रा में श्री श्याम प्रभू एवं राणी सती दादी का भव्य दरबार सजा हुआ था। दरबार पर महंत पल्लू जालूका मौजूद रहे। निशान यात्रा में भक्तों ने जगह-जगह बाबा-दादी की आरती उतारी और फूलों से वर्षा भी की गई तो पानी की भी वर्षा भी खूब हुई। मगर भक्त मस्ती में झूमते रहे। निशान शोभायात्रा में श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा फल, नमकीन और जूस का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया तो उधर बाबा श्याम के प्रेमी शलभ गर्ग की तरफ से मक्खन का प्रसाद वितरण किया गया। निशानयात्रा में भक्तों ने बरसते पानी में डीजे पर बाबा श्याम की भजनों पर खूब झूमे और श्याम मंदिर में भी बाबा के भजनों पर झूमे। बाबा खाटू श्याम जी का दर्शन किया और प्रसाद ग्रहण किया। निशानयात्रा के दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, अनिल मित्तल, विमलेश सिंघल, भाजपा नगर अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, अरिहंत जैन, गोलू सिंघल, विशाल बंसल, गौरव रस्तोगी, अजय अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, राम मनोहर अग्रवाल, सत्यवान केडिया, सरोज अग्रवाल, सुधा टेकरीवाल, सरोज गर्ग, डॉ उषा अग्रवाल, नीतू गर्ग, छवि अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूजा मोदनवाल सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

निशान यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार


निशान यात्रा का नजारा। अमृत विचार

मजहबी किताब बेचने वाले को यूपी एटीएस ने उठाया

एटीएस की छापेमारी से जिले में हड़कंप, पुलिस महकमे ने किया जानकारी से इनकार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: यूपी एटीएस की टीम ने रविवार को जिले में छापेमारी की। एटीएस की टीम शहर में मजहबी किताब बेचने वाले शख्स को उठाकर अपने साथ ले गई है। पकड़े गए शख्स के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका है। हालांकि छापेमारी को लेकर पुलिस विभाग पुष्टि नहीं कर रहा है। महकमें के आला अफसरों का कहना है कि उन्हें इस तरह की छापेमारी की कोई जानकारी नहीं दी गई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पांडेय बाजार पुलिस चौकी के पास स्थित रकाबगंज में बीते एक साल से गोलागंज निकट भारत मिलाप चौराहा का रहने वाला शेरू उर्फ इरशाद (40) मकतबातुल मदीना कन्जुल ईमान के नाम से दुकान का चलाता है। शेरू मजहबी और इस्लामी किताबों के साथ इस्लाम धर्म से जुड़े सामानों की बिक्री करता है। आसपास के लोगों के मुताबिक रविवार की शाम 4-5 लोग अचानक उसकी दुकान पर पहुंचे और शेरू उर्फ इरशाद को लेकर चले गए। सभी लोग सादे ड्रेस में थे। बताया जा रहा है कि एटीएस की टीम को शेरू उर्फ इरशाद के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का शक है। इसी के चलते एटीएस टीम ने छापा मारकर शेरू को उठाया है और उसे अपने साथ ले गयी है। इस छापेमारी से जिले में हड़कंप मचा है।

हालांकि पुलिस महकमे के अफसर इस कार्रवाई से अनभिज्ञता जता रहे हैं। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने कहा कि जांच के लिए किसी युवक को ले जाने की जानकारी सामने आई है लेकिन वह कौन सी एजेंसी या टीम थी, वह इस बारे में नहीं बता सकते। इस छापेमारी को लेकर जब पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी सुरक्षा एजेंसी की तरफ से छापेमारी या गिरफ्तारी की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

नाली निर्माण को लेकर प्रधान से भिड़े ग्रामीण, दी गई तहरीर

धानेपुर, गोंडा: धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरिया अलावल में रविवार को नाली निर्माण का विरोध कर रहे कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान की पिटाई कर दी। प्रधान का आरोप है कि वह जैसे ही निर्माण स्थल पर पहुंचे वहां पहले से मौजूद लोगों ने उन्हे पकड़ लिया और लात घूंसों से जमकर पीटा। आरोपियों ने प्रधान का कपड़ा भी फाड़ दिया। पीड़िता ने गांव के ही 10 लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मई मिले की जांच कर रही है।

मुजेहना ब्लाक के ग्राम पंचायत देवरिया अलावल के ग्राम प्रधान मुजीब खान ने बताया कि वह गांव में जल निकासी के लिए नाली का निर्माण करा रहे हैं। नाली का पानी गांव स्थित तालाब में गिराया जाना है, लेकिन गांव से ही कुछ लोग तालाब को अपनी संपत्ति बता रहे हैं। इसी विवाद को लेकर लोगों ने नाली पाट दी थी। रविवार को वह इसी नाली निर्माण कार्य को देखने मौके पर गए थे। प्रधान का कहना है कि वहां पहले से मौजूद करीब 10 लोगों ने बिना किसी बात को उन पर हमला कर दिया और लात घूंसों से जमकर पीटा। इस पिटाई में उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं। आरोपियों ने उनका कपड़ा भी फाड़ दिया। पीड़ित ग्राम प्रधान ने गांव के ही कलीम, सुकरुल्ला उर्फ़ निब्बर, अतिकुर्रहमान, रफ़ी उल्लाह, अशफाक, सिराज उर्फ़ गप्पी, इसरार अली, वारिस अली व तीन अज्ञात लोगो के विरुद्ध तहरीर दी।

मुजीब खां, पीड़ित प्रधान। अमृत विचार

एक नजर

विभिन्न मामलों में पांच लोगों को भेजा गया जेल

बहराइच। खारी घाट थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव निवासी पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक बेचन प्रसाद, उप निरीक्षक मार्कंडेय तिवारी, उपनिषद देवेंद्र प्रताप सिंह और उप निरीक्षक महबूब आलम के साथ दीवान चंद्रशेखर मिश्र की टीम ने अलग-अलग गांव में दबिश दी। पुलिस टीम ने पिपरिया केवलपुर गांव निवासी बुधाई पुत्र राधे, बहादुर पुत्र राधे, इतवारी पुत्र बेचई और लोधन पुरवा निवासी घसीटे, छतरपूरवा गांव निवासी रामसही पुत्र रंगीलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जिला बदर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच। नानपारा कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक नरसिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह गश्त पर निकले थे। मंझौवा भुलौरा गौश्रालय के पास जिला बदर अपराधी छोटा भुलौरा निवासी गुरूप्रसाद को देखा। उसने भागने की कोशिश की। घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल मिथलेश कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर गुंडा एक्ट की कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है।

वारंटी को भेजा जेल

बहराइच। रिसिया थाना क्षेत्र के हुसैनपुर मोहम्मदपुर गांव निवासी लियाकत पुत्र अमजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। उसके विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को अपने निरीक्षक गोविंद कुमार यादव और हेड कांस्टेबल सरबजीत यादव की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कार्यक्रम का आयोजन

बहराइच। बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके सिंह सेवानिवृत हो गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सेवानिवृत होने पर स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारियों की ओर से शनिवार रात को एक होटल में विदाई पार्टी आयोजित की गई। जिसमें सभी ने सीएमओ को भावभीनी विदाई दी।

350 मनरेगा मजदूर बनेंगे कुशल श्रमिक

मनरेगा मजदूरों को दिया जा रहा तीन माह का प्रशिक्षण, सभी को मिलेगा प्रमाण पत्र

राजू जायसवाल

बहराइच, अमृत विचार। जिले के 350 मनरेगा मजदूरों को कुशल श्रमिक बनाया जायेगा। इसके लिए उन्हें जीडीए और इलेक्ट्रिक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इन श्रमिकों को आधुनिक भवनों के निर्माण में कोई दिक्कत नहीं होगी। कुशल श्रमिक बनने के लिए हाईस्कूल पास होना अनिवार्य है।

जिले में कुशल श्रमिकों का अभाव है। जिसके चलते आधुनिक भवन के निर्माण में काम करने या करवाने में दिक्कत होती है। इसको देखते हुए सरकार ने मनरेगा मजदूरों को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत कुशल श्रमिक बनाने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा के उपायुक्त केडी गोस्वामी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर जिले में काम करने वाले मनरेगा मजदूरों की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि जिले के 14 विकास खंड से 100 श्रमिकों को चुना गया है। यह श्रमिक कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके लिए सभी ने आवदेन किया है।

उपायुक्त ने बताया कि मनरेगा मजदूरों को कुशल श्रमिक बनाने के लिए सभी को तीन माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए कौशल विकास मिशन में इन सभी का नामांकन शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इन श्रमिकों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इसके बाद इन कुशल श्रमिकों को उनके हिसाब से ड्यूटी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कुशल श्रमिकों के आय में वृद्धि होगी। साथ ही उनका कार्य भी अन्य श्रमिकों से अलग रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले से 350 मनरेगा मजदूरों का कुशल श्रमिकों के लिए चयन होना है।

▸▸ हाईस्कूल पास मनरेगा मजदूर ही बन सकेंगे कुशल श्रमिक

मनरेगा आयुक्त केडी गोस्वामी।

इन ट्रेड में होगा प्रशिक्षण

मनरेगा के उपायुक्त केडी गोस्वामी ने बताया कि कुशल श्रमिकों को कौशल विकास मिशन की ओर से जीडीए और इलेक्ट्रिक ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह तीन माह का रहेगा। तीन माह के प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा।

100 दिन काम करने वाले ही होंगे पात्र

कुशल श्रमिकों को कक्षा 10 की पढ़ाई पूरी होनी चाहिए। इसके साथ ही मनरेगा के तहत काम से कम 100 दिन काम करने का अनुभव हो। ऐसे श्रमिकों का ही कुशल श्रमिक के लिए चयन किया जा रहा है। ऐसे श्रमिकों को विभाग द्वारा स्वयं काम मुहैया कराया जायेगा।

-केडी गोस्वामी उपायुक्त मनरेगा

बहराइच के समरेंद्र राय को अमेरिका से आया बुलावा

बहराइच, अमृत विचार। शहर के रायपुर राजा छावनी सरकार निवासी समरेंद्र रॉय को अमेरिका के एमआईटी और यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय, अरबाना शैम्पन, दो विश्वविद्यालय से 5 वर्षों के लिए 10 करोड़ से अधिक छात्रवृति डॉक्टरेड ऑफ फेलोसाफी (निउकिल्यर प्लाज्मा, रेडियोलिजिकल इंजीनियरिंग) के लिए ऑफर प्रदान किया गया है। इसकी सूचना उनको ईमेल द्वारा दिया गया। बहराइच जैसे पिछड़े जिले से होनहार विद्यार्थी ने जनपद का नाम रोशन किया। समरेंद्र रॉय आईआईटी बॉम्बे के छात्र है। कुछ दिन पूर्व अमेरिका से शोध करके वापस भारत लौटे हैं। समरेंद्र के इस उपलब्धि पर भाजपा नेता राहुल रॉय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि मानवेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, मन्नू सिंह पट्टी पुरवा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

अधिवक्ता के घर हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

बहराइच

अमृत विचार। शहर के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा निवासी एक अधिवक्ता के यहां एक जनवरी को चोरी हो गई थी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा निवासी राजेश शुक्ला दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता है। एक जनवरी को वह रिश्तेदारी में आयोजित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक अफाक खां, उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह, दीवान भगत सिंह, सिपाही मुकेश यादव, संतोष यादव, नीरज कुमार की टीम को चोरी के खुलासे के लिए लगाया गया। रविवार शाम को कोतवाली नगर की पुलिस प्राइवेट बस स्टैंड के निकट आने-जाने वालों की जांच कर रही थी। जांच के दौरान चार लोगों को चोरी के मामले में जांच का गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुख्य अभियुक्त शहर के मोहल्ला ब्राह्मणी पुरा निवासी रामजी मिश्रा पुत्र राजीव लोचन मिश्रा, बौंडी थाना क्षेत्र के सलेमपुर डोकरी गांव निवासी सत्यम सोनी पुत्र पप्पू सोनी, मोहल्ला वशीरगंज निवासी राहुल सोनी पुत्र शिव प्रसाद सोनी और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया। सभी के पास से 16000 नगदी सोने चांदी के जेवरात बरामद हुए। कोतवाल ने बताया कि सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद सामना को सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि लिखापढ़ी के बाद सामान वकील को दे दिया जाएगा।

▸▸ बाल अपचारी समेत चार अभियुक्त गिरफ्तार, नकदी और जेवरात भी हुआ बरामद

800 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार। भारत नेपाल सीमा पर सत्सत सीमा बल और पुलिस के जवानों ने गश्त के दौरान दो लोगों को 800 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। सात साइकिल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और एसएसबी के कमांडेंट के निर्देश पर पुलिस के साथ एसएसबी के जवान सीमा पर कड़ी चौकसी बरत रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि वरिष्ठ उप रूदल बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अशोक कुमार, एसआई कृष्ण कुमार सिंह और एसएसबी के निरीक्षक कुमार ऋतुराज की टीम जंगल मार्ग से कुछ लोगों को भारत में प्रवेश करते देखा।

एसएसबी जवानों ने सभी को घेरकर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोग साइकिल छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। जबकि दो लोगों को मौके से पकड़ लिया गया। उनके पास से 800 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण बरामद की। उनकी पहचान सुरेंद्र सोनकर पुत्र तीरथ राम भगवानपुर निवासी और प्रवेश सोनकर पुत्र रामकुमार उर्फ लिलऊ निवासी जिगरिया रामपुर मुन्नापाठक के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। जबकि गिरफ्तार दोनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं बरामद सात साइकिल और अन्य सामान को सीज कर दिया गया है। टीम में एएसआई कार्तिक चंद्र, सुभाष कुमार, शंकर लाल, अजय कुमार, मनोज कुमार पाटिल हरीश, मुकेश समेत अन्य शामिल रहे।

▸▸ अन्य शराब तस्कर हुए फरार, पुलिस व एसएसबी ने की कार्रवाई

सार-संक्षेप

ताइक्वांडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीन खिलाड़ी चयनित

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

बहराइच। शहर की तीन बालिकाओं को जयपुर में होने वाले ताइक्वांडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित किया गया है। सभी खिलाड़ी बहराइच ताइक्वांडो संस्था की अगुवाई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं है। संस्था के सचिव इसरार अली ने बताया कि अभी हाल ही में हुई ताइक्वांडों की स्टेट प्रतियोगिता में शहर की नव्या सिंह, बुशरा हाशमी व वंचिता श्रीवास्तव ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था। सभी खिलाड़ियों को छह फरवरी को जयपुर में होने वाली ताइक्वांडो के खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित किया गया है। सचिव अली ने बताया कि तीनो बालिका कोच एजाज अली के नेतृत्व में गत पांच वर्षो से अभ्यास कर रहीं हैं। तीनों बालिका खिलाड़ियों के इस काम्याबी पर सचिव अली व स्पोर्ट टीचर विवेक रावत ने कोच एजाज व शकिर अली के प्रति अपना अभार व्यक्त किया है।

नवयुग इंटर कालेज में एनसीसी की हुई परीक्षा

मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार। नवयुग इण्टर कालेज मिहींपुरवा में रविवार को 245 एनसीसी कैडेट्स की एनसीसी "ए" सार्टिफिकेट परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। जिसमें से 19 कैडेट्स अनुपस्थित रहे।

इंटर कॉलेज में एनसीसी की परीक्षा देते छात्र।

51 यूपी एनसीसी बटालियन बलरामपुर द्वारा नवयुग इण्टर कालेज मिहीपुरवा को एनसीसी "ए" सर्टिफिकेट की परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिस पर राम जानकी इण्टर कालेज रुपईडीहा, एसपीवीपी इण्टर कालेज सेमरहना, नवयुग इण्टर कालेज मिहींपुरवा, सर्वोदय इण्टर कालेज मिहींपुरवा, डा0 राम मनोहर लोहिया इण्टर कालेज बभनिया फाटा के कैडेट्स शामिल हुए। परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण 51 यूपी एनसीसी बटालियन बलरामपुर के सीओ कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने किया। परीक्षा केंद्र पर सुचितापूर्ण परीक्षा चलती हुई पायी गयी। परीक्षा सूबेदार सुखविंदर सिंह, नायक हवलदार राकेश कुमार, हवलदार सुमेर, हवलदार अमर डाले की देख देख में हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुभाष चन्द वर्मा, एएनओ धीरज कुशवाहा, बृजेश कुमार, पुनीत मिश्रा, प्रमोद कुमार, चन्दन कुमार उपस्थित रहे।

पूरे दिन जारी रही रिमझिम बारिश

बहराइच, अमृत विचार। जिले में रविवार की सुबह बादलों के बीच हुई। सुबह आठ बजे से ही बूंदाबांदी के बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। रिमझिम बारिश रह रहकर पूरे दिन होती रही। बारिश के चलते सड़कों पर कीचड़ और जल भराव की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि बारिश से गेहूं और पिचेती सरसों की फसल को लाभ मिलेगा। जबकि अगेती सरसों और सब्जियों की फसल को नुकसान होगा। बारिश के चलते मौसम में नमी आ गई लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा।

इंडो-नेपाल काउंटर पार्ट समन्वय बैठक आयोजित

श्रावस्ती, अमृत विचार। सशस्त्र सीमा बल की 62वीं वाहिनी के कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में रविवार को इंडो-नेपाल काउंटर पार्ट समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 'एफ' समवाय ककरदारी के समवाय प्रभारी निरीक्षक/सामान्य रघुनाथ के द्वारा 30वीं वाहिनी एपीएफ की सीमा चौकी गंगा पुर के प्रभारी निरीक्षक शेखर जी. सी. ने प्रतिभाग किया। समन्वय बैठक के दौरान सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल एपीएफ दोनों पक्षों के बीच सीमा स्तंभ की सुरक्षा, सीमा स्तंभों का रख रखाव, ख़राब स्तंभों की मरम्मत सीमा चौकी स्तरी संयुक्त गश्त, सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधयों पर नियंत्रण, नेपाली नागरिको का सरल एवं सुरक्षित प्रचालन, अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण, जंगली जीव जंतुओं की सुरक्षा एवं अवैध तस्करी पर नियंत्रण, नकली मुद्रा पर रोक, अवैध हथियारों की तस्करी पर नियंत्रण, मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखना, सम्बंधित सुचना का आदान प्रदान, सीमा पर असामाजिक तत्वों पर पूर्णत: निगरानी हेतु चर्चा कर सहमति जताई गई। इस दौरान 'एफ' समवाय प्रभारी निरीक्षक/सामान्य रघुनाथ के साथ उप निरीक्षक बिशन दत्त कश्यप, नारायण सिंह मुख्य आरक्षी राकेश तथा गंगा पुर के निरीक्षक शेखर जी. सी., उप निरीक्षक उजर मैंगर, मुख्य आरक्षी बिनोद थापा, मुख्य /आरक्षी टीकाराम, आरक्षी अर्जुन बूढ़ा आदि उपस्थित रहे।

अंतर्जनपदीय शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार। अपर प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा श्यामदेव चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक व्यक्ति सद्दाम पुत्र कमर अली निवासी नासिरगंज थाना सोनवा को नासिरगंज-बदला रोड पर मोटरसाइकिल एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी की गयी तीन अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी। बता दें कि शनिवार को ग्राम राभा थाना पिहानी जनपद हरदोई निवासी व्यक्ति किराये पर कस्बा लक्ष्मणनगर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती ने थाने पर ग्राम खलीफतपुर नासिरगंज के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटर साइकिल चुराने का मामला दर्ज कराया था। क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मुकदमे के आधार पर थाना सोनवा पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर चोरी का सफल अनावरण करते हुये संबंधित आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल की बरामदगी की। साथ ही तीन अन्य मोटरसाइकिलों की भी बरामदगी की। बरामद मोटरसाइकिलों में से 2 जनपद श्रावस्ती व 2 जनपद बहराइच से चोरी की गयी थी।

मुफ्त चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

▸▸ पुलिस लाइन में रेडक्रॉस सोसाइटी व भगौती प्रसाद मिश्रा ममोरियल सेवा अस्पताल ने आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

श्रावस्ती

अमृत विचार। रविवार को पुलिस लाइन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी व भगौती प्रसाद मिश्रा ममोरियल सेवा अस्पताल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया।

पुलिस अधीक्षक ने शिविर में उपस्थित पुलिसकर्मी, परिजन सहित अन्य लोगों को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए संयमित खान-पान, चुस्त दुरुस्त रहने के लिए कई सलाह दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। हम सभी को यातायात नियमों व संकेतो का पालन करते हुए। लोगों को यातायात नियमों व संकेतो के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने मौजूद अधिकारीगण, पुलिस कर्मियों व आमजन को सड़क सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया। भगौती प्रसाद मिश्रा ममोरियल मिश्रा सेवा अस्पताल की वरिष्ठ महिला व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. वंदना मिश्रा ने महिलाओं से संबंधित रोगों व उससे बचने के उपायों के बारे में बताया।

फिजीसियन डा. रमेश कुमार मिश्र ने बीपी, सुगर, गैस, एसीडिटी, अनिंद्रा आदि बीमारियों से बचने के टिप्स दिए। जबकि महिला रोग विशेषज्ञ डा. शालिनी जायवाल ने मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानी व बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। साथ ही सभी को व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया।

मामूली बरसात से सड़क पर जलभराव

गिलौला/श्रावस्ती, अमृत विचार। खंड विकास अधिकारी कार्यालय गिलौला को जाने वाला मुख्य मार्ग पर हाल ही में सीसी सड़क बनाई गई थी। सड़क बनाने का मुख्य उद्देश्य था की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिलौला और खंड विकास अधिकारी कार्यालय को पहुंचने के लिए लोगों को जलभराव से होकर गुजरना न पड़े। सड़क बनने से लोगों को उम्मीद थी कि जल भराव से निजात मिल गई है। लेकिन रविवार को थोड़े से ही बरसात ने एक बार फिर जल भराव वाली स्थिति उत्पन्न कर दी। जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है की लाखों रुपए से बनी सीसी सड़क किस हद तक कारगर है। इस जल भराव के लिए स्थानीय लोगों ने कई बार जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भी लिखा है लेकिन विभाग द्वारा लीपा पोती कर काम को दिखाकर सरकारी धन का बंदर बाट किया जाता है।

वर्ग पहेली-333

बाएं से दाएं

1. 1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7. 1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तजुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8. 1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

ऊपर से नीचे

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भितिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3. 1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4. 1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7. 1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।



वर्ग पहेली - 332 का हल

1 शृ	गा	ल			2 उ
			3 सु	रू	प
			ले		च
4 मु			ख		य
5 सा	ध	6 नि	क		
हि		ज़ा			
7 ब	ढ़	ई		8 ठो	सा

सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4		7		1	
	6		2				9	
3					5			
		6				2		1
			3		6	5		
8		1						
	9		1					6
	5				3		4	
	4		5	7	8		2	

सुडोकू - 49 का हल

2	7	5	6	9	1	4	8	3
6	8	9	3	7	4	2	1	5
3	1	4	2	5	8	7	6	9
1	2	3	4	8	9	5	7	6
8	4	7	5	2	6	3	9	1
9	5	6	7	1	3	8	4	2
5	3	1	9	4	7	6	2	8
4	6	8	1	3	2	9	5	7
7	9	2	8	6	5	1	3	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 17 .24 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 07 .54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

वृष — आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

मिथुन — आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

कर्क — आज धन उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

सिंह — आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

कन्या — आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

तुला — आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

धनु — आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

मकर — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुंभ — आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

मीन — आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई-कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

आज की फिल्में

चाइना गेट
सुबह : 10 .00
बादशाह
रात : 07 .00

अब तक छप्पन 2
सुबह : 09 .00
बाटला हाउस
शाम : 06 .00

स्पाइडर मैन
सुबह : 10 .28
द डॉर्क नाइट
रात : 09 .00

7 आवर्स टू गो
सुबह : 10 .30
सिटीलाइट्स
रात : 07 .30

ओके जानू
दोपहर : 12 .21
डेंजरस खिलाड़ी 2
रात : 09 .53

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम-06 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

एक नजर

पॉस्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पयागपुर, बहराइच। क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक धात्री शंकर सहाय सिंह, का0रविशंकर यादव, महिला आरक्षी अनीता चौधरी द्वारा थाने पर दर्ज दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र केशव निवासी ढखेरवा खालसा थाना निघासन जिला लखीमपुर खीरी को शिवदहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय बहराइच रवाना किया गया है।

रुपये को लेकर मारपीट, 5 घायल

जरवल, बहराइच

- स्कार्पियो के शीशे भी तोड़े, देवा से आ रहे थे दोनों पक्ष के लोग
- पुलिस ने पांच पर दर्ज किया केस

अमृत विचार। देवा शरीफ से कैसरगंज के कोनारी बंगले आ रहे बारातियों के काफिले में एक स्कार्पियो में सवार पांच युवकों को रिठौरा में रोक दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। पांचों युवकों को गंभीर चोटे आई है। कार के शीशे भी हमलावरों ने तोड़ डाले। सूचना के बाद भी पुलिस नही पहुंची। घायलों को थाने लाए जाने पर जद्दोजहद के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है।

जरवलरोड थाना क्षेत्र के बहराइच लखनऊ हाईवे के रिठौरा के पास शनिवार शाम देवा शरीफ से कैसरगंज थाने के कोनारी वापस आ रही बारात के काफिले के एक स्कार्पियो वाहन को दूसरे वाहन ने ओवरटेक कर रोका। जब तक स्कार्पियो सवार कुछ समझ पाए। हमलावरों ने वाहन में सवार कैसरगंज थाने के कोनारी बंगला निवासी शहबाज पुत्र अय्याज, उसके बेटे महताब, नब्बन पुत्र महमूद, उसके बेटे अमान, अमन पुत्र बब्बन को वाहन से खींच दौड़ा दौड़ा कर डंडों से पीट पीट कर घायल कर दिया। यहीं नही हमलावरों ने स्कार्पियो के शीशे भी तोड़ डाले। किसी ने मारपीट की सूचना थाने को दी। पुलिस मौके पर ही नही पहुंची। हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए। घायलों को लेकर पीड़ित थाने पहुंचे। तो काफी जद्दोजहद के बाद घायलों को मुस्तफाबाद सीएचसी भेजा। वहां से घायलों को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

पीड़ित बब्बन ने बताया कि गांव के ही नफीस उर्फ राजू की बारात शनिवार सुबह देवा शरीफ गई थी। निकाह के बाद देवा से यह सभी स्कार्पियो सवार कोनारी बंगले आ रहे थे। बब्बन की तहरीर पर गांव के ही अहमद उर्फ अरसू सहित पांच के विरूद्ध बलवा, मारपीट, धमकी, गाली-गलौज व तोड़फोड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी करें विशेष टीम

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों के साथ की क्राइम मीटिंग, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बहराइच

अमृत विचार। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि थाने आने वाले असंतुष्टों की संख्या कम करने का प्रयास पुलिस करे। उन्होंने कहा कि जो भी इनामी अपराधी हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन करें।

पुलिस लाइन में आयोजित क्राइम मीटिंग की बैठक को सम्बोधित करतीं एसपी।

पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग की बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बैठक की अध्यक्षता की। उपस्थित जिले के सभी थाना अध्यक्षों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एनबीडब्ल्यू के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस शत प्रतिशत योगदान करें। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के जो इनामी अपराधी हैं उनके गिरफ्तारी के लिए संबंधित प्रभारी निरीक्षक विशेष टीम का गठन कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार करवाये। एसपी ने कहा कि थाना क्षेत्र में फरियादियों की समस्या नहीं सुनी जाती है जिसके चलते फरियादी जिला मुख्यालय का रुख करते हैं, इसका असर आईजीआरएस पर भी पड़ता है। ऐसे में असंतुष्टों की संख्या कम करने के लिए पुलिस काम करें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, राहुल पांडे, आनंद कुमार, रूपेश गौड़ के अलावा सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

पयागपुर नगर पंचायत के 24 विकास कार्यों को स्वीकृति

3,33,318 लाख रूपये मंजूर, जल्द शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। नगर पंचायत पयागपुर के विकास कार्यों को अब पंख लगेंगे। इसके लिए सरकार की ओर से 24 विकास कार्यों को मंजूरी देते हुए बजट भी जारी कर दिया है। इसको लेकर नगर पंचायत की जनता में खुशी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष।

नगर पंचायत के विकास कार्य को लेकर काफी समय बाद आस जगी है। इसको लेकर शासन की ओर से 24 विकास कार्यों की स्वीकृति के साथ शासन से बजट भी जारी कर दिया गया है। ऐसे में आदर्श नगर पंचायत पयागपुर के ठप पड़े विकास कार्य को गति मिलने के संकेत दिखने शुरू हो गए है। चेयरमैन बालेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत बोर्ड द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के क्रम में शासन से 31 जनवरी को 24 विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए रु 3,33,318 लाख का धन अंतरित कर दिया गया है। जल्द ही स्वीकृति हुये कार्य पर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

यह होंगे विकास कार्य : अध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सड़क व नाली निर्माण जैसे कार्य की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त डंपिंग ग्राउंड, मॉडल कोटा, आरसीसी रोड, कल्याण मण्डप, नाली-नाला, सोलिंग रोड, गौशाला इत्यादि के लिए बजट अवमुक्त करवाने का प्रयास जारी है। उम्मीद है शीघ्र ही इन कार्यों के लिए भी स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही सभी काम शुरू कर दिए जाएंगे।

सीमावर्ती क्षेत्र के गांव-गांव में लगेगा स्वास्थ्य मेला

बाबागंज, बहराइच। नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तत्वावधान में विशाल स्वास्थ्य मेलों का आयोजन गांव-गांव में किया जा रहा है। रविवार की दोपहर एक प्रेस वार्ता में विभाग शारीरिक प्रमुख आलोक पाठक, जिला सह प्रचार प्रमुख विवेक शुक्ल, खंड कार्यवाह अरुण पाठक व सरस्वती विद्या मंदिर के अनुज सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गांव में लगने वाले नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, थाइराइड सहित सभी रोगों की जांच व दवाओं का मुफ्त वितरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 9 फरवरी को नेपाल सीमा से सटे गांव रंजीतबोझा, मिहींपुरवा, केवलपुर, सहजना, जैतापुर, विशुनापुर, निधिनगर पोखरा तथा 10 फरवरी को गुलरिया, गंगापुर, रामनगर, छोटियागांव, होलिया, जमदान, मजगवां व इटहवा में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया है। केजीएमयू लखनऊ सहित विभिन्न मेडिकल संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर आ रहे हैं। आलोक पाठक ने यह भी बताया कि प्रत्येक गांव में 5 डॉक्टरों की टोली रहेगी। महिला चिकित्सक भी इनके साथ रहेंगी।

कोर्ट के आदेश के बाद भी दबंग नहीं छोड़ रहे कब्जा

- दबंग काट ले गए दर्जनों पेड़, नहीं हुई कोई कार्रवाई

राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार। प्यूली सिपहिया गांव निवासी एक ग्रामीण की जमीन पर दबंग कब्जा किए हुए हैं। पेड़ भी काट ले गए, लेकिन पुलिस कोई कार्यवाई नहीं कर रही है। तहसील महसी क्षेत्र के प्यूली सिपहिया गांव निवासी सर्वेश कुमार अवस्थी पुत्र बुद्ध सागर अवस्थी ने अपने साक्ष्यों के साथ बताया कि हेमनापुर गांव में स्थित गाटा संख्या 13 रकबा 1.125 हे0 जमीन का बैनामा दुलारा देवी पुत्री झरेठे से सन् 2021 में लिया था। जिसमें लगभग 75 पेड़ शिवबबूल, 4 पेड़ आम, 3 पेड़ बबूल, और 2 पेड़ नीम के लगे थे, जिसकी मालियत जमा करके अपने नाम बैनामा कराकर दाखिल खारिज करवा लिया था। खतौनी खसरा में सर्वेश कुमार अवस्थी का नाम दर्ज अभिलेख है। इसके बाद विपक्षीगण कैलाश पुत्र माधव, बबलू पुत्र बच्चा लाल, वीरेंद्र पुत्र अमेरिका आदि निवासी गण मनेरा ने उक्त भूमि को अपनी बताकर उप जिलाधिकारी महसी के यहां वाद दायर कर दिया जिसमें विपक्षी लोग मुकदमा हार गए, इसके बाद वादी ने भी उक्त विपक्षी गणों के ऊपर बेदखली का वाद दायर किया था जिसमें न्यायालय द्वारा विपक्षी गणों को उक्त गाटा संख्या से बेदखल का आदेश भी जारी कर दिया गया था। इसके बाद भी विपक्षी गणों ने उक्त भूमि से अपना कब्जा नहीं छोड़ा और खेत में लगे दर्जनों पेड़ काटकर गायब कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जब इसकी खबर हमें मिली तो 112 नंबर पर कॉल किया और स्थानीय थाना बौंडी में लिखित में दिनांक 21 जनवरी को प्रार्थना पत्र दिया, साथ ही उपजिलाधिकारी महसी से गुहार लगाई लेकिन बावजूद इसके आज तक विपक्षी गणों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

कोटेदार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज

- डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। जिले के गांगू देवर ग्राम पंचायत के कोटेदार के खिलाफ पूर्ति निरीक्षक ने केस दर्ज कराया है। यह कार्रवाई डीएम के जांच निर्देश के बाद हुई है। इसको लेकर अन्य कोटेदारों में हड़कंप मच गया है। विशेश्वरगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत गांगू देवर के कोटेदार राघवेंद्र पाली सिंह पुत्र राम केवल सिंह हैं। कोटेदार के खिलाफ खाद्यान्न वितरण न करने समेत अन्य शिकायत की गई थी। जिस पर अपर आयुक्त खाद्य ने डीएम मोनिका रानी को पत्र भेजकर जांच के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने जांच की। पूर्ति निरीक्षक की जांच में कई कमियां मिली। साथ ही जुलाई 2020 से दिसंबर 2020 तक का खाद्यान्न वितरण न करके कालाबाजारी कर दिया गया। जांच रिपोर्ट पूर्ति निरीक्षक ने डीएसओ और जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने विशेश्वरगंज थाने में धोखाधड़ी, आवश्यक वस्तु अधिनियम समेत पांच धाराओं में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच उप निरीक्षक को सौंपी गई है। कोटेदार पर केस दर्ज होने से अन्य कोटेदारों में हड़कंप मच गया है।

10 किलोमीटर शिवदहा मार्ग का होगा चौड़ीकरण

- मार्ग के चौड़ीकरण का विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। शिवदहा मोड़ से खजुरी शिवदहा तक जाने वाले सड़क मार्ग के दस किलोमीटर तक की सड़क का चौड़ीकरण किये जाने का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी व साँसद प्रतिनिधि सुनील सिंह ने शिलापट का अनावरण कर किया।

चौड़ीकरण का शिलान्यास करते विधायक और सांसद प्रतिनिधि।

गोण्डा बहराइच मार्ग स्थित शिवदहा मोड़ से शिवदहा तक जाने वाले प्रमुख सड़क मार्ग पर दर्जनों गाँवों सहित श्रावस्ती जनपद को जाने वाले लोगों का आवागमन होता है। पिछले कुछ वर्ष पहले इस सड़क मार्ग पर मरम्मत का कार्य हुआ था, लेकिन वर्तमान में यह सड़क जगह-जगह से टूटकर काफी जर्जर हो चुकी थी। क्षेत्रीय लोग मार्ग दुरुस्त कराये जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों से मांग करते थे जिसके क्रम में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शासन स्तर पर पैरवी कर सड़क को दुरुस्त व 10 किलोमीटर तक चौड़ीकरण कराये जाने की स्वीकृत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 24 करोड़ पचासी लाख 61 हजार रुपये की स्वीकृति हुई है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मार्ग को 7 मीटर चौड़ी कर शीघ्र ही इसे बनाकर तैयार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन का लाभ मिलेगा। कार्यकम में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सहायक अभियंता महेश वर्मा, अवर अभियंता श्याम सुंदर शुक्ला, आर के यादव, सत्यवान यादव भाजपा नेता अजीत शुक्ला, किसान मोर्चा के आनंद पांडेय, मंडल अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ला, उमा शंकर तिवारी, सदस्य जिला पंचायत राम जनक सिंह, दानेंद्र शर्मा, राहुल सोनी, राम रंग शुक्ला, सभासद कपीश सिंह हरिओम रस्तोगी, दिलीप सिंह, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

राम द्रोही भी राम भक्त अनन्य हो गए...

- वार्षिकोत्सव में कवि सम्मलेन का आयोजन

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। रामनगर खजुरी स्थित राम नारायण सिंह इंटर कालेज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा प्रस्तुत रचनाओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियाँ बजाई। कवि सम्मेलन का उद्घाटन विधायक सुभाष त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। कवि देशराज सिंह मधुसूदन द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ हुवा। मंच संचालक कवि नीरज पाण्डेय "शून्य" द्वारा कवि संदीप अनुरागी से काव्य पाठ का श्रीगणेश करवाया गया। कवि संदीप ने नरेगा पर तंज कसते हुए काव्य पाठ सुनाया कि " जिव का लगे जंजाल तौ जानौ कि नरेगा, होई जाय बुरा हाल तौ जानौ कि नरेगा, अतना है भ्रष्टाचार कि कागज पे दुबारा, खुदि जाय खुदे ताल तौ जानौ कि नरेगा की प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजी। कवि योगेश चौहान ने राम मंदिर पर काव्य पाठ प्रस्तुत करते हुए कहा कि

इंटर कॉलेज में आयोजित कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करती कवयित्री।

"राम जन्म भूमि की निराली छवि देखकर, राम द्रोही भी राम भक्त अनन्य हो गए, प्रभु की सुरम्य प्रतिमा में प्राण धारते ही, देश ही नही समूचा विश्व धान्य हो गया पर जय श्री राम के उद्घोष से समूचा परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया। लखीमपुर खीरी के कवि विनय प्रकाश मिश्र ने कहा", राम राम लिख राम लिख, लिखूं राम लिख राम, राम राम हो व्यस्तता, राम राम हो काम, की प्रस्तुति पर खूब वाहवाही बटोरी। देशराज सिंह मधुसूदन ने "किसी के आसरे पूरा न कोई काम होता है, जला देता है जो खुद को उसी का नाम होता है पर सभी ने वाह वाह किया। कवियत्री तमन्ना दिलकश ने पढ़ा" कितनी जालिम है गरीबी, क्या कहानी दे गई, बुढ़ापे में ला के रख दिया, और जवानी ले गई, जिनके लिए मै उम्र भर तन्हा भटकता रह गया, आखिर में उनकी वजह ही, आंखों में पानी दे गई पर जमकर तालियां बजी। रवीन्द्र पाण्डेय "रवि" ने "बिना मौसम कोई भी गुल चमन में खिल नही सकता, कभी तकदीर से ज्यादा किसी को मिल नही सकता, क्यों हैरां है, यहाँ इंशा की दुनियां को फतह कर लूं, कभी भी जेब कोई दर्ज़ी कफ़न में सिल नही सकता। इसके अलावा लवलेश यदुवंशी, आशीष आनन्द, प्रमोद साधक, राम राहुल आदि ने अपनी रचनाओं से लोगों का मन मोहा। इस अवसर पर प्राचार्य गिरिजा शंकर पाण्डेय, समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्रा, प्रबंधक प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह, प्रकाश पटेल, आशाराम यादव, हनुमान शरण दीक्षित, उमेश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग देर रात्रि तक कवि सम्मेलन का आनन्द लेते रहे।

डीएम के सवाल का जवाब नहीं दे पाए राजस्व निरीक्षक, मुख्यालय हुए संबद्ध

- गुडवर्क के लिए लेखपाल को जिलाधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र

बहराइच, अमृत विचार। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में धर्मापुर क्षेत्र से फरियादियों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई के दौरान डीएम के सवालों का जवाब न देना राजस्व निरीक्षक पर भारी पड़ गया। उन्हें पद से हटाते हुए मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जब क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र नाथ मिश्रा को बुलाकर ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत किये गये शिकायती प्रार्थना-पत्रों के बारे में फीड बैक प्राप्त किया तो राजस्व निरीक्षक डीएम के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। ग्रामवार मास्टर रजिस्टर का अवलोकन करने पर कोई अंकन न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए राजस्व निरीक्षक को तत्काल क्षेत्र से हटाकर मुख्यालय से सम्बद्ध करने के निर्देश देते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच मुख्य राजस्व अधिकारी से कराये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार एक अन्य मामले में ग्राम मोतीपुर निवासी जलाल अहमद द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई करते हुए जब जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल विमलेश यादव से जानकारी चाही तो यादव द्वारा सभी प्रश्नों के बारे स्पष्ट एवं पूर्ण उत्तर दिया गया। इस बात पर जिलाधिकारी ने लेखपाल की सराहना करते हुये प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

डीएम मोनिका रानी

डीएम ने समस्त राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को सचेत किया है कि अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए विशेषकर राजस्व सम्बन्धी समस्याओं को मास्टर पंजिका में अंकित कर स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने का प्रयास करें।

सार-संक्षेप

ट्रांसफार्मर में लगी आग, धू धू कर जला

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। लखनऊ बहराइच मार्ग के निकट कैसरगंज कस्बे में स्थापित ट्रांसफार्मर में रविवार को आग लग गई। कुछ देर में ही ट्रांसफार्मर जल गया। जिले के लखनऊ बहराइच मार्ग के किनारे कैसरगंज नगर पंचायत बसा हुआ है। नगर पंचायत में हनुमान मंदिर के सामने ट्रांसफार्मर स्थापित है। रविवार सुबह 11 बजे के आसपास बिजली आपूर्ति दी जा रही थी। बारिश के बीच ही ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसकी जानकारी आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को दी। उप केंद्र के कर्मचारियों ने आपूर्ति बंद कर दी। लगभग आधे घंटे तक ट्रांसफार्मर धू धू कर जलता रहा। लेकिन कोई भी कर्मचारी मौके पर पहुंचा। जब तक ट्रांसफार्मर में तेल रहा, तब तक वह जलता रहा। राह चलते लोगों ने उसका वी वीडियो भी बनाया।

कैसरगंज में जलता ट्रांसफार्मर।

पूर्व डीएफओ ने सेवानिवृत्त रेंजर को दी विदाई

मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के रेंजर तारा शंकर यादव 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए जिसके बाद निशानगाड़ा व कतर्नियाघाट रेंज में वन विभाग द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। सुजौली के रमपुरवा-मटेही गांव में स्थित पूर्व डीएफओ आनंद कुमार के रेस्टहाउस लेपर्ड-डेन होम स्टे पर उनके द्वारा रेंजर के सम्मान में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव व क्षेत्र के सभ्भ्रांत व्यक्ति समेत वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे जिनके द्वारा सेवानिवृत्त हुए रेंजर तारा शंकर को भावभीनी विदाई देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीओ कतर्नियाघाट रमेश चौहान, प्रभारी रेंजर राधेश्याम, पूर्व डोएफओ आनंद कुमार समेत मौजूद अन्य लोगों ने उन्हें फूल माला व शॉल पहनाकर उन्हें सम्मानित कर विदाई दी। रेंजर ने नम आंखों से सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर रेस्टहाउस मैनेजर मुजफ्फर सलमानी, डब्ल्यू डब्ल्यूएफ के फील्ड सहायक मंसूर अली, इंजीनियर आर पी सिंह, वन दरोगा अवनीश कुमार, कुमुद श्रीवास्तव, शहरयार खान, पूर्व प्रधान अचल राणा, मीतपाल सिंह, हरिकेष चौबे आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त रेंजर को विदाई देते पूर्व डीएफओ और अन्य।

आज लखनऊ में धरना देंगे बिजली कर्मी

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 5 फरवरी को शक्ति भवन लखनऊ में विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए जिले के सैकड़ों कर्मचारी भी लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परशुराम ने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा कई वर्षों से मांग की जा रही है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को मास्टर रोल की व्यवस्था के तहत समायोजित करने तक कार्य के अनुरूप अनुबंध किया जाए। कर्मचारियों को 18 हजार रुपए का भुगतान, सैनिक कल्याण निगम की भांति वेतन का भुगतान, समान कार्य का समान वेतन, मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण, ईपीएफ घोटाले की जांच, घायल कर्मचारियों का उपचार, मृतक कर्मचारियों के परिजनों को 10 लख रुपए दुर्घटना हित लाभ, कर्मचारियों को 60 वर्ष की अवस्था तक कार्य करने की अनुमति, महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देना, मार्च 2023 में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश द्वारा हड़ताल में गए हजारों संविदा कर्मियों को अप्रैल 23 में उपकेंद्र परिचालक सहायक के नाम पर संविदा कर्मचारियों को नवंबर 2023 में शक्ति भवन मुख्यालय लखनऊ से 40 संविदा कर्मियों को कार्य से हटाने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन संविदा कर्मचारियों की ओर आकृष्ट करने समेत अन्य विभिन्न मांगों को लेकर 12वें चरण में दिनांक 5 फरवरी को शक्ति भवन लखनऊ में संविदा कर्मियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के समस्त संविदा कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

दो परिवारों को टूटने से बचाया

बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केन्द्र में रविवार को सुनवाई हुई। काउंसलर फहीम किदवई, डीपी सिंह, सरजीत सिंह, अजय शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी उर्मिला सिंह, संचिता शुक्ला, सविता मिश्रा, छाया द्विवेदी व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया गया। महिला थाना प्रभारी शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होते हैं। महिला थाना प्रभारी व टीम के अथक प्रयास से कुल 62 प्रकरणों में से 02 प्रकरण में सुलह समझौता व 01 प्रकरण निरस्त किए गए। 02 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी है जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी।

अवैध खनन में लगे 11 वाहन हुए सीज

कैसरगंज में बालू खनन स्थल पर छापेमारी करते सीओ और खनन अधिकारी।

बहराइच, अमृत विचार। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जिला खनन अधिकारी और पुलिस की टीम ने संयुक्त छापेमारी की। पुलिस ने आठ ट्रैक्टर ट्रॉली और डंपर ट्रैक्टर ट्रॉली को बालू खनन के मामले सीज किया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके तहत अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की देखरेखे में जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार पांडेय ने छापेमारी की। सीओ रविंद्र कुमार गौड़ की टीम ने पुलिस बल के साथ कैसरगंज में एक ट्रैक्टर ट्रॉली और दो डंपर सीज की। दरगाह शरीफ के ग्राम मुसगढ़ा में अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त मिट्टी भरी हुई 03 ट्रैक्टर ट्रालियों को मय ट्रैक्टर के सीज़ किया गया। छापामारी की कार्यवाही में उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, तहसीलदार अभयराज पाण्डेय, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। रानीपुर थाना क्षेत्र में बालू खनन में लगे पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया गया।

आस्था धनुष यज्ञ के साथ साप्ताहिक रामलीला मंचन का हुआ समापन

श्रीराम व सीता का जीवन समाज के लिए है सुगम : श्यामकरन

बहराइच

अमृत विचार। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम-सीता लीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार को शेखदहीर में साप्ताहिक राम सीता लीला मंचन का समापन धनुष यज्ञ एवं राम सीता विवाह, कलेवा आदि का सदृश्य मंचन के साथ हुआ। एक सप्ताह से चल रहे राम सीता जीवन चरित्र से जुड़े प्रसंगों का सजीव मंचन अयोध्या से आये रामलीला कमेटी के कलाकारों ने बाल कलाकारों के साथ मिलकर अभिनीत किया। श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम एवं माता सीता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अपने जीवन मे उतार कर राम राज्य की कल्पना को साकार मूर्त देने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

शहर के शेखदहीर में रामलीला के समापन मौके पर मौजूद लोग और सम्मानित करते पदाधिकारी।

रामलीला कमेटी शेखदहीर द्वारा आयोजित रामसीता विवाह मंचन समापन मौके पर आयोजित उत्सव को संबोधित करते हुए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष समाजसेवी श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम व माता सीता का जीवन चरित्र आदर्श मानव जीवन का पथ प्रदर्शन करता है एवं परिवार समाज व राष्ट्र के निर्माण का प्रभावी सुगम पथ दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के लिए रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को साधुवाद दिया और समूचे नगरीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास का अपना संकल्प दोहराया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने रामचरितमानस में वर्णित विचारों को परिभाषित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस को राष्ट्रीय पुस्तक एवं 22 दिसंबर को राष्ट्रीय सनातन दिवस घोषित किए जाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि एक सप्ताह तक आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीराम एवं माता सीता के आदर्शों को मंचन करते हुए राम राज्य की बहुआयामी कल्पना को साकार करने के लिए सामुहिक संकल्प दिलाया गया। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद समाजसेवी पुण्डरीक पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता राजन सिंह, रामलीला कलाकार मुकेश अमन अवस्थी, अरुण मिश्र, राकेश शुक्ल, राम सम्मोहन मिश्र, सोनू अमित डांसर, बाल कलाकार प्रियंका, खुशी, रचना व रामलीला कमेटी मंडली प्रमुख छोटन अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय सभासद राजीव सिंह आभार जताया। आयोजक भानु प्रताप सिंह, बालानंद व एम एस चक्रवर्ती को मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। समापन अवसर पर आयोजकों ने आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्रम व राम दरबार चित्र देकर सम्मानित किया।

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साइटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साइटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।

पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबंधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

प्रसंगवश

लोक की शक्ति

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी,लोक ने लड़ी,लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की,लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था,किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई,देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे,वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा,उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था,सो हुआ,जो कुछ हुआ और हो रहा है,वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है,जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह,जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं,खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

साइबर क्राइमः बड़े धोखे हैं इस राह में

गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया,लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है,उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है,तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं,लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है,कोई बच्चे का वीडियो डालता है,लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है,क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है,बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

सोशल फोरम

बात बात में बात

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत,दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

-फेसबुक वॉल से

बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत

संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं,जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह,वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है,पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान,कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है,जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है,उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं,जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है,पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई,जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है,वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं,हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं,उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे,एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई,पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे,पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है,लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं,क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना,रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

कौशल को निखारने की आवश्यकता

डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां,रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश)के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है,जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

एक नजर

आज आएंगे सिक्किम के राज्यपाल

सुलतानपुर, अमृत विचार। डा. एमपी सिंह की कृति का सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य सोमवार को लोकार्पण करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजशास्त्री एवं साहित्यकार डा. एमपी सिंह की कृति हिमालय के आंगन से (यात्रा संस्मरण) एवं विरवा काव्य संग्रह के लोकार्पण समारोह में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य मुख्य अतिथि होंगे एवं प्रो. राधेश्याम सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। आभार ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट करेंगे।

2,859 का किया इलाज

सुलतानपुर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला रविवार को जिले के सभी 45 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के 63 चिकित्सकों, 359 पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से संपन्न कराया गया। जिसमें जनमानस ने लाभ प्राप्त किया। जिसमें 1,355 पुरुष, 1,183 महिलाओं, 321 बच्चों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

हाईवे किनारे दिखा अजगर

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। स्थानीय चांदा कोतवाली के प्रतापपुर कमैचा गांव के समीप लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्रामीणों ने झाड़ियों में विशालकाय अजगर देखा। प्रधान प्रतिनिधि संतोष दूबे ने इसकी सूचना डायल 112 टीम को दी गई। वन विभाग की ओर से राम सिंगार, आशीष पाण्डेय, वेद प्रकाश सिंह, राजेंद्र समेत अन्य कर्मचारी पहुंचे। जिनकी कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ने में सफलता मिली।

एसपी-सीओ-कोतवाल-दरोगा वही, साल भर बाद भी चोरी का राजफाश नहीं

संवाददाता, सुलतानपुर

- लाखों के आभूषण, 50 हजार नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ
- पुलिस अधीक्षक ने दिया था जल्द राजफास का भरोसा

अमृत विचार। घटना के समय मौजूद अधिकारियों का अगर तबादला हो जाता है तो घटना के अनावरण में समय लग जाता है। बीते साल हुई लाखों की चोरी के घटना के समय के सीओ, कोतवाली प्रभारी के साथ विवेचक भी अभी तक उसी थाने में तैनात है। फिर भी साल भर बीत जाने के बाद भी चोरी का राजफाश नहीं हो पाया है। इससे प्रदेश सरकार के पुलिसिया कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

मामला जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेवतरी गांव से जुड़ा है। गांव निवासी देवेंद्र कुमार सिंह 27 जनवरी 2023 की रात भोजन के बाद बरामदे में बने कमरे में सो गए थे। 28 जनवरी की सुबह पड़ोस की महिला जब उनके घर फूल तोड़ने आई तो खिड़की टूटी देख इसकी जानकारी देवेंद्र कुमार सिंह को दी। नीद से जगे देवेंद्र कुमार सिंह ने जब घर के अंदर बिखरा हुआ सामान टूटी हुई आलमारी व बक्शे देखे तो अवाक रह गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना डायल 112 को देते हुए स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया। पीड़ित देवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक चोर खिड़की के ग्रिल तोड़ घर में घुसकर आलमारी तोड़ते हुए छोटी बहु के दो सोने की चौन, आधा दर्जन अंगूठी, एक मंगल सूत्र, दो झुमकी, बिंदी, माथबेदी, एक सेट बाली, एक जोडा झुमका, एक जोड़ा टप, दो कुंडल, सोने का हार, चांदी की एक करधन, दो पावजेब, चांदी की पांच जोड़ी पायल बड़ी बहू के सोने का हार, सोने का एक सेट कंगन, सोने की दो झुमकी, सोने की एक चौन, चार अंगूठी, माथबेदी, चादी की पावजेब, एक करधन के साथ पीतल के बर्तन व बक्शे में रखा 50 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

> अब तक हुई चोरियों में से जिन पर वर्क आउट नहीं हुआ है, उनको जल्द ही वर्क आउट किया जायेगा।
> – अरुण चन्द, अपर पुलिस अधीक्षक

पत्रकारों के दबाव में पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा

पीड़ित के पुत्र भुपेंद्र सिंह एक अखबार के पत्रकार थे। चोरी की सूचना मिलते ही स्थानीय पत्रकारों का जमावड़ा लग गया। दबाव में जयसिंहपुर कोतवाल प्रेमचन्द सिंह ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही फॉरेंसिक, डाग स्क्वायड की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया था। सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द ही वर्क आउट की बात कही थी। विवेचक दरोगा हीरा लाल यादव ने भी जांच पड़ताल शुरू की थी। चोरी के माह भर बीत जाने के बाद पत्रकारों का संगठन सीओ से मिल खुलासे की बात की तो फ़िर आश्वासन मिला। खुलासा न होने पर एसपी से मुलाकात कर राजफास की बात कही गई। लेकिन साल भर बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस लाखो की चोरी के राजफास में नाकाम रही।

तबादले से घटना के खुलासे में होती है देरी

अक्सर पुलिस विभाग द्वारा कहा जाता है कि घटना के समय जो अधिकारी थे। उनका तबादला हो जाने से नए अधिकारी को मामले को समझने में समय लगता है। लेकिन संयोग की बात है कि साल भर पहले चोरी के समय एसपी सोमेन बर्मा, सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह, जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद सिंह तो विवेचक दरोगा हीरालाल यादव अभी भी उसी स्थान पर कार्यरत हैं। फिर भी लाखो की चोरी का राजफाश करने में असफल रहे। यह तो महज एक बानगी भर है। ऐसे दर्जनों चोरियां है जिनका राजफास जयसिंहपुर पुलिस करने में नाकाम रही।

रात में घर से निकले युवक का सुबह मिला शव

- पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप
- पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार। रविवार की सुबह एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों पड़ा शव देख हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की पत्नी ने हत्या की बात कहकर थाने में तहरीर दी है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गोसाई का पुरवा के समीप शौच गए ग्रामीणों को दिखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का शिनाख्त कराया तो शव की पहचान द्वारिकागंज चौकी के महमूदपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार (35) पुत्र राम करन के रूप में हुई।

सूचना पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, मृतक युवक की पत्नी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात 9 बजे किसी ने फोन करके उन्हें बुलाया था। रात में वह घर नहीं लौटे सुबह मौत की सूचना मिली। पत्नी ने बताया कि सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिससे लग रहा है उनकी हत्या की गई है।

शव मिलने के बाद जांच करने पहुंची पुलिस व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

ननिहाल में रहता था मृतक

बताते चलें कि कुलदीप बचपन से ही ननिहाल में रहता था। मजदूरी कर अपने सात वर्षीय पुत्र रियांश, पांच वर्षीय पुत्र प्रियांश व पत्नी का भरण पोषण करता था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गोसाईगंज थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

मृतक के शरीर से लिपटी मिली झालर

मृतक कुलदीप के शव पर बिजली सजावट करने वाली झालर लिपटी पाई गई है। उसके सिर पर चोट के निशान थे। इसी सब को लेकर परिजन हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। फिलहाल मृतक की पत्नी पूजा ने पुलिस को दी तहरीर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर से बुलाकर ले जाने की बात कही है।

सार-संक्षेप

पवन की तूफानी बल्लेबाजी से जीती गानापुर की टीम

कादीपुर में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित।

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। लक्ष्मणपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच अहलादे एवं गानापुर के बीच खेला गया। गानापुर टीम ने टॉस जीतकर कप्तान सिंटू सिंह की अगुवाई में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गानापुर ने निर्धारित 8 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अहलादे की टीम कप्तान प्रिंस की अगुवाई ने छह विकेट को खोकर निर्धारित आठ ओवर में 86 रन ही बना सकी। इस प्रकार गानापुर ने 7 रनों से मैच को जीत लिया। गानापुर टीम की तरफ से मैन ऑफ द मैच रहे पवन ने 4 छक्कों एवं 2 चौकों की मदद से शानदार 42 रनों की पारी खेली। विजेता टीम गानापुर को ट्रॉफी एवं 11,000 का नगद पुरस्कार दिया गया। मौके पर भाजपा नेता राहुल तिवारी, मोनू यादव, राजू सिंह, टाइगर यादव, मन बहादुर, शिव चौबे आदि रहे।

जॉर्ज फर्नांडिस को भी मिले भारत रत्नः उपाध्याय

सुलतानपुर, अमृत विचार। पूर्व उप प्रधानमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर खुशी जताते हुए जॉर्ज फर्नांडिस पूर्व रेल एवं रक्षा मंत्री को भी भारत रत्न दिए जाने की मांग उठी है। रविवार को अंबेडकर मार्केट स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उत्तर प्रदेश ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि सिर्फ देश ही नहीं दुनिया के सभी वंचित शोषित पीड़ित आंदोलनकारी के हित में समर्पित फर्नांडीज साहब ने कारगिल जैसे समस्या से विजय पाए थे।

बाइक व एक लाख नकदी के लिए विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। दहेज लोभियों ने विवाहिता को बाइक व एक लाख रुपये नगदी के लिए घर से निकाल दिया है। बिना बाइक व नगदी के ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेजलोभियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की मैरी संग्राम गांव निवासी सुभाष कुमारी पत्नी संजय कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति संजय कुमार, सास प्रभावती, जेठ विजय कुमार, देवरानी अनीता कम दहेज़ लाने का उलहना देते हैं। बाइक व एक लाख़ नगदी की मांग की असमर्थता जताने पर दो बर्ष पूर्व घर से निकाल दिया। जबकि मेरी शादी 26 मई 2019 को मेरे परिवार वालो दान दहेज़ देकर किया था। बाइक व बिना नगदी के ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी है। एसएचओ प्रेमचन्द सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर दहेज लोभियों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

जिला स्तरीय कबड्डी के लिए हुआ ट्रायल

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में जनपद स्तरीय जूनियर बालिका का ट्रायल रामेश्वर दास इंटर कॉलेज खेल प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सत्यवीर ने किया। ट्रायल में पर्यवेक्षक पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आरबी पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रिया, आर्या, स्वाति कुशवाहा, आंचल, मोनी, वंदना वर्मा, आकृति सिंह, वेदिका, रोशनी, पलक, कमिनी, गौरी का चयन किया गया। एसोसिएशन के सचिव महेश कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ी नौ से 11 फरवरी 2024 को गाजीपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यहां पर चयन समिति में ओमप्रकाश पाल, हीरालाल, राजकुमार सरोज तथा निर्णायक की भूमिका में चंदेश यादव, अरविंद कुमार, अवधेश मिश्रा, संजू आदि लोग मौजूद रहे।

पिकअप की ठोकर से वृद्धा की मौत

सुलतानपुर, अमृत विचार। नानी को दवा दिलवा कर घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में महिला की मौत हो गईं। चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां घायल को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली चांदा बरनी गांव के रहने वाले अजय निषाद रविवार शाम छह बजे चांदा कस्बे से अपनी नानी कलावती (65) को दवा दिलवा कर घर लौट रहे थे। फोरलेन पर दौदापुर गांव पहुंचे ही थे कि पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी अजय बाइक से गिर गया। दुर्घटना में कलावती की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अजय को गम्भीर हालात में सीएचसी के चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली निरीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि पिकअप कब्जे में लिया गया है। नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

सुलतानपुर में पकड़ी गई नकली ट्यूब, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। टायर ट्यूब बनाने वाली सीईएटी कंपनी के अधिकारियों को सुलतानपुर में नकली ट्यूब बनने की जानकारी मिली। कंपनी के अधिकारियों ने जांच पड़ताल करते हुए स्थानीय पुलिस के साथ नकली ट्यूब पकड़ने में सफलता हासिल की। अधिकारियो ने शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने नकली ट्यूब बनाने वाले के खिलाफ़ केस दर्ज कर लिया है। सीईएटी कंपनी के मार्केटिंग व चेकिंग आधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह नकली ट्यूब बनाने की जानकारी पर सुलतानपुर पहुंचे। पड़ताल के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि नारायणपुर बाईपास पर स्थित अजमत टायर हाउस पर नकली ट्यूब बनाने का कार्य चलता है। नगर कोतवाली पुलिस को साथ लेकर देवेन्द्र प्रताप सिंह व पीयूष कुमार दुकान पर पहुंचे तो उन्हें वहां पर 310 नकली ट्यूब मिली। जिस पर नकली रैपर लगा हुआ था। जिस पर सीईएटी कंपनी के मार्केटिंग व चेकिंग अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि तहरीर पर अजमत टायर हाउस के प्रोपाइटर अजमत के खिलाफ़ केस दर्ज कर लिया गया है।

कार्यकर्ता बूथ स्तर पर करे संगठन को मजबूतः राहुल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

- ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्र की अगुवाई में कार्यकर्ता संवाद कार्यशाला हुई आयोजित

अमृत विचार। मोतिगरपुर चौराहे पर रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्र की अगुवाई में कार्यकर्ता संवाद कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार बनाने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जननेता राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक आम आवाम की आवाज हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 14 फरवरी को यूपी में पहुंच रही राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत मिश्र ने कहा वर्तमान सरकार तानाशाही पर उतर गई है। हम कांग्रेस के सिपाही हैं। अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ना जानते हैं। बूध स्तर पर संगठन को मजबूत कर राहुल गांधी की न्याय यात्रा के उद्देश्य को मजबूत करें। जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक ने कहा कि मौजूदा सरकार में युवा बेरोजगार हैं।

महंगाई से किसान परेशान हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अब समय आ गया है कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूती प्रदान कर कांग्रेस सरकार में देश में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। संवाद कार्यशाला में ब्लॉक उपाध्यक्ष फिरतु राम, आशू मिश्र, सभाजीत यादव, घनश्याम पांडेय, प्रभुनाथ तिवारी, सरोजा पांडेय, मोती पाल, इरफान, अशोक वर्मा, नन्हे वर्मा आदि रहे।

विधायक जी! चौकी इंचार्ज बिरसिंहपुर करते हैं अभद्रता

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। मूइली स्थित भाजपा कार्यालय पर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने रविवार को जनता दरबार में क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनकर अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। अचानक एक कार्यकर्ता ने चौकी इंचार्ज बिरसिंहपुर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। विधायक ने चौकी इंचार्ज से दूरभाष पर वार्ता कर कहा कि कार्यकर्ता और जनता का सम्मान सर्वोपरि है। इसी में सबका हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान सर्वोपरि है। सरकार की जीरो टारलेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधियों से कड़ाई और जनता के बीच मित्र पुलिस की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं। इसी में सबका सम्मान सुरक्षित रहेगा। यहां पर पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, जयसिंहपुर मंडल महामंत्री रत्नेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू उपाध्याय, संतोष मिश्र, सीटू पांडेय, मोनू मिश्र, दिलिप मिश्र आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आसमान में छाए बादल बूंदाबांदी से सर्दी बढ़ी

- हल्की बारिश से गेहूं की फसल को पहुंचा लाभ
- अगले 24 घंटे में बारिश के आसार

संवाददाता, सुलतानपुर

खेतों में लहलहाती धान की फसल। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तरी-पूर्वी हवाओं की गति तेज होने से रविवार को हुई बूंदा-बांदी से मौसम फिर बदल गया। बूंदा-बांदी व तेज हवा के कारण ठंड फिर वापस आ गई। हल्की बारिश के कारण फसलों को लाभ पहुंचा है। आगामी चौबीस घंटे में बारिश होने की संभावना मौसम विभाग की ओर से जताई गई है।

जिले का मौसम फरवरी माह में बदल गया। आसमान में बादल होने से दिन में काफी देर बूंदा-बांदी होने से सड़के गीली हो गई। गेहूं व दलहनी फसलों के लिए मौसम लाभदायक है। रविवार को हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा होने से सिंचाई की गई गेहूं की फसलों के गिरने का डर किसानों को सताने लगा था। बूंदा-बांदी होने से दिन का तापमान एक बार फिर बदल गया है। जिससे अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जिससे आर्द्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 91 फीसदी रिकार्ड की गई। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में आसमान में बादल छाए रहने व गरज-चमक के साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

विधायक ने पुल निर्माण की रखी आधारशिला

- सड़क बनने से लोगों की राह होगी आसानः ताहिर

बल्दीराय, सुलतानपुर

विधायक मो. ताहिर खान ने ईंट रखकर किया कार्यों का शुभारंभ।

अमृत विचार। रविवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र इसौली गांव से चक्कारी भीट को जाने वाली सड़क पर बीच में नाले पर नए पुल निर्माण के लिए इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने पुल की आधारशिला रखी। साथ ही साढ़े आठ सौ मीटर सड़क के नवनिर्माण के लिए पूजन किया। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव स्थित पावर हाउस इसौली के पास 2 करोड़ 10 लाख की लागत से पुल व सड़क निर्माण होगा।

जिसका निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड 3 के द्वारा कराया जाएगा। पावर हाउस इसौली के पास आयोजित एक सभा में विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि इस मार्ग से इसौली, कस्बा माफियात, चककारी भीट, सादुल्लापुर, मोहम्मदपुर काजी, निसासिन, रसूलपुर, वलीपुर, पूरे सहानी गांव के ग्रामीणों को आने जाने की राह आसान हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि चक कारी भीट-इसौली की यह सड़क व पुल मुसाफिरखाना, अमेठी, लखनऊ को जोड़ने के लिए प्रमुख मार्ग है। इस मौके पर प्रधान हरिराम, प्रधान कमाल खान, प्रधान मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद साबिर अली, हाजी रहीमुद्दीन, इसौली प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास, रामचन्द्र यादव, प्रदीप यादव, प्रधान ऊधो प्रताप यादव, उमाकांत यादव, बृजेश यादव, सिताराम, महमुदुल हसन, अब्बास अली, तुफैल, केशव राम, नवाब, अब्दुल्ला, ग़ुलाम अब्बास, रियाज़ अहमद, शकील खान आदि रहे।

गायत्री परिवार ने बिजेथुआ में चलाया स्वच्छता अभियान

सूरापुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से जनपद की कई संस्थाओं के साथ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महावीरन बिजेथुआ धाम परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया। जिले भर की समितियों के करीब 500 से अधिक लोगों ने श्रमदान करके परिसर को स्वच्छ किया।

संयुक्त सेवा समिति के मुखिया डॉ एके सिंह ने कहा कि सभी समितियों के द्वारा एक साथ मिलकर लगातार सेवा क्षेत्र में कार्य कर रही है। डॉ सुधाकर सिंह ने सभी का कार्यक्रम में सहभाग करने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित अभिषेक सिंह को भी संयुक्त सेवा द्वारा अभिनंदन किया।

समितियों ने मकरी कुंड की सफाई के लिए भविष्य की योजना का निर्धारण किया। मौके पर गोमती मित्र मंडल समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, दिनकर सिंह, कादीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, करौंदी कला प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा, अरविंद सिंह राजा, राकेश सिंह, सालिक राम प्रजापति, अरविंद चतुर्वेदी, अमर बहादुर सिंह, नीरज द्विवेदी, रणजीत बहादुर सिंह, काशीनाथ पाण्डेय, राजू जायसवाल, राजेश प्रताप सिंह, डा. मंगला प्रसाद श्रीवास्तव आदि रहे।

गांव चलो अभियान सफल बनाने में जुटे कार्यकर्ता

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचार। भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान की सफलता को लेकर शुक्रवार को बल्दीराय मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ला की अध्यक्षता में इसौली में हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल प्रभारी राम नारायण उपाध्याय ने कहा कि मंडल के सभी बूथों में आगामी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कार्यकर्ताओं को 24 घंटे प्रवास के माध्यम से ग्रामीणों से संपर्क करना है।

भाजपा की गरीब कल्याण की नीतियों का प्रचार करना, बूथ समिति का सत्यापन, मतदाता सूची का निरीक्षण, लाभार्थी से संपर्क, युवाओं, किसान समूह, छात्र, खिलाड़ी से संवाद आदि कार्य करना है। मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में बल्दीराय ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता शिवकुमार सिंह, जिला संयोजक आईटी सेल संजय उपाध्याय, गांव चलो अभियान के संयोजक आचार्य सूर्यभान पांडे, विशाल जायसवाल, दिलीप सिंह, रोहित अग्रहरी, वीरेंद्र तिवारी, सदस्य जिला पंचायत बद्रीनाथ यादव, फैयाज अहमद, सुशील अहमद, राम कृपाल यादव, अनिल मिश्रा, मीना तिवारी, डॉ श्याम नारायण सोनकर, श्रीराम मौर्य, सतेन्द्र तिवारी, आशुतोष, पंकज शुक्ल, निवास शुक्ला आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संदीप व अभिनव बने एनवाईके के जिला सलाहकार समिति के सदस्य

संवाददाता, सुलतानपुर

अभिनव सिंह

अमृत विचार। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, बस उसे निखारने की जरूरत होती है। इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के युवा को केन्द्रीय मंत्री द्वारा नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के कल्याणपुर कारेबन निवासी संदीप सिंह को केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सदस्य नामित किया है।

उनको यह उपलब्धि सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र मे बेहतर काम करने पर मिला है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के महानिदेशक नितेश कुमार मिश्रा ने पत्र जारी कर संदीप सिंह को सदस्य नामित होने की जानकारी दी। वहीं, जिला सलाहकार के सदस्य के रूप में लंभुआ के गरये निवासी अभिनव सिंह को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामांकित सदस्य के रूप में इनका योगदान जिले में युवा विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण होगा। अभिनव सिंह की नई जिम्मेदारी पर संतोष पांडेय, नीरज तिवारी, शिवम सिंह गोलू, शुभेंद्र सिंह, राजदेव आदि ने खुशी जताई है।

सप्ताह भर में हो जाए जयसिंहपुर कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, सुलतानपुर

बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अवशेष प्रताप सिंह।

अमृत विचार। रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी कहा कि व्यापारियों के हित में लगातार भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कार्य कर रहा है। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान लगातार होता रहे। सभी संगठन को मजबूत करने का काम करें, जब संगठन मजबूत रहेगा तभी आपकी और हमारी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और उसका निदान होगा।

प्रदेश महामंत्री ने तहसील जयसिंहपुर की कार्यकारिणी का गठन एक सप्ताह में करने का निर्देश जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि तथा तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महामंत्री सत्यम शुक्ला को दिया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अधिकारी के साथ जो भी अन्य व्यक्ति आता है उससे व्यापारी उसका परिचय पत्र मांगे। यदि वह सरकारी आदमी नहीं है तो व्यापारी संबंधित थाने पर सूचना दें उस पर वैधानिक कार्रवाई होगी।

प्रदेश की सरकार लगातार व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है बेहतर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उसी के क्रम में जनपद सुल्तानपुर में भी कई नए उद्योग लगने प्रस्तावित है जिससे कई हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश महामंत्री ने सभी पदाधिकारी को अनुशासन में रहते हुए संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए व्यापारी हित में अनवरत कार्य करने का आवाहन किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, तहसील प्रभारी केदार नाथ मिश्र, मुकेश महाजन, जगन्नाथ कनौजिया, निखिलेश मोदनवाल अन्य पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

जांच की सुविधा नहीं, बढ़ रहे कैंसर के लक्षण वाले मरीज

परेशानी

▸▸ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सक भी नहीं, हायर सेंटर रेफर किए जाते हैं मरीज

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : जान निगल जाने वाली कैंसर बीमारी तेजी से बढ़ रही है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में हर माह कैंसर के लक्षण वाले 8 से 10 मरीज मिल रहे हैं। यहां न तो चिकित्सक हैं और न ही जांच की कोई सुविधा। ऐसी स्थिति में आखिरी स्टेज पर लोगों को जानकारी हो रही है। जब तक हायर सेंटर पहुंच रहे हैं, बीमारी खतरनाक स्टेज को पार कर जा रही है। कैंसर के रोगियों के आंकड़ें चौकाने वाले हैं। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, 134 कैंसर मरीजों को बीते वर्ष मुख्यमंत्री विवेकाधीन सहायता राशि दी जा चुकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैंसर के रोगी किस प्रकार बढ़ रहे हैं।

कैंसर एक जानलेवा बीमारी है। तंबाकू, पान मसाला सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन से ये बीमारी होती है। मुंह, जीभ और गले में कैंसर के केस अधिक आते हैं। इसमें युवा वर्ग की तादाद अधिक है। चिकित्सकों की माने तो जिले में लगभग 500 कैंसर के रोगी होंगे क्योंकि अकेले माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में हर माह कैंसर के लक्षण वाले 8 से 10 मरीज पहुंच रहे हैं। हालांकि, कैंसर मरीजों की कोई सर्वे रिपोर्ट नहीं है। अगर सर्वे किया जाए तो इनकी तादाद और बढ़ जाएगी। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कैंसर के जांच की न तो कोई सुविधा है और न ही चिकित्सक हैं। ऐसे में लक्षण मिलने पर चिकित्सक बायोप्सी जांच करवाते हैं। जांच में लक्षण पुख्ता होने के बाद हायर सेंटर भेज देते हैं। मेडिकल कॉलेज में जांच की सुविधा हो तो शायद मरीजों को पहले ही जानकारी लग जाए। एक चिकित्सक के मुताबिक अन्य जनपदों की तुलना में यहां कैंसर के केस अधिक मिल रहे हैं जो जांच का विषय है।

इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

इस बारे में स्थानीय मेडिकल कालेज के इएनटी विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार शर्मा बताते हैं कि अगर कहीं मांस की गुठली में एकाएक वृद्धि होने लगे, दर्द के साथ खून आने लगे। खाने में परेशानी हो, जलन हो। गले में दर्द बना रहे, आवाज में भारीपन हो जाए। पानी निगला न जा रहा हो। घाव तीन सप्ताह से अधिक समय में भर न रहा हो तो तत्काल चिकित्सक के पास जाएं। उनकी सलाह पर दवा लें और जांच कराएं क्योंकि यह कैंसर के लक्षण हो सकता हैं। इन लक्षणों से जुड़े कई मरीज हर माह मिल रहे हैं।

एनएमसी के नियम के तहत ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होती है। हर माह कैंसर के लक्षण वाले 5 से अधिक मरीज मिल रहे हैं। जो मरीज मिलते हैं, उन्हें हायर सेंटर भेज दिया जाता है। लोगों में जागरूकता की कमी है। लोगों को जागरूक कर बताया जाएगा कि बीमारी क्या है और किस वजह से होती है। कैंसर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर जागरुक किया जाएगा।
–डॉ. एके झा, प्राचार्य, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज

फिल्म दिखाकर स्वच्छता के लिए करेंगे जागरूक

सिद्धार्थनगर ,अमृत विचार : राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के तत्वाधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकासखंड भनवापुर में संस्था फाल्कन, लखनऊ द्वारा रविवार को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एलईडी वैन, होर्डिंग- बैनर, ग्राफिटी आदि के माध्यम से ग्राम पंचायत में जन जागरूकता फैलाई जाएगी। ग्राम पंचायत में एलईडी वैन के माध्यम से फिल्म दिखाकर लोगों को पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी आलोक उपाध्याय सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय पटेल व जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक तौकीर आजम, सहायक गोविंद सिंह, तरुण त्रिपाठी, अनिल, विजय पाल आदि उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना किया।

एक नजर

नित नए कीर्तिमान बना रहा पूर्वोत्तर रेलवे

गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। माल लदान के क्षेत्र में वृद्धि का क्रम जारी है। माह जनवरी 2024 में पूर्वोत्तर रेलवे पर 0.3348 मीलियन टन का माल लदान हुआ जो गत वर्ष के 0.2837 मीलियन टन की तुलना में 18 फीसदी अधिक है। इसी प्रकार, वर्ष 2023-24 में संचयी आधार पर माह जनवरी 2024 तक पूर्वोत्तर रेलवे पर कुल माल लदान 3.6336 मीलियन टन का हुआ जो गत वित्त में हुए 3.051 मीलियन टन की तुलना में 19.09 फीसदी अधिक है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह ने दी।

टीकाकरण शिविर लगाकर दी सेवाएं

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : विकास खंड भनवापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुड़िला मिश्र, गदाखौवा, भदांव व देवीपुर गांव में शनिवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। एएनएम शारदा देवी ने 15 गर्भवती महिलाओं व 19 बच्चों का टीकाकरण कर दवा वितरित की। एएनएम निर्मला चौधरी ने 9 गर्भवती महिलाओं व 15 बच्चों और एएनएम धर्मावती देवी ने 10 गर्भवती महिलाओं व 20 बच्चों, लीला सिंह ने एक गर्भवती व 7 बच्चों की नि:शुल्क जांच कर दवा वितरित की। इस दौरान राधा मिश्रा, लीला सिंह, अंजनी देवी, पूनम सिंह, संचिता, सरिता सिंह, सुमित्रा व जयश्री रहीं।

गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर,अमृत विचार : मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर ने बताया कि अख्तर हुसैन उर्फ सोनू पुत्र रमजान अली को कठौआ पुल के पास से 1 किलो 350 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव से संवरेगा युवाओं का भविष्य : योगी

रोजगार मेले में नवचयनित अभ्यर्थियों को सीएम ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

संवाददाता, गोरखपुर

चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

सीएम योगी रविवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस योजना में आधा मानदेय सरकार व आधा इंडस्ट्री द्वारा दिया जाता है। इससे युवा अपने शिक्षा के दौरान परिवार पर न निर्भर होकर आत्मनिर्भर रहेगा। उसको शिक्षा के साथ मानदेय भी प्राप्त होगा। सीएम योगी ने इस बात और प्रसन्नता जताई कि एक वर्ष में दूसरी बार मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें लगभग 15 हजार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो नौजवान आज यहां प्लेसमेंट नहीं पाए हैं वे प्रयास करते रहें, उनके लिए भी शासन द्वारा रोजगार सृजन का कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम आज उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता है। आज का उत्तर प्रदेश नए भारत का एक नया उत्तर प्रदेश है जहां हर क्षेत्र में सफलता के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। विकास के नए माडल दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डाटा टेक्नोलॉजी से जुड़कर व्यावसायिक शिक्षा विभाग वैश्विक मानक के अनुरूप नए कोर्सेज के लिए कार्य कर रहा है। विगत दिनों से पूरे विश्व में कुशल एवं योग्य युवाओं की मांग हो रही है। शासन ने व्यावसायिक शिक्षा विभाग के माध्यम से इजरायल, रूस, जर्मनी से संवाद स्थापित करके युवाओं को रोजगार के लिए वहां भेजने का कार्य किया है। इजरायल भेजने के लिए युवाओं का चयन किया गया है। वहां इन युवाओं को मुफ्त भोजन व आवास के साथ 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह का वेतन प्राप्त होगा। यहां के युवा आईटीआई करके 1.5 लाख प्रतिमाह कमाएंगे तो उनके घर के साथ पूरे गांव, राज्य व पूरे राष्ट्र में खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगी, तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज मिलेगा। मध्य-पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है। इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसे ध्यान मे रखते हुए सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्वस्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पिछले कुछ सालों के प्रयास के फलस्वरूप आज यूपी के लोंगो को पैसा यूपी में ही खर्च हो रहा है। यहां का सीडी रेशियो आज 42 से बढ़कर 56 फीसदी हो चुका है। इन्ही प्रयासों से आज देश में उत्तर प्रदेश दूसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

यूपी में एमएसएमई की 96 लाख यूनिट

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में एमएसएमई में 96 लाख यूनिट हैं। इन यूनिट को बाजार व तकनीक से जोड़कर एक्सपोर्ट के लिए अच्छी पैकेजिंग की सुविधा प्राप्त करनी होगी। इससे वैश्विक मांग के अनुसार उत्पाद की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके अलावा भी अन्य कार्य कर सकते है। नौजवान को आज अच्छे पैकेज पर जाब प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा योजना जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ उन्हें टूल भी दिये जा रहे हैं। सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए ब्याज रहित लोन देने का कार्य भी किया जा रहा है। सरकार युवा उद्यमियों को एक नयी प्रोत्साहन पैकेज की भी घोषणा करने जा रही है। इसमें लाखों युवा रोजगार से जुड़ सकते है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप व ब्याज रहित ऋण के कार्य को सरकार लगातार बढ़ा रही है।

स्टॉलों का किया अवलोकन

वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में लगे विभिन्न विभागों समेत आजीविका मिशन, नवाचार आदि से जुड़े स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉलों पर मौजूद लोगों से जानकारी भी ली।

पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए योगी

जनता दर्शन

▸▸ मुख्यमंत्री ने गोवंशों को खिलाया गुड़-रोटी, सुनीं जन-समस्याएं

संवाददाता, गोरखपुर

गोवंशों को गुड़- रोटी खिलाते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

अमृत विचार : गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता मिलेगी। इसे लेकर सीएम ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करना और उनकी समस्याएं जानकर निस्तारण कराना सीएम योगी की दिनचर्या में शामिल रहता है। शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता-दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो बच्चों (10 वर्षीय आयुष और 8 वर्षीय पीयूष) को देख सीएम योगी उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गौशाला में गोसेवा भी की। सीएम ने उन्हें दुलारकर अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाई। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से गोवंशों के स्वास्थ्य और पोषण की जानकारी ली।

फाइनल की विजेता टीमों को किया गया सम्मानित

गोरखपुर अमृत विचार : जिलास्तरीय तीन दिवसीय सैयद मोदी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेले गए मैच के फाइनल मुकाबले में विजेता-उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि गोरखपुर क्लब के पूर्व महासचिव पीयूष बंका ने सम्मानित किया। बालक एकल अंडर-19 फाइनल मुकाबले में हुसैन अंसारी ने सत्यम जयसवाल को 21-17, 21-12 से पराजित किया। बालिका एकल अंडर-19 में वगिशा मनीष श्रीवास्तव ने अंजलि चौहान को 21-10, 21-15 से हराया। बालक युगल अंडर-19 में सूरज और शाश्वत की जोड़ी ने विवेक व अमन को 21-17, 21-12से पराजित किया। बालिका युगल अंडर-19 में अंजलि और ट्विंकल चौहान ने वगिशा श्रीवास्तव व सोनम चौधरी को 21-18,12-21,21-18से हराया। मुख्य निर्णायक सत्यम त्रिपाठी, निर्णायक अनुभव सिंह, विवेक केशवानी, अमन, प्रीति पाल आदि रहे।

सार-संक्षेप

अपराधियों की जानकारी सांझा करेंगे भारत-नेपाल

सीमा पर गश्त के दौरान मौजूद एसएसबी व नेपाल सुरक्षा बल के जवान।

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : 43वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी ककरहवा के अधिकारियों, आईबी और नेपाल एपीएफ के साथ समन्वय बैठक व सीमाई क्षेत्र में संयुक्त गश्त किया गया। सीमाई क्षेत्र के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमा चौकी ककरहवा में 43वीं वाहिनी के कमांडेंट उज्जल दत्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीमा चौकी ककरहवा सेसहायक कमांडेंट विक्रम सिंह, पुलिस की ओर से उप निरीक्षक ब्रिजेश सिंह, आईबी से रजत सिंह व नेपाल एपीएफ की तरफ से उपनिरीक्षक नेत्र बहादुर केसी आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान सीमाई क्षेत्र के वर्तमान स्थिति के साथ तस्करों व अपराधियों के संबंध में जानकारी सांझाकर संयुक्त प्रयास करने पर सहमती जताई गई। गश्त के दौरान भारत-नेपाल की खुली सीमा पर कड़ी चौकसी बरतते हुए आने-जाने वालों से गहनता से पूछताछ कर उनकी व उनके वाहन और सामानों की जांच की गई तथा उनके पहचान पत्र भी देखे गए।

जिले को मिले 145 नए लेखपाल, इनमें 7 महिलाएं

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग से जारी परिणाम के बाद सिद्धार्थनगर जिले को भी 145 नए लेखपाल मिले हैं। डीएम पवन अग्रवाल ने सभी का तहसील आवंटन करते हुए तैनाती का आदेश जारी किया है। जिले में लेखपालों के कुल 677 पद स्वीकृत हैं। इनमें 431 पहले से ही तैनात थे। हाल में 145 की तैनाती हुई है। अभी भी 101 पद खाली हैं। जनपद में आए लेखपालों में सर्वाधिक 48 सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। महिलाओं की संख्या सिर्फ 7 हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से नव चयनित लेखपालों में 145 की तैनाती सिद्धार्थनगर में भी हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 48 लेखपाल गृह जिले के हैं। इसके अलावा कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव और लखनऊ के निवासी लेखपालों की भी संख्या अधिक है। जिलाधिकारी ने नव चयनित 145 लेखपालों का तहसील आवंटन भी कर दिया है। तहसीलों में पहुंचने के बाद इन सभी को नियुक्ति पत्र देने के साथ ही कार्य क्षेत्र का आवंटन संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। नव चयनित लेखपालों में 7 महिलाएं हैं जबकि इससे पहले हुई नियुक्ति में जिले को लगभग 80 महिला लेखपाल मिली थीं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला इकाई के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम करन गुप्ता ने बताया कि नव चयनित लेखपालों की तैनाती से निश्चित ही राजस्व कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही शासन-प्रशासन की त्वरित मंशा भी फलीभूत होगी।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने युवक को कुचला, मौत

फाइल फोटो।

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जिले में बांसी थाना क्षेत्र के पास शनिवार रात करीब 12 बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पहले युवक को टक्कर मारी, फिर उसे कुचलते हुए निकल गया। बताते हैं कि राम कुमार उर्फ श्रीराम (30) पुत्र स्व. जयराम निवासी ग्राम खुरहरिया, शोहरतगढ़ दिल्ली के एक होटल में खाना बनाने का काम करता था। वह लंबी छुट्टी पर घर आया हुआ था। उसने बांसी में खाना बनाने का एक कांट्रैक्ट लिया था। इसी के तहत वह खाना बनाने बांसी कस्बे गया था। रात करीब 12 बजे वह बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। अभी वह सोनखर के पेट्रोल पंप के सामने ही पहुंचा था, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे ठोकर मार दी। राम कुमार सड़क पर ही गिर गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली उसे कुचलती हुई निकल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे बांसी के अस्पताल ले गई जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। पुलिस के मुतबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली गई है लेकिन ड्राइवर अभी फरार है।

नशीली टेबलेट के साथ आरोपी दबोचा

सिद्धार्थनगर अमृत विचार : प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ एक आरोपी को थाना कपिलवस्तु पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में मादक पदार्थों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना कपिलवस्तु पुलिस ने ग्राम बिहरी के पास से 52 नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाने में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्जकर गिरफ्तार अभियुक्त पर कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी इलाके में नशीली दवा सप्लाई करता था।

3 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले गिरफ्तार

शिकंजा

▸▸ गोल्डी बरार गैंग का नाम लेकर की थी वसूली की कोशिश चंडीगढ़ पुलिस के साथ एसओजी व स्वॉट टीम ने दबोचा

संवाददाता, गोरखपुर

पुलिस की हिरासत में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

अमृत विचार : गोल्डी बरार गैंग के नाम पर तीन करोड़ की रंगदारी मांगने वाले तीन अभियुक्तों को एसओजी, स्वाट व थाना कैंट की पुलिस टीम ने चंडीगढ़ पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। गोल्डी गैंग के नाम पर तीन करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी जिसके बाद वादी ने अभियुक्तों का फोन उठाना बंद कर दिया था। अभियुक्तों द्वारा वादी के घर के बाहर फायरिंग भी की गई थी जिसके संबंध में वादी ने थाना नार्थ चंडीगढ़ में अभियोग पंजीकृत कराया था।

इस मामले में सूचना प्राप्त होने पर रविवार को एसओजी टीम गोरखपुर, स्वॉट टीम व थाना कैंट पुलिस ने थाना नार्थ, चंडीगढ़ पुलिस का सहयोग करते हुए तीन अभियुक्तों कमल प्रीत सिंह पुत्र इंदरजीत सिंह निवासी ग्राम देवीनगर अबरोवास थाना बनुर जिला मोहाली पंजाब, अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर पुत्र शमशेर सिंह निवासी ग्राम कलौली थाना बनुर जिला मोहाली पंजाब व प्रेम सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम अमलाला थाना डेराबसी जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डेढ़ साल में पूरा नहीं हुआ सड़क निर्माण कार्य, ग्रामीणों को होती है दिक्कत

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : विकास परियोजनाओं को लटकाने वाली संस्थाओं व ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने का सरकार की ओर से फरमान है। बावजूद इसके बांसी तहसील अंतर्गत एनएच-28 स्थित करही चौराहे से पूरब कुर्थिया तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन मार्ग के निर्माण का कार्य डेढ़ वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ है। कार्यदायी संस्था का कहना है कि विद्युत पोल स्थानांतरित किए बगैर काम नहीं शुरू हो सकता।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन छह किलोमीटर करही चौराहे से कुर्थिया पिच मार्ग का कार्य मई 2022 में ही प्रारंभ होना था लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण जून 2023 में पटरियों पर मिट्टी डालने व कुछ चिह्नित स्थानों पर ह्यूम पाइप डालकर कार्य रोक दिया गया। अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका जबकि 7 मई 2022 से कार्य प्रारंभ कर 7 मई 2023 को पूर्ण कराना था। इसी मार्ग के साथ टेंडर हुए डिंडई से छितही गांव तक 09.600 किमी पिच मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करा दिया गया है। डेढ़ वर्ष का समय बीतने के बाद अब जिम्मेदार संस्था ठेकेदार पर नकेल कसने के बजाए विद्युत पोलों को हटाने का बहाना बना रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब पोल हटाए बगैर सड़क बननी ही नहीं थी तो सड़क सर्वे में चिह्नित पोलों को पहले ही क्यों नहीं हटवाए गए। सड़क निर्माण न होने से आवागमन में परेशानी होती है।

विद्युत पोल स्थानांतरित करने की धनराशि विद्युत विभाग को दो माह पूर्व भुगतान कर दिया गया है। पोल हटने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। **–अर्पित सिंह,** सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग

मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल फुल, छात्र होंगे परेशान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल फुल हो गए हैं जबकि नए हॉस्टल बनाने की प्रक्रिया फाइल में ही चल रही है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को बाहर रूम लेकर रहना पड़ेगा जिससे उन्हें परेशानी होगी। मेडिकल कॉलेज में 300 छात्र-छात्रां पढ़ाई करते हैं जिनके रहने के लिए 150 कमरों का ब्वायज व गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। नए हॉस्टल बनाने की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से नए बैच के छात्र-छात्राओं को परेशानी होगी। मेडिकल कॉलेज में 100 छात्र-छात्राओं का प्रवेश होता है जबकि 60 कमरे छात्राओं व 90 छात्रों के लिए हैं। तीन बैच का प्रवेश हो जाने से हॉस्टल के सभी कमरे फुल हो गए हैं। 7 माह बाद नए बैच का प्रवेश शुरू हो जाएगा लेकिन अभी तक नए हॉस्टल की प्रक्रिया शुरू नहीं होने से क्लासेज शुरू होने तक हॉस्टल निमार्ण होना संभव नहीं है।

लापरवाही जिले में करीब तीन हजार ई-रिक्शे हैं पंजीकृत, बड़ी संख्या में अप्रशिक्षित नाबालिग चला रहे इन्हें, आए दिन होते हैं हादसे

किशोरों के हाथ में ई-रिक्शों का स्टेयिरंग बना बवाल-ए-जान

सिद्धार्थनगर कार्यालय

अमृत विचार : जिले में ई-रिक्शों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। अधिकांश ई-रिक्शों की स्टेयरिंग अप्रशिक्षित किशोरों के हाथ में है। चलते-चलते कब मुड़ जाएं और किस टक्कर मार दें, कोई पता नहीं होता। इनकी लापरवाही से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी इनकी मनमानी पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदार आगे नहीं आ रहे हैं।

साइकिल रिक्शा के बाद ई-रिक्शा का चलन बढ़ा तो रिक्शा चलाने वाले बिना प्रशिक्षण के ई-रिक्शे का स्टेरिंग पकड़ने लगे। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में लगभग तीन हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं। इसमें करीब एक हजार शहर के मुख्य मार्गों और गलियों में घूम रहे हैं। पलक झपकी नहीं कि तब तक दूसरा सामने पहुंच जाता है। अप्रशिक्षित होने के साथ ही बड़ी संख्या में किशोर ई-रिक्शा चलाते हुए देखे जा रहे हैं। तीन हजार में दो हजार लोगों के पास ही डीएल (ड्राइविंग लाइसेंस) है। जिनके पास दोपहिया वाहन के लाइसेंस हैं, वे भी खुलेआम बिना डर के इसे दौड़ा रहे हैं। कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार बेखबर हैं। वर्तमान में शहर में एक हजार से अधिक ई-रिक्शा चल रहे हैं लेकिन इनका न तो रूट तय है और न ही स्टैंड बना है। जो जहां पाए, खड़ा होकर सवारी भरने लगता है। दो साल से स्थाई स्टैंड बनाने की बात चल रही है लेकिन अभी तक में स्थाई स्टैंड चिह्नित नहीं हो सका है। इन अनट्रेंड और गैर लाइसेंसधारी रिक्शा चालकों से शहर में आए दिन हादसे होते रहते हैं। शनिवार को ही खजुरिया मोड थाना रोड़ पर एकाएक रिक्शा मुड़ जाने से लोटन क्षेत्र के बाइक सवार उमेश की बाइक में टक्कर लग गई। उन्हें लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। इसी प्रकार दो दिन पहले एक ब्लॉकस्तरीय अधिकारी किसी के साथ निकले थे। अभी वह ब्लॉक के पास पहुंचे ही थे कि एक ई-रिक्शा वाला अचानक मुड़ा और दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को चोट आईं। ये मामले तो सिर्फ बानगीभर हैं, आए दिन इन नौसिखिए ई-रिक्शा चालकों की वजह से हादसे होते रहते हैं। इसके बाद भी पुलिस- प्रशासन इन पर नकेल कसने के लिए कोई अभियान नहीं चलाता। इसके अलावा, ये ई-रिक्शा चालक जिले में जाम का सबब भी बनते हैं।

ट्रैफिक पुलिस के साथ चेकिंग अभियान चलाकर लगातार जांच की जा रही है। अगर कोई नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिला तो अभिभावक के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।
–सुरेश कुमार, एआरटीओ

नगर में वाहनों के रूट को नगर पालिका के साथ मिलकर तय किया जाएगा। इसके साथ ही वाहनों का स्टैंड बनाया जाएगा।
–डॉ. ललित कुमार मिश्र, एसडीएम सदर

एक नजर

46 वाहनों से 69 हजार का कटा शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले के सभी थानाक्षेत्रों में ब्यापक रुप से वाहन चेकिंग अभियान चला। इस दौरान बिना हेलमेट लगाए चल रहे दोपहिया चालकों और बिना सीटबेल्ट लगाकर चल रहे चार पहिया वाहन चालकों की आनलाइन चालान काटी गई। इस दौरान ओवरलोड मिल वाहक वाहनों की भी चालान काटी गई। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 46 वाहनों से कुल 69 हजार रुपए की चालान काटी।

हत्यारोपी पति गिरफ्तार

सांथा, संतकबीरनगर। बुधवार की सुबह समीना खातून की हत्या ससुरालियों ने कर दी थी। मृतका के पिता कुतबुल्लाह पुत्र इद्रीश निवासी चकमझारी थाना डुमरियागंज ने बेलहर थाने पर तहरीर दिया था। जिसमें पुलिस ने हसमुद्दीन पुत्र गयासुद्दीन ससुर गयासुद्दीन पुत्र भकोले, सास सबरुन्निशा पत्नी गयासुद्दीन और ननद सहजादी पुत्री गयासुद्दीन निवासी अमराकोईल जोराउंहा थाना बेलहर के खिलाफ गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद बेलहर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा गैर ईरादतन हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया था। उक्त मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपित पति हसमुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

यातायात पुलिस ने छात्रों को नियमों व सुरक्षा मानकों के प्रति किया जागरूक

पायनियर कोचिंग सेंटर के छात्रों को दिलाई नियमों के पालन की शपथ

संतकबीरनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में यातायात प्रभारी परमहंस ने शासन के निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के क्रम में रविवार को पायनियर कोचिंग सेंटर के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

स्वयं सेवी संस्था एहसास डे केयर सेंटर खलीलाबाद के संचालक आनंद कुमार और उनके कर्मचारियों के साथ कोचिंग सेंटर पहुंचे यातायात प्रभारी परमहंस ने छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की बारीकियां समझाईं। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को यातायात नियमों को पालन करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि जब हम अपनी रोजमर्रा की जरुरतें और संस्थानों की जिम्मेदारियां पूरी करने के लिए घरों से निकलते हैं तो शाम को हमारे परिवार के लोग बड़ी बेसब्री से हमारे सकुशल वापस लौटने की प्रतीक्षा करते हैं। सड़क पर चलते समय मामूली सी

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में छात्रों को सम्मानित करते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

▸▸ अनमोल जीवन को लापरवाही के चलते ना गंवाएं : परमहंस

लापरवाही के चलते हम अपने साथ ही अन्य लोगों की जिंदगी खतरे में डाल देते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्धारित गति से वाहन चलाएं, शराब पीकर कभी वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन बिना हेलमेट और चार पहिया वाहन बिना सीट बेल्ट लगाए कदापि न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें। ऐसा करके हम खुद के साथ ही अन्य लोगों को भी सुरक्षा दे सकते हैं। बच्चों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप की बातों का असर आपके परिजनों और रिश्तेदारों के साथ ही पड़ोसियों पर भी पड़ेगा। उन्हें यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने को प्रेरित करते रहें। इस मौके पर यातायात प्रभारी ने आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का अभियान चलाने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी आनंद मोहन सिंह के साथ ही कोचिंग सेंटर के अध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अतहरुल बारी ग्रापए खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष मनोनीत

संतकबीरनगर, अमृत विचार। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील ईकाई खलीलाबाद का गठन रविवार को किया गया। जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा और मण्डल उपाध्यक्ष मुहम्मद आफताब आलम अंसारी की देखरेख में हुई बैठक में अतहरूल बारी को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष चुना गया।

जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अतीक अहमद, गिरीश चन्द्र गुप्ता, गंगेश्वर मिश्र को तहसील उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश वर्मा, नूर आलम, जहीर अहमद को महामंत्री, इन्द्रजीत यादव, जावेद अहमद, टीएच सिद्दीकी को मंत्री, कमरे आलम अंसारी को संगठन मंत्री, शफीक अहमद को प्रचार मंत्री, इजहार अहमद शाह को कोषाध्यक्ष, एजाज अहमद को आडीटर, खुर्शीद अहमद, नसीम अहमद, मुकेश कुमार श्रीवास्तव को सर्व सम्मति से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। बैठक में जफीर करखी, मनौव्वर हुसेन, मुहम्मद परवेज अख्तर, सुभाष मणि त्रिपाठी, अफ्फान खान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

भविष्य मेधा परीक्षा में सैंकड़ों ने किया प्रतिभाग

भविष्य मेधा परीक्षा में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

सांथा, संतकबीरनगर। सांथा ब्लॉक क्षेत्र के निधुरी स्थित भविष्य शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों की मेधा को परखने के लिए रविवार को मेधा चयन परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा में सांथा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय गोइठहा, एम एम आजाद विद्यालय खजुरी, अजीजुल्लाह हायर सेकेंडरी हाई स्कूल सांड़ा, रामनरेश चौधरी कृषक इंटर कॉलेज सरकारी रमवापुर, पब्लिक इंटर कॉलेज निघुरी, हाजी शाकिर अली इंटर कॉलेज राजेडीहा, इंडियन पब्लिक स्कूल गोइठहा समेत आसपास के परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों से कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

भविष्य शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक संजय कुमार प्रजापति ने बताया कि संस्थान के द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सफल घोषित श्रेष्ठतम 30 विद्यार्थियों को 11फरवरी को भविष्य शिक्षा संस्थान निधुरी के द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 25 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। सभी विद्यार्थियों के प्राप्तांक से उनके विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अवगत करा दिया जायेगा। सभी चयनित मेधावी 11 फरवरी को भविष्य मेधा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान अध्यापक मनीष कुमार, रामदास, करीमुल्लाह, इस्माइल, प्रदीप, इरशाद समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकता मिला युवती का शव

संवाददाता, मेंहदावल

संतकबीरनगर। मेंहदावल थाना क्षेत्र के बारागद्दी मोहल्ले में रविवार को महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पंखे से लटका मिला। घटना की जानकारी जब बगल के लोगों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना थाने पर दिया। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार की देखरेख में शव का पंचनामा काराकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेहदावल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 बारागद्दी मोहल्ले के निवासी कमरुज्जमा महाराष्ट्र के भिवंडी में रहकर पावर लूम चलाते हैं और बड़ा भाई गुजरात रहता है। घर पर कामरुज्जमा की पत्नी और दोनों लड़कियां ही रहती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका की मां अपने बहन के घर गई है। बेटी सायदा (22) की शादी दो वर्ष पूर्व गोरखपुर जिले में अपने ननिहाल में ही हुई है। मां के अपने घर जाने के

▸▸ घटना के समय घर में नहीं था कोई परिजन

▸▸ बरागद्दी मोहल्ले की घटना, तरह-तरह की हो रही चर्चाएं

बाद दोनों बहनें अकेले साथ मे रह रही थीं। अभी छोटी बहन की उम्र 10 वर्ष है। जब दिन में छोटी बहन बाहर खेलने चली गई। उसके बाद वह वापस घर आई तो दरवाजा बंद मिला। छोटी बहन ने बगल के घर मे जाकर इसकी जानकारी दिया। जब आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजे को तोड़कर जब पड़ोस के लोग अंदर गए तो महिला सायदा का शव पंखे से लटक रहा था।

घटना देखकर आस पास के लोग अवाक रह गए। इसकी सूचना लोगों ने स्थानीय थाने पर दिया। घटना की जानकारी के बाद मां भी पहुंची। जब परिजन पुलिस के साथ अंदर गए तो सायदा का शव पंखे से लटका हुआ था। मां ने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि बेटी ने ऐसा क्यों किया। बेटी पिछले एक वर्ष से मायके में ही रह रही थी।

आवश्यक कार्यवाही की जा रही है : थानाध्यक्ष

इस बारे में बात करने पर प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि नायब तहसीलदार हरे राम यादव की देखरेख में शव का पंचनामा कराया गया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहाकि अगर तहरीर मिलती है तो पूरे मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गर्दन में लटका मिला ब्लूटूथ मौत लग रही है संदिग्ध

सायदा का आत्महत्या की घटना पूरी संदिग्ध लग रही है। मां-बाप और भाई घर पर कोई नहीं था, तो ऐसे में शक और बढ़ रहा है। वहीं जब मृतका पंखे से लटकी तो उसके गले में ब्लूटूथ लगा था, जो घटना को संदिग्ध साबित कर रहा है। इस बात को लेकर मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

महोत्सव की सफलता पर डीएम ने दी बधाई

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। कबीर मगहर महोत्सव के सफलता पूर्वक समापन पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आयोजन में सहभागी रहे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, कलाकारों, नगरपंचायत कर्मियों, सफाई कर्मचारियों और आम जनता के प्रति आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस उल्लास के साथ आयोजन को भब्यता प्रदान कराया उसकी जितनी तारीफ की जाय कम होगी।

उन्होंने कहा कि बाहरी कलाकारों के साथ ही जनपद के कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति करके आयोजन को महोत्सव की उपयोगिता का दर्शन कराया वह बेहद शानदार रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं से आम जनता को परिचित कराया। गोष्ठियों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाई, कबीर दास जी के विचारों और संदेश से आम जनता को परिचित

▸▸ महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों, महोत्सव समिति, विभागीय कर्मियों और आम जनता के प्रति जताया आभार

महेंद्र सिंह तंवर, जिलाधिकारी संतकबीरनगर। अमृत विचार

कराया। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा का बेहतरीन प्रबंध करके आयोजन को निर्विघ्न रुपए से सम्पन्न कराया। आयोजन की ऐतिहासिक सफलता में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसके लिए सभी के प्रति बधाई और आभार जताया।

देश का चतुर्दिक विकास कर रही मोदी सरकार: श्रीराम चौहान

संतकबीरनगर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह नेतृत्व में "गांव चलो अभियान" के अंतर्गत रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और खजनी के विधायक श्रीराम चौहान द्वारा घर-घर संपर्क कर अभियान का शुभारंभ किया गया। सभी कार्यकर्ता विधायक आवास पर पहुंचे। यहां पर बूथ अध्यक्ष और कमेटी के सदस्यों के साथ घर-घर संपर्क किया गया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं के मोदी-योगी जिंदाबाद के नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और खजनी क्षेत्र से भाजपा विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने लगभग 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण योजना के तहत फ्री राशन का वितरण, आयुष्मान कार्ड में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन सहित तमाम योजनाओं के माध्यम से जनता से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं

घर-घर पहुंच कर भाजपा का पत्रक बांटते पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायक श्रीराम चौहान।

दे रही है। जिससे सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पद पर अग्रसर है। प्रदेश का तीव्र गति से विकास हो रहा है। जनता में अमन चैन और खुशहाली है और अपराध मुक्त वातावरण है। नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कहा कि अपने ऐतिहासिक और साहसिक कार्यों की बदौलत प्रधानमंत्री मोदी पूरी दुनिया में देश की गरिमा बढ़ा रहे हैं। आज पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी जी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे और देश विकसित देशों की कतार में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता लोकसभा चुनावों की प्रतीक्षा कर रही है। विपक्षी दल अपने भ्रष्टाचारों के चलते आपस में गलबहियां कर रहे हैं लेकिन उनकी एकता छिन्न-भिन्न होती जा रही है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में

पछुआ हवा और बारिश की फुहारों ने बढ़ाई गलन

संतकबीरनगर, अमृत विचार। रविवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ले लिया। सुबह खिली धूप के बाद 8 बजते ही आसमान में घने बादल छा गए। पछुआ हवाओं और बारिश की फुहारों ने वापस लौट रही ठंड को दुबारा लौटा दिया। आलम यह रहा कि लोग एक बार फिर घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

जानकारों की मानें तो हल्की बरसात गेहूं की फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी। लेकिन अगर बारिश ज्यादा हो गई तो आलू और तिलहन की फसलों को ब्यापक रुप से नुकसान होगा। कारण कि आलू

▸▸ आलू और तिलहन फसलों को होगा नुकसान

▸▸ तीन दिनों से निकल रही धूप ने दिलाई थी ठंड से निजात

की फसलें लगभग तैयार हो चुकी हैं। सरसों की फसलों में भी अब फल लगने लगे हैं। बरसात ज्यादा होने पर आलू खेतों में ही सड़ने लगेंगे और सरसों की फसलों के फूल झड़ जाएंगे। जिसके चलते फसलों की पैदावार बुरी तरह से प्रभावित होगी। बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से खिल रही चटख धूप ने ठंड का प्रकोप बेहद कम कर दिया था। लोग दिन में गर्म कपड़े बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। ऐसा लगने लगा था कि अब ठंड की विदाई हो रही है। लेकिन रविवार को मौसम ने ऐसी करवट लिया कि लोग दुबारा ठंड से कांपने लगे हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो या तीन दिनों तक बारिश और ओले गिरने की सम्भावनाएं हैं। जिसके चलते डंक का प्रकोप अभी कुछ दिनों तक और बर्दाश्त करना होगा। रिमझिम बरसात के चलते सड़कों पर कीचड़ पसर गया है। जिसके चलते राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सड़क पर पसरा कीचड़ और फिसल कर नाली में लटकी मैजिक गाड़ी। अमृत विचार

विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग का वीडियो वॉयरल

बाराबंकी। शनिवार को कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम टिकवामऊ निवासी वलीम की पुत्री का विवाह था। बरात अयोध्या के मवई थाना अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर से आई थी। विवाह कार्यक्रम का आयोजन करमनगर चौराहे पर टिकैतनगर भेलसर मुख्य राज्यमार्ग के किनारे ही किया गया था। बरातियों द्वारा जनवासे में जमकर हवाई फायरिंग की गई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। वहीं वीडियो में मुख्य सड़क के किनारे ही कई युवक कई असलहों से कई राउंड हवाई फायरिंग करते हुए दिख रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक संजीत कुमार सोनकर ने मामले की जानकारी होने से ही इंकार कर दिया।

परिवहन मंत्री ने सीज कराये दो ओवरलोड ट्रक

बाराबंकी, अमृत विचार। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार देर रात लखनऊ राजमार्ग पर रामसनेहीघाट क्षेत्र में ओवरलोड दो वाहनों पर कार्रवाई करायी। सफेद बालू लादकर लखनऊ की ओर जा रहे दोनों ट्रकों को सीज कर रामसनेहीघाट पुलिस के हवाले कर दिया गया। परिवहन मंत्री की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

शनिवार को देर रात गोरखपुर से लखनऊ जा रहे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह हाईवे से गुजरते वक्त कोतवाली रामसनेही घाट अन्तर्गत नारायण ढाबा के पास आगे आगे चल रहे दो ट्रकों पर ओवरलोड सफेद बालू लदी थी। जिसे रोकवा कर परिवहन विभाग के अधिकारियों को मानक के विपरीत लादे हुए बालू पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। दोनों वाहनों को रामसनेहीघाट कोतवाली में खड़ा कराने का निर्देश दिया। मंत्री की कार्रवाई की खबर मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

लापरवाही | नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार का मामला, तत्कालीन डीएम ने दिए थे निर्देश

अभी तक टीम तक का नहीं किया गया गठन

दीपराज सिंह,देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार के लिए अब तक टीम का गठन तक नहीं किया जा सका है। इसके चलते शासन से सीमा विस्तार को स्वीकृति मिलने के बाद भी इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है।

नगर पंचायत देवा को पर्यटन नगरी का तमगा तो मिल गया लेकिन आजादी के बाद से आज तक नगर पंचायत देवा का सीमा विस्तार नहीं हो सका। इसके कारण विभिन्न सरकारी योजनाएं जमीन के अभाव में लंबित पड़ी हैं। इसी समस्या के चलते बीते दिनों नगर पंचायत के बोर्ड की बैठक में सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास किया गया था और उसे जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था। इसके बाद बीते 29 अगस्त 2023 को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास को सीमा विस्तार करने के संबंध में निर्देश दिए थे।

इसके क्रम में प्रदेश शासन के अनुसचिव महावीर प्रसाद ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत देवा का सीमा विस्तार करने की प्रक्रिया को शुरू कराने के निर्देश दिए थे।

सांसद के पत्र को भी नहीं मिली तवज्जो

आदर्श नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार को लेकर सांसद उपेंद्र रावत ने भी 2 मई 2023 को जिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर नगर पंचायत की सीमा विस्तार करने को कहा था। लेकिन सांसद के इस पत्र पर भी सीमा विस्तार की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। इसके अलावा कस्बा वासियों से लेकर आसपास के क्षेत्र वासियों ने भी शासन व जिला प्रशासन से समय-समय पर कस्बे की सीमा विस्तार की मांग की थी। लेकिन नतीजा अब तक सिफर ही रहा।

जल्द ही शुरू करायी जाएगी सीमा विस्तार की प्रक्रिया

नगर पंचायत देवा के सीमा विस्तार के लिए शासन स्तर से संस्तुति मिलने के बाद डीएम ने प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। उच्च अधिकारियों से वार्ता चल रही है। जल्द ही सीमा विस्तार की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

-सीएल तिवारी, ईओ, आदर्श नगर पंचायत देवा।

हो रही अनदेखी

▸▸ नगर पंचायत देवा को मिल चुका है पर्यटन नगरी का तमगा

▸▸ विभिन्न सरकारी योजनाएं जमीन के अभाव में लंबित पड़ी हैं

इस आदेश के क्रम में तत्कालीन जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उप जिलाधिकारी नवाबगंज को एक पत्र जारी कर निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कराकर नगर पंचायत देवा की सीमा विस्तार की रिपोर्ट कार्यालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के इस आदेश को चार माह बीत गए हैं। लेकिन अभी तक नगर पंचायत के सीमा विस्तार की प्रक्रिया का काम शुरू करना तो दूर की बात है अभी तक सीमा विस्तार के लिए टीम का गठन तक नहीं हो सका है।

भू-माफिया की 1.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

बाराबंकी, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एक और भू माफिया गिरोह के सरगना वासुदेव की संपत्ति की कुर्की की गई। गिरोह सरगना वासुदेव यादव निवासी गोठवा दरखा थाना गौरीगंज अमेठी, अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य वीरेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम नरौरा भर्रापुर थाना इटवाथोक गोण्डा, पटेसरी देवी पत्नी प्रहलाद निवासिनी पिपरा इस्माईल थाना खोडारे गोण्डा, दिनेश कुमार वर्मा निवासी मकान नम्बर-04 सूयश इन्क्लेव,चिनहट थाना चिनहट, लखनऊ मूल पता ग्राम असैनी बुजुर्ग थाना खोडारे जनपद गोण्डा के साथ मिलकर विगत 05-08 वर्षों से अपराध कर रहा है।

गिरोह छल कपट और कूट रचना कर लोगों को सस्ती आवासीय जमीन/प्लाट का लालच देकर एडवान्स में रुपये लेकर रजिस्ट्री न कराने जैसे अपराध में लिप्त है। इस संगठित गिरोह के द्वारा किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सरगना वासुदेव द्वारा स्वयं के नाम पर अर्जित की गई चल/अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 01 करोड़ 35 लाख रुपये व एचडीएफसी बैंक, विनीत खण्ड गोमती नगर लखनऊ के खाते में कुल रकम 8 लाख 97 हजार,589 रुपये को थाना देवा/कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई थी।

कार्यालय नगर पंचायत भारत भारी - सिद्धार्थ नगर

संख्या-: 444/ न0पं0भारत भारी / वर्ष 2023-24 दिनांक : 03/02/2024

ई- निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत भारतभारी द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन एवं कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्यो को कराया जाना हैं। जिसके लिए नीचे लिखित विवरण अनुसार निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं।

क्र0सं0	तिथि / समय विवरण	
1	निविदा प्रारम्भ का दिनांक व समय	05/02/2024 प्रात: 10:00 बजे
2	निविदा समाप्ति का दिनांक व समय	15/02/2024 प्रात:10:00 बजे
3	तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक व समय	15/02/2024 दोपहर 02:00 बजे
4	वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक व समय	तकनीकी निविदा खोलने एवं तकनीकी इबैलुएशन पूर्ण होने के पश्चात

(अजय कुमार पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भारत भारी,
सिद्धार्थ नगर

(चन्द्र प्रकाश वर्मा)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भारत भारी,
सिद्धार्थ नगर

एक नजर

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही पुलिस

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतों-कमियों का भी गहराई से अध्ययन कर रहा है। इसके लिए पुरानी फाइलों पर जमी धूल साफ की जाने लगा है। चुनाव के दौरान प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर अवैध शराब और अवैध हथियारों सहित दूसरी अवैध गतिविधियों को रोकना भी पुलिस के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ऐसे में सीमाई जिलों के कप्तानों को इस दिशा में एहतियाती इंतजामों को लेकर अभी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अवैध शराब की तस्करी और अवैध हथियार की सप्लाई के साथ ही आपराधिक तत्वों पर पर नजर रखने को कहा गया है। इसके लिए सूचना तंत्र को अभी से सक्रिय करने की बात कही गई।

अपना दल-एस, तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी : अनुप्रिया

जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोली पार्टी प्रमुख, कहा, दलितों, पिछड़ों व शोषितों की आवाज बना है अपना दल-एस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आईं अपना दल- एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी ने पिछड़े समाज व दलितों के लिए काम किया है। विपक्ष में जब नहीं थे तब भी आवाज उठाते रहे और जब यूपी और केंद्र में भाजपा गठबंधन के बाद सरकार में पहुंचे तो सदन में भी आवाज उठाकर न्याय दिखाने का काम कर रहे हैं। अपना दल-एस तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी वर्गों की भर्ती हो इसके लिए अखिल भारतीय न्याय सेवा का गठन करने के लिए सरकार से मांग की है।

शहर के वीआईपी रोड में अपना दल-एस ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शिरकत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष का सुशीला सिंह एवं अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष मो. जुनैद ने समर्थकों के संग चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत से अपना दल एस प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। निष्ठावान और जुझारू कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। प्रदेश में पिछड़ों, दलितों, वंचितों के हितैषी होने का दम भरने वाले कई बार सत्ता में आए लेकिन किसी ने उनके हित में काम नहीं किया। ऐसे लोग पिछड़ों, दलितों, दबे, कुचलों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। सत्ता में आने के बाद भूल जाते थे। लेकिन अब विपक्ष में रहने पर इन लोगों को एक बार फिर पिछडो और दलितों की याद आई हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय सचिव अमर सिंह पटेल, सरोज कुरील, बुलबुल सिंह, नेम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं अनुप्रिया पटेल। अमृत विचार

- विपक्षी दलों पर जमकर साधा निशाना

सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपना दल-एस हमेशा शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज उठाता रहा है। सरकार में रहने के बाद भी सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं किया। पिछड़ों दलित दबे कुचलों की आवाज उठाने से अपना दल कभी भी पीछे नहीं जाता है। समय समय पर लोगों की संसद में आवाज उठाई है। नीट की परीक्षा में ओबीसी का आरक्षण लागू करने का मुद्दा पीएम के सामने उठाया और आरक्षण लागू करवाया। उन्होंने भारतीय न्याय सेवा का गठन और पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन की मांग उठाई।

विरोधियों पर साधा निशाना

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल जिन राज्यों में यात्रा लेकर जाते हैं वहां के नेता को जानकारी नहीं देते, इसलिए गठबंधन टूट रहा है। सपा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दलित, पिछड़ों और शोषित वर्ग के नाम पर यूपी में कई बार सरकार बनाई लेकिन काम एक वर्ग का किया। जब से सत्ता से बाहर हुए हैं तब से सत्ता में आने के लिए फिर से दलित, ओबीसी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिन जिलों में जो मजबूत होगा, उसी पार्टी के प्रत्याशी को मैदान में उतारा जायेगा।

न्यायपालिका में हो भागीदारी

अपना दल-एस की मुखिया ने कहा कि न्याय पालिका में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी होनी चाहिए, इसके लिए न्याय पालिका को भी समावेशी बनाया जाए। देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब पिछड़ा, दलित, वंचित, शोषित समाज की भागीदारी सभी जगह पर होगी।

कौशल विकास योजनाओं की होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। जल्द ही प्रदेश के राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर होगी। नई और पुरानी समस्त जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही नहीं विभागीय जानकारी भी डिजिटल ही उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 77 लाख 17 हजार रूपए का बजट जारी करते हुए, अपट्रांन पावरट्रॉनिक्स लि. को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यो में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं की उपस्थित 75 प्रतिशत जरूरी होती है। निर्धारित अवधि तक समयबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मिलता रहें, व अन्य किसी प्रकार की अनियमिताएं न मिले, इसकी निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने का निर्णय लिया गया है। हर पाठयक्रम की उपयोगिता को देखते हुए पोर्टल विकसित किया जाएगा। जिसके बाद प्रशिक्षण केन्द्रों में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति और शिक्षकों की मौजूदगी आदि की निगरानी आसानी हो सकेगी। दरअसल, कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में हाई स्कूल या इंटर उत्तीर्ण कर चुके युवाओं को करीब तीन दर्जन से ज्यादा तकनीकी क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी जा रही है।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड की बनेंगी सड़कें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर झांसी नोड की सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आदेश दिया।

वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया। जनरल विपिन रावत डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर, झांसी नोड के लिए खरीदी गई भूमि में विभिन्न प्लाटों तक पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़क निर्माण एवं जलनिकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाएंगी। जिसके लिए 61.27 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर के लिए अब तक 107.37 करोड़ की धनराशि भेजी जा चुकी है।

वनों में आग लगने की घटनाओं पर अंकुश लगाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय में बनेगा अग्नि नियंत्रण कक्ष, छोटी से छोटी घटनाओं पर रखी जाएगी नजर
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ के कार्यालय में की गई अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना

अमृत विचार: गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर राज्य के हर जिलों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल भी की गई है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है।

जागरुकता के तहत सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और आग लगने की घटनाओं में कमी दर्ज की जाए। मुख्यालय पर बनाए गए सेल के नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक, प्रचार-प्रसार होंगे, जो अधीनस्थ कार्यालयों से मिली आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्रति सप्ताह शासन को देंगे। आंकड़ों पर ध्यान दें तो राज्य सरकार की मॉनीटरिंग से ऐसी घटनाओं में तीन साल में काफी कमी दर्ज की गई है।

शासन की मंशा के अनुरूप यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी। हीलाहवाली न हो, इसके लिए विभिन्न रेंजों में सूचनाएं रजिस्टर में पंजीकृत कर तत्काल उसके निदान पर कार्य भी किया जाएगा। वन संरक्षक जोनल मुख्य वन संरक्षक को इससे जुड़ी जानकारी भी देंगे।

वहीं, क्षेत्रीय व मंडलीय मुख्य वन संरक्षक स्तर पर भी अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों से मिली सूचनाओं को अफसरों तक पहुंचाने में यह माध्यम बनेंगे। वहीं लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2207951 पर इससे जुड़ी सूचनाएं दी जा सकती हैं। अन्य सभी जनपदों में भी आमजन व अन्य विभागों के अधिकारियों को स्थानीय हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

केजीएमयू परिसर में निकली कैंसर जागरूकता रैली

अमृत विचार, लखनऊ : कैंसर जागरूकता के लिए केजीएमयू में वॉकथॉन का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में कैंसर बचाव संबन्धी स्लोगनों के साथ निकली रैली प्रशासनिक भवन से चलकर शताब्दी अस्पताल में संपन्न हुई। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य कैंसर जैसे मुंह और गले के कैंसर गर्भाशय की ग्रीवा का कैंसर, स्तन कैंसर तथा प्रोस्टेट कैंसर से संबन्धित जानकारी से जागरूक किया गया। प्रो. आर ए एस कुशवाहा, प्रो. विजय कुमार, प्रो. राजीव गुप्ता, प्रो. संदीप तिवारी, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. अमिता पांडे व प्रो. सुधीर सिंह ने भाग लिया।

अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 90 प्रतिशत जनता को पीडीए में है विश्वास : अखिलेश

अमृत विचार: सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

कर्ज लेने के बाद चुका नहीं रही प्रदेश सरकार : रालोद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2022 तक 1,72,703 करोड़ रुपये का लिया कर्ज

अमृत विचार: राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कहा कि भाजपा ने साल 2017 में जब से सत्ता सँभाली है तब से प्रदेश वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी भरपाई प्रदेश सरकार बाहरी स्रोतों से उधार लेकर करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साल 2017 से लेकर 2022 तक 1,72703 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ ले लिया है और चुकाया सिर्फ़ 42,120 करोड़ रुपया है।

वहीं, रविवार को ही व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बजट को अलग किया जाए। जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक गरीबी का उन्मूलन किसी प्रकार से संभव नहीं है।

महिला जज की मौत एक साजिश किसी ने आत्महत्या को उकसाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला जज की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई

अमृत विचार : सिविल जज ज्योत्सना राय का सरकारी आवास में पंखे से लटका शव मिलने की गुत्थी सुलझाना पुलिस अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सिर्फ यही स्पष्ट हो पाया है कि उनकी मौत हैंगिंग से हुई है।

महिला जज की मौत 2 फरवरी की रात करीब 11 बजे होने का अनुमान है। वहीं 36 घंटों की जांच में पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। यदि आत्महत्या को सही मानें तो महिला जज के आत्महत्या करने के पीछे का कोई ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया और न ही हत्या होने के संबंध में पुलिस को कोई क्लू मिला है। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव सरकारी आवास पहुंचा तो उनके पिता अशोक कुमार राय रोते हुए बताने लगे कि उनकी मौत एक साजिश है। जरूर किसी ने उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया होगा। तभी अगले ही क्षण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा। वहीं शनिवार रात पिता अशोक कुमार राय ने बेटी को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि बेटी ने पहले प्रयास में ही पीसीएस-जे की परीक्षा पास की थी। वह बहुत होनहार थी। आवास में सिक्योरिटी होने के बाद भी बेटी ने असहाय होकर ऐसा कदम उठा लिया। उन्होंने बताया कि पास में रहने वाले एक न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने बताया था कि ज्योत्सना राय शुक्रवार रात किसी से फोन पर तेज आवाज में बात कर रहीं थीं। वह बेटी की पोस्टिंग बदायूं में नहीं कराना चाहते थे लेकिन बेटी कहती थी कि पापा उनके काम में दखल मत किया करो।

अगर थोड़ा भी आभास होता तो बेटी की नौकरी छुड़वा देते, लेकिन बेटी ने एक बार भी कुछ नहीं बताया। उन्हें कुछ दिनों से अशुभ होने जैसा लग रहा था। अंत में उन्होंने कहा कि मैं किसी से आज तक नहीं हारा, लेकिन बेटी से हार गया।

अब तक सामने नहीं आया मौत के पीछे कोई ठोस कारण: महिला जज की मौत के दूसरे दिन भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। हर किसी के जेहन में एक ही सवाल है कि इतनी होनहार महिला जज क्यों ऐसा करेंगी। घटना से सभी हैरान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक ठोस वजह सामने नहीं आई है। महिला जज के कमरे में ताला लगा दिया गया है। परिजन कुछ सामान ले गए हैं।

सीओ सिटी बोले- सुसाइड नोट के आधार पर जांच करा रहे बदायूं: मूलरूप से जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की निवासी सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह उनके सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला था। कर्मचारियों के दरवाजा खटखटाने के बाद भी आवाज नहीं आई तो पुलिस ने दरवाजा तोड़ा था। कमरे में रखी डायरी में सुसाइड नोट भी मिला। उससे तमाम बिंदुओं का खुलासा हुआ। किसी को भी महिला जज की मौत पर भरोसा नहीं हो रहा है। इधर, सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि सुसाइड नोट पर जांच कराई जा रही है। परिजनों ने आशंका जताई कि सुसाइड नहीं कर सकतीं। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मारपीट मामले में केस

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। विशेश्वरगंज थाने के लखनगोंडा गांव निवासी पंकज चौबे पुत्र राजेश घौबे 30 जनवरी को शाम खेत की तरफ जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही पिंटू चौबे, दिलीप चौबे पुत्रगण रामेश्वर, आनंद तिवारी पुत्र प्रैम नारायण ने रोका।

पिंटू ने कहा कि चाय पीकर जाइए। जैसे ही पिंटू चौबे के दरवाजे पर पंकज पहुंचे। अचानक तीनो हमलावर हुए लोगों ने पंकज पर बेरहमी से हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को थाने लाए जाने पर पुलिस ने विशेश्वरगंज सीएचसी भेजा। वहां से घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। काफ़ी जद्दोजहद के बाद तीन दिनों बाद तीनों मारपीट, धमकी आदि की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

चोरी मामले मे पुलिस ने दर्ज किया केस: नानपारा, बहराइच। नानपारा कोतवाली के जुबलीगंज स्टेशन रोड में राजू मदेशिया पुत्र पवन की सांउड मशीन की दुकान है। इस दुकान में 24 जनवरी की देर रात में दो साउंड मशीन व तीन हजार की नगदी चोर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया है। किसी को नामजद नही कराया गया है।

मंदिर एवं धर्मशाला की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूनगा में फर्जी स्टाम्प दिखा कर मन्दिर व धर्मशाला की जमीन कब्जाने की कोशिश। ग्राम सुनगा निवासी बाबू चौकीदार पुत्र हवलदार द्वारा शिव मंदिर एवं धर्मशाला को फर्जी स्टांप पेपर दिखाकर हड़पने की साजिश की जा रही है।

ग्राम सुनगा में शिवामंदिर एवं धर्मशाला स्थित है और यह मंदिर के पुजारी प्रभानंद जी महाराज हमेशा पूजा पाठ एवं भंडारा करते रहते हैं और यह धर्मशाला और मंदिर बहुत पुराना है आए दिन तमाम साधु संतों के द्वारा पूजा अर्चना भागवत कीर्तन रामायण आज का पाठ होता रहता है इस मंदिर को एवं धर्मशाला की जमीन को हड़पने के लिए बाबू चौकीदार पुत्र हवलदार फर्जी स्टांप पेपर दिखाकर कब्जा करने की साजिश कर रहा है और आए दिन पुजारी प्रभानंद महाराज को जान से मारने के धमकी एवं गाली गलौज दिया करता है जबकि यह क्षेत्र का एक धार्मिक स्थल है और क्षेत्र के श्रद्धालु लोग पूजा अर्चना के लिए आया करते हैं अपनी बेईमानी के बदले मंदिर एवं धर्मशाला को अपनी दबंगई के बदौलत एवं फर्जी कागजात के बदौलत इस धार्मिक स्थल की जमीन को हड़पना चाहता है गांव के कई लोगों के विरोध पर गांव वालों को भी धमकता है जबकि गांव के हिंदू एवं मुसलमान सब लोग मिलकर इस मंदिर एवं धर्मशाला को चलते हैं।

इसकी सूचना जिला के अधिकारियों को भी दिया जा चुका है, लेकिन आज तक बाबू चौकीदार के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश शासन की गाइडलाइन को तक में रखकर बाबू चौकीदार मंदिर के पुजारी को धमका करके जमीन अपने की साजिश रचता रहता है और आए दिन पुजारी को परेशान करता है।

पपीता-खरबूजा की खेती से मालामाल होंगे किसान

गोंडा कार्यालय

खेत में लगा पपीता। अमृत विचार

अमृत विचार: पपीता एक महत्वपूर्ण फल की फसल है। इसकी खेती उत्तर प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में आसानी से की जा सकती है। इसके फल में विटामिन ए तथा विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाई जाती है।

इसके नियमित सेवन से कब्ज एवं बवासीर रोग की समस्या से छुटकारा मिल जाता है। पपीता के कच्चे फलों का प्रयोग सलाद एवं सब्जी में तथा पके फलों का प्रयोग खाने में किया जाता है। इसके कच्चे फलों से रस निकालकर पेपेन नामक पदार्थ बनाया जाता है। पेपेन का प्रयोग अल्सर आदि बीमारियों के नियंत्रण में किया जाता है। पपीता की खेती आर्थिक दृष्टि से बहुत लाभकारी है।

प्रगतिशील कृषकों मान बहादुर सिंह एवं अरविंद सिंह ग्राम पचपुती जगतापुर विकासखंड मनकापुर ने पपीता के साथ खरबूजा की सह फसली खेती आधा एकड़ में करके अच्छी आय प्राप्त की है। मान बहादुर सिंह ने बताया कि मार्च के पहले सप्ताह में पपीता की रेड लेडी प्रजाति के पौधों की रोपाई पंक्ति से पंक्ति की दूरी 8 फीट तथा पौधा से पौधा के बीच की दूरी 6 फीट पर की गई। पौध रोपाई के समय 10 किलोग्राम सड़ी गोबर की खाद प्रति पौधा के साथ यूरिया, डीएपी, सिंगल सुपर फास्फेट एवं म्यूरेट आफ पोटाश का प्रयोग किया गया। रोपाई के समय पपीता की दो पंक्तियों के बीच खाली जगह में खरबूजा की एक पंक्ति की बुवाई की गई। तीन माह में खरबूजे की फसल से 50 कुंतल खरबूजा प्राप्त हुआ। खरबूजा से कुल आय सवा लाख रुपये हुई। रोपाई के साथ माह बाद सितंबर माह से पपीता में फल लगना शुरू हुए। जनवरी तक कुल 15 क्विंटल पपीता की उपज प्राप्त हुई। पपीता की बिक्री से अभी तक कुल रुपया 45000 प्राप्त हुआ है। पपीता की फलत लगातार मिल रही है। पपीता एवं खरबूजा से अभी तक कुल आय रुपया पौने दो लाख प्राप्त हो चुकी है। आधा एकड़ में अभी तक कुल 50000 खर्च हुआ है। आधा एकड़ में कुल रुपया सवा लाख की शुद्ध आय प्राप्त हो चुकी है। इस प्रकार प्रति एकड़ सवा तीन लाख रुपया शुद्ध आय प्राप्त होगी। पपीता की फसल से 3 वर्ष तक लगातार फल प्राप्त किये जा सकते हैं। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर, रोहित कुमार सिंह बीटीएम कृषि विभाग व सूरज सिंह ने मौके पर जाकर फसल को देखा तथा बताया कि पपीता की उन्नतशील प्रजातियों में रेड लेडी, रांची, कुर्ग हनीड्यू, पूसा डिलीशियस, पूसा ड्वार्फ आदि तथा संकर प्रजातियों में माधुरी, विनायक तथा मधुबाला आदि मुख्य हैं।

आजम के मोहल्ले से चला जौहर यूनिवर्सिटी को सरंक्षण में लेने का अभियान

संवाददाता, रामपुर। मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकार के सरंक्षण में लेने के लिए रविवार से हस्ताक्षर अभियान पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से शुरू हुआ। शहर में पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड नंबर 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई जो सप्ताह भर जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर 26 नवंबर रविवार से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी।

ई-रिक्शा को बचाने में बाइक भिड़ी, युवक की मौत

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में बाइकचालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक इससे जा भिड़ी। युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। इनमें से एक को प्रयागराज रिफर किया गया है।

घटना शनिवार रात की है। जानकारी के मुताबिक, सुभाषनगर इलाके का निवासी अमन रायकवार (22) पुत्र कैलाश चंद्र कस्बे में एक लाज में दोस्त की शादी समारोह में गया था। रात में लौटते समय उसको उसी के मोहल्ले के युवक रवि साहू और शैलेंद्र साहू भी मिल गए। आसपास कोई वाहन न मिलने की बात कहकर दोनों ने उसे भी बैठा लेने को कहा। इस पर तीनों बाइक से घर जा रहे थे। रात लगभग साढ़े नौ बजे मारकुंडी तिराहे पर एक ई-रिक्शे को बचाने के चक्कर में अमन बाइक से नियंत्रण खो बैठा और बाइक ई-रिक्शे पर जा भिड़ी। इससे तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद रवि को प्रयागराज रिफर कर दिया गया। अमन को जिला अस्पताल भेजा गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।

मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री (पीएम) बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा'

की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।

भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गणपत गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गणपत गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

एक नजर

महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

मुंबई। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

अयोध्या के राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

मलप्पुरम, एजेंसी

▸▸ सत्तारूढ़ दल आईएनएल ने बयान को लेकर की आलोचना

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए।

थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को यहां पास में मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जिसका एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठबंधन सहयोगी इंडियन नेशनल लीग (आईएनएल) ने आईयूएमएल नेता पर निशाना साधा है, वहीं कांग्रेस और आईयूएमएल ने थंगल का बचाव करते हुए कहा कि वह नफरत और समाज को बांटने के प्रयासों से संबंधित अभियान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मंजेरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, थंगल ने कहा था कि राम मंदिर एक वास्तविकता है और देश की बहुसंख्यक आबादी उसमें श्रद्धा रखती है।

थंगल ने वीडियो में कहा-हमें इसका विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है। मंदिर, अदालत के आदेश के आधार पर बना और बाबरी मस्जिद का निर्माण होने वाला है। ये दोनों अब भारत का हिस्सा हैं। राम मंदिर और प्रस्तावित बाबरी मस्जिद हमारे देश की धर्मनिरपेक्षता को मजबूत बनाने के दो सबसे अच्छे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा-हम जानते हैं कि इसे (बाबरी मस्जिद को) कारसेवकों ने नष्ट कर दिया था और हमने उस समय इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने इस मामले में परिपक्वता दिखाई। आईएनएल के केरल राज्य सचिवालय के सदस्य एन. के. अब्दुल अजीज ने कहा कि राजनीतिक नेता इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं हैं कि गांधी का 'राम राज्य' आरएसएस के 'राम राज्य' से अलग है।

पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

भड़काऊ भाषण मामला

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 5 को चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

रांची। झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

फगवाड़ा में अनैतिक व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा निगम शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे की समस्या सहित अवैध गतिविधियों की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया जो शनिवार तड़के तक जारी रहा। श्री वात्सल्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि 13 लड़कों और 13 लड़कियों (जिनमें नौ विदेशी नागरिक और चार भारतीय नागरिक शामिल हैं) को दो अलग-अलग मामलों में धारा 3,4,5,7,8 अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ पासपोर्ट, 29 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 45,000 रुपये बरामद किए गए।

कांग्रेस आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के 'जल-जंगल-जमीन' और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय

सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गोविंदपुर से शुरू हुई यात्रा सरायढेला, आईआईटी-आईएसएम गेट, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक चौक से गुजरी और बैंक मोड़ पहुंची जहां राहुल ने एक रैली को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा बोकारो जिले की ओर बढ़ी। बोकारो जाने के रास्ते में राहुल ने धनबाद जिले के गोधर काली बस्ती में कोयला खनिकों से बातचीत की।

राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांत को कमजोर करता है: खरगे

त्रिशूर (केरल)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा आयोजित एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-राज्य शासन और स्वायत्त निकायों में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है, जिसमें राज्यपालों का हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कम करने का प्रयास शामिल है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व 'रिसाव' को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है। इसमें प्रत्येक ऐसी मशीन के पंजीकृत नहीं होने पर एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा कुछ मामलों में ऐसी मशीनों को जब्त भी किया जा सकता है। जीएसटी परिषद की सिफारिश के आधार पर कर अधिकारियों ने पिछले साल तंबाकू विनिर्माताओं द्वारा मशीनों के पंजीकरण के लिए एक विशेष प्रक्रिया अधिसूचित की थी।

बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

नई दिल्ली। बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, पुणे के ऋणदाता बीओएम ने तिमाही के दौरान जमा में 17.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से

19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा

स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

दक्षिण कोरिया से चावल झींगा के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है भारत

नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय

अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

अडाणी समूह गुजरात में बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा तांबा संयंत्र

नई दिल्ली। अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाला समूह गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र बना रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस संयंत्र से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार हो रहा यह संयंत्र मार्च के अंत तक पहले चरण का परिचालन शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र मार्च, 2029 तक पूर्ण पैमाने पर 10 लाख टन क्षमता के साथ परिचालन शुरू करेगा।

एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

पीएलआई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के तरीकों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग के खिलाड़ियों ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग बढ़ाने और एक स्पष्ट कार्रवाई योजना बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों सहित लगभग 1,200 प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन योजनाओं के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए रणनीति पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए 3 फरवरी को बैठक की।

आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक

साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।

गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का कैंसर से निधन

विंडहोक। नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगोब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

20 साल का हुआ फेसबुक

2 अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।

मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।

2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

4/2/2004 को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

9 साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

2012 में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

एक नजर

श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तनीयों को करे रिहा

गाजा। हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटर: क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रहा। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।

केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी

तिरुवनंतपुरम। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी शनिवार को केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी

अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है।

बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है। पेंसिल्वेनिया के सर्वे में भी बाइडन, ट्रंप से आगे हैं। साउथ कैरोलाइना में हुए डेमोक्रेट प्राइमरी इलेक्शन में जो बाइडन को जीत मिली है। इसके साथ ही वह पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी में शीर्ष पर बने हुए हैं।

एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▸▸ साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद

साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे।



उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

अठखेलियां करते सैलानी...

मनाली : हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया।। ● एजेंसी

रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए।

रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।

असुरक्षा हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।

कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

कश्मीर एकजुटता दिवस का विरोध करने वालों को दी हमले की धमकी

गिलगित बाल्टिस्तान, एजेंसी

▸▸ वीडियो संदेश से दी गई हमले की धमकी, कहा- सुन लो मॉस्को वाले और राम वाले

आज दुनिया भर के कई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे। बता दें कि इसी दिन कश्मीर एकजुटता दिवस भी है जिसके विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। इन सबके बीच सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों को उस दिन विरोध न करने की धमकी दी गई है।

वीडियो में एक व्यक्ति को यह दावा करते हुए देखा जा सकता है कि वह सैकड़ों लोगों के साथ पीओके के इलाके में घूमेगा और प्रदर्शनकारियों पर हमला करेगा और कोई भी उन्हें रोकने में सक्षम नहीं होगा। वीडियो के साथ पोस्ट किए गए विवरण में दावा किया गया है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन से संबंधित है। वीडियो में एक व्यक्ति कहता हुआ नजर आ रहा है कि '5 फरवरी के विरोध में, चाहे वह मॉस्को के लोग हों या कोई अन्य संगठन हो, मैं खुले तौर पर यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने सैकड़ों लोगों के साथ शहर में प्रवेश करूंगा और अगर कोई मुझे रोक सकता है तो रोक कर दिखाए।' इस बीच, दुनिया भर के कई कार्यकर्ताओं ने कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने का विरोध करने की घोषणा की है। इससे पहले, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) जैसे राजनीतिक दलों ने संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के साथ एकजुटता दिखाते हुए तथाकथित 'कश्मीर एकजुटता दिवस' का विरोध करने के लिए लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग पर प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की थी।